रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹ 75600 10 ग्राम

₹ 95000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,520.38 | 86.450 |
| +115.39 | 0.000 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 350, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 रोहित की फॉर्म खराब, रणजी...

रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 27.0° | अधिक. | 29.2° |
| न्यून. | 10.3° | न्यून. | 12.0° |

## राम गोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में तीन महीने की सजा



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म निर्देशक और प्रोड्यूसर राम गोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को तीन महीने की सजा सुनाई है। यह मामला सात साल पुराना है, लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने राम गोपाल वर्मा को दोषी ठहराया है। अदालत ने राम गोपाल वर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया है, क्योंकि वह सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

## कपिल शर्मा व राजपाल सहित चार को मिली धमकी, जांच जारी

**मुंबई।** फिल्म जगत के चार कलाकारों को पाकिस्तान से ईमेल पर जान से मारने की धमकी मिली है। इनमें अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा, अभिनेता राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और अभिनेता-गायिका सुगंधा मिश्रा के नाम शामिल हैं। फिल्म अभिनेता राजपाल यादव की मेल पर आई इस धमकी के मामले में अंबोली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने गुरुवार को एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दियौ। परीक्षा में 21 हजार 581 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। यह परीक्षा 912 केंद्रों पर 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें कुल तीन लाख 28 हजार 990 अभ्यर्थियों ने पीटी की परीक्षा दी थी।

## राष्ट्रपति ने तीन हाई कोर्ट के लिए पांच जजों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन हाई कोर्ट के लिए पांच जजों की नियुक्ति की है। गुरुवार को जारी अधिसूचना में राष्ट्रपति ने राजस्थान हाई कोर्ट के लिए तीन और इलाहाबाद हाई कोर्ट और बांबे हाई कोर्ट के लिए एक-एक जज की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने राजस्थान हाई कोर्ट के लिए जिन जजों की नियुक्ति की है उनमें चंद्रशेखर शर्मा, प्रमील कुमार माथुर और चंद्र प्रकाश श्रीमाली शामिल हैं।

### सोरेन ने 'पराक्रम दिवस' पर सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

# झारखंड से नेताजी का रहा गहरा रिश्ता : सीएम



**बोले मुख्यमंत्री**

- पराक्रमी नेताजी ने देश की आजादी की लड़ाई को दी थी नई ताकत
- जब तक यह देश रहेगा, सुभाष चंद्र बोस का नाम अमर रहेगा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर गुरुवार को उन्हें पूरा राष्ट्र नमन कर रहा है। यह दिवस 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड से नेताजी सुभाष चंद्र बोस का गहरा रिश्ता रहा है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसी विभूति एवं पराक्रमी पैदा हुए, जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई को नई ताकत दी थी।

झारखंड, बिहार, बंगाल तथा ओडिशा से नेताजी का खासा रिश्ता रहा है। यहां के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से उनकी कई यादें जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि नेताजी के विचार और आदर्श आज भी लोगों की आवाज, आत्मविश्वास और ताकत को बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब तक यह देश रहेगा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम अमर रहेगा। नेताजी को शत-शत नमन।

इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो के रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, रांची के केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला संयोजक मंडली सदस्य बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, कलाम आजाद और पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आतंकी धमकी के बाद पंजाब सीएम का कार्यक्रम बदला



**चंडीगढ़।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने गणतंत्र दिवस के मौके पर फरीदकोट में धमाका करने की धमकी दी है। इस धमकी को देखते हुए पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यक्रम का स्थान बदल दिया है। मुख्यमंत्री अब फरीदकोट की बजाए मोहाली के ध्वज फहराएंगे। पंजाब सरकार ने गुरुवार को नया कार्यक्रम जारी किया है। इससे पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भगवंत मान को पंजाब के फरीदकोट में ध्वज फराहना था। फरीदकोट में अब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां तिरंगा फहराएंगे। पंजाब पुलिस ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ फरीदकोट में मामला दर्ज कर लिया है।

# बरवाडीह अंचल के सीआई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क



गिरफ्तारी के बाद हंसते हुए अंचल निरीक्षक.

**लातेहार।** लातेहार जिले के बरवाडीह अंचल में पदस्थापित अंचल निरीक्षक सुरेश राम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुवार को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अंचल निरीक्षक (सर्किल इंस्पेक्टर या सीआई) सुरेश राम एक महिला से जमीन के म्यूटेशन के लिए रिश्वत ले रहे थे। इसी मामले में सुरेश राम को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बरवाडीह की एक महिला ने एसीबी पलामू की टीम को इस संबंध में शिकायत की थी। महिला ने एसीबी को बताया था कि उन्होंने 30 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इस जमीन के म्यूटेशन के लिए सीआई सुरेश राम उनसे एक लाख रुपये रिश्वत मांग रहा था। महिला ने कहा था कि अंचल निरीक्षक एडवांस में 20 हजार रुपये की मांग कर रहा है। महिला द्वारा की गई शिकायत के बाद एसीबी की एक टीम बनी। एसीबी ने पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन की। जब मामला पूरी तरह सत्य पाया गया, तो एसीबी की टीम ने आरोपित सुरेश राम को रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को एसीबी की टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। आरोपित ने जैसे ही पैसे अपने हाथ में लिए, वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क हादसे में रांची जेल के एक सुरक्षाकर्मी की मौत

- एक अन्य सुरक्षाकर्मी घायल बाइक से जा रहे थे दोनों
- बाबा चौक के पास एक तेज रफ्तार ने वाहन ने कुचला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों सुरक्षाकर्मी बाइक से बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे सुरक्षाकर्मी समीर कुमार राय (49) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे सुरक्षाकर्मी चंद्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। समीर राय और चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम के रहने वाले हैं। सुरक्षाकर्मियों को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

# नामकुम में बदमाशों ने पंचायत मुखिया को मारी गोली, घायल

- रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में बदमाशों ने गुरुवार को एक पंचायत मुखिया को गोली मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुखिया को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाश नामकुम के हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को अरविंद टेक्सटाइल के पास गोली मारकर फरार हो गए।

ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। पूरे मामले की जांच पड़ताल चल रही है। ग्रामीण एसपी ने कहा कि मामला पंचायती का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गोली मारने वाला व्यक्ति पंचायती से नाखुश था। विस्तृत जानकारी जांच के बाद ही मिल पाएगी।

इधर, थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मुखिया का अपने गांव में ही जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बंटवारे के विवाद को लेकर ही मुखिया पर फायरिंग की गई है। गोली मारने वाले बदमाशों की पहचान भी हो गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाबूलाल ने सरकार को कानून व्यवस्था पर घेरा



**रांची।** नामकुम स्थित हाहाप पंचायत के मुखिया पर हुए गोलीबारी को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि रांची के नामकुम प्रखंड स्थित हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप पर हमला प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मरांडी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के ऊपर बढ़ते जानलेवा हमले प्रदेश की कानून व्यवस्था का हाल बयां कर रहे हैं। कुछ माह पहले ही धुर्वा में पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बावजूद, सरकार और पुलिस विभाग ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। उन्होंने कहा कि दुर्दांत अपराधियों को संरक्षण देने के बजाए कठोर कार्रवाई की जाए, तब ही प्रदेश की जनता सुख-चैन से रह सकती है।

## आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में मिल सकती है छूट : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी 'नोमुरा' ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार आगामी 2025-26 के आम बजट में उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव कर सकती है। साथ ही, इस नोमुरा द्वारा यह अनुमान भी लगाया गया कि बजट में सरकार द्वारा राजकोषीय समेकन और विकास का समर्थन करने वाले उपायों दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म को उम्मीद है कि भारत वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पार कर जाएगा और घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पहले के 4.9 प्रतिशत के पूवार्नुमान से थोड़ा कम है। यह बदलाव पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) खर्च में कमी के कारण हुआ है। वित्त वर्ष 2026 के लिए नोमुरा का अनुमान है कि पूंजीगत व्यय जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहेगा, जो भारत के मध्यम अवधि के लक्ष्यों के अनुरूप है।

# अमानत बराज के निरीक्षण के दौरान मधुमक्खियों का हमला

- वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को हुई परेशानी

नवीन मेल डेस्क

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यों के निरीक्षण के दौरान गुरुवार को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के इस हमले के कारण वित्त मंत्री को निरीक्षण कार्यक्रम को बीच में ही रोक कर वापस लौटना पड़ गया। इसमें कई अधिकारी और अन्य लोग जख्मी हो गए। ज्ञात हो कि अमानत नदी बराज पलामू जिले के पांकी प्रखंड में बन रहा है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पांकी में अमानत नदी बराज के अधूरे कार्यो का निरीक्षण करने दोपहर में पहुंचे थे। बराज का निर्माण कार्य करीब दो दशक से लंबित है। वित्त मंत्री बराज के पुल पर चढ़ कर हालात का जायजा ले रहे थे। वे प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच, अचानक मधुमक्खियां ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचाव के लिए मंत्री राधा कृष्ण किशोर को अपना सिर मफलर से ढकना पड़ा। उन्हें तुरंत गाड़ी में बैठाया गया और रवाना किया गया। डीसी, डीडीसी, एसडीओ एवं अन्य

शेष पेज 11 पर



## 15 फरवरी तक पूरी करनी है अधिग्रहित जमीन के मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को पांकी बराज का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि सबकुछ ठीकठाक रहा, तो लंबित पांकी अमानत बराज के अधूरे कार्य पर आगामी 15 फरवरी के बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधित मामलों के निपटारे के लिए इसी महीने 30, 31 जनवरी और एक फरवरी को बराज परिसर में विशेष कैंप लगाया जाएगा। जिन ग्रामीणों की जमीन बराज निर्माण क्षेत्र में अधिग्रहित की गई है, वे इस कैंप में शामिल होकर मुआवजा भुगतान से संबंधित अपना दावा कर सकते हैं। 15 फरवरी तक मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर लेनी है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# ट्रंप के लिए भारत की अवहेलना संभव नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सोशल मीडिया में ट्रंप के शपथ ग्रहण में मोदी को न बुलाकर भारत को बुलाने का मुद्दा छाया हुआ है।कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने, मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदल कर अमेरिका की खाड़ी रखने और ग्रीनलैंड को डेनमार्क से खरीदने जैसी बातें कहने वाले ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को लेकर एक अनिश्चितता व बेचैनी जैसा माहौल है, लेकिन इन सबके बीच जो एक देश आश्वस्त हो सकता है, वह भारत ही है। हालांकि, भारतीय निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने, अवैध अप्रवासियों को वापस भेजने की धमकी और एच1बी वीजा के अनुदान को कड़ा करने संबंधी कुछ प्रश्न हों, लेकिन फिर भी भारत को ज्यादा चिंता करने की जरूरत न होने की कुछ वजहें हैं। सबसे बड़े बाजार भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए अमेरिकी कांग्रेस और सीनेट में दोनों दलों का समर्थन जारी है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका के अपने कथित रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। ट्रंप को पता है कि भारत के अलावा दूसरा कोई ऐसा देश नहीं है, जो चीन का मुकाबला कर सके, जिसने पड़ोसियों के खिलाफ अपने आक्रामक रुख को कम नहीं किया है और न ही दक्षिण चीन सागर में अपने एकतरफा दावों को छोड़ा है।

हिंद-प्रशांत, क्वाड, जी-20, आई2यू2 व आईएमईसी और औपचारिक सहयोगी नहीं होने के बावजूद जब भी जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया भारत सहयोगी साझेदार रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत-अमेरिका रक्षा व्यापार में तेजी आ रही है; भारतीय थल सेना, वायुसेना और नौसेना के पास बड़े भंडार हैं, जिससे अमेरिकी रक्षा निर्माण कंपनियों को बड़े अनुबंध मिलेंगे, नौकरियां पैदा होंगी और ट्रंप खुश रहेंगे। अगर ट्रंप ज्यादा अमेरिकी रक्षा निर्माताओं को भारत में उत्पादन शुरू करने के लिए प्रेरित करते हैं, तो रक्षा संबंध और भी गहरे हो जाएंगे, जैसे कि तकनीक हस्तांतरण के साथ जीई ने एचएएल के साथ जीई एफ 414 जेट इंजन बनाने के लिए समझौता किया है, जो बाइडन के कार्यकाल में हुआ था। अगस्त, 2024 में हस्ताक्षरित दो समझौतों-आपूर्ति सुरक्षा समझौता (एसओएसए) और संपर्क अधिकारी नियुक्ति समझौता (एएलओ) से भी रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के अनुसार, 2023-24 में, 118.2 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था, और भारत के पक्ष में 36.8 अरब अमेरिकी डॉलर का अधिशेष था। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य रहा, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 17 फीसदी हिस्सा है।



हालांकि, भारत को स्वेच्छा से कुछ चुनिंदा आयातों पर शुल्क कम करना चाहिए; कई उत्पादों पर हमारी शुल्क दरें आसियान देशों द्वारा लगाए गए शुल्कों से बहुत अधिक हैं। बदले में, हमें कई भारतीय निर्यातों के लिए बहुत आसान बाजार पहुंच की मांग करनी चाहिए। वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा के साथ भारत को ट्रंप द्वारा पहले कार्यकाल के दौरान खत्म की गई जीएसपी व्यवस्था की बहाली की मांग नहीं करनी चाहिए। पहले कार्यकाल में उनके दबाव के कारण ही हमने ईरान से तेल आयात बंद कर अमेरिका से तेल और गैस खरीदना शुरू कर दिया था, जिससे भारत का निर्यात बढ़कर 14.3 अरब डॉलर हो गया है; उनके दूसरे कार्यकाल में इस व्यापार के और अधिक बढ़ने की संभावना है।बाइडन के राष्ट्रपतित्व काल में भारतीय और अमेरिकी एनएसए द्वारा हस्ताक्षरित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी), दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग का प्रेरक इंजन बनने जा रहा है, क्योंकि यह वायरलेस दूरसंचार, एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करता है और सरकारों, उद्योगों, शिक्षाविदों, स्टार्टअपों को एक मंच पर लाता है। भारत को ट्रंप 2.0 के तहत और अधिक समझौतों की आवश्यकता है, जैसे कि बाइडन के नेतृत्व में चिप निर्माण और सेमीकंडक्टर निर्माण समझौते किए गए थे। सबसे बढ़कर, 40 लाख सशक्त, अमीर और प्रभावशाली भारतीय अमेरिकी दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत पुल का निर्माण करते हैं। ट्रंप पारंपरिक राजनेताओं के किसी भी सांचे में फिट नही बैठते हैं। वह एक अरबपति से राजनीतिज्ञ बने, राष्ट्रपति बने। उनकी धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए, लेकिन यही तो उनकी शैली है। ट्रंप अपने भड़काऊ बयानों से अपने समकक्षों को परेशान करते हैं और उन्हें सौदे करने के लिए मजबूर करते हैं। अपने पहले कार्यकाल में, कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ उनकी शुरुआती धमकियों ने उन्हें संशोधित नाफ्टा पर सहमत होने के लिए मजबूर कर दिया था। और चीन भी अमेरिकी निर्यात को चीन में आने देने के लिए सहमत हो गया।अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत अरुण के सिंह को लगता है, 'वह अपने दोस्तों, भागीदारों और कमजोर देशों को धमकाते रहे हैं और ताकत का दिखावा भी करते रहे हैं।' सौभाग्य से, हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके साथ उन्होंने व्यक्तिगत गर्मजोशी वाला तालमेल विकसित किया है। 'हाउडी मोदी' (सितंबर 2019) भारतीय अमेरिकियों का सबसे बड़ा समागम था, जिसमें कभी ट्रंप ने भाग लिया था। यह देखना आश्चर्यजनक था कि एक भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका में 50,000 लोगों की भीड़ के सामने अमेरिकी राष्ट्रपति का परिचय करा रहे थे। और अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में मोदी द्वारा आयोजित नमस्ते ट्रंप (फरवरी 2020) एक कदम और आगे बढ़ गया। 1,25,000 भारतीयों ने ट्रंप का ऐसा स्वागत किया, जो उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी नहीं देखा था। फिर आगरा में ताजमहल के लॉन में मेलानिया के साथ सैर ने उनके लिए शायद जीवन भर की यादें छोड़ दी होंगी। ट्रंप के फंडे स्पष्ट हैं : जो लोग अमेरिका से कुछ चाहते हैं, उन्हें कुछ देने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए, हमें सौदेबाजी और समझौता करने के लिए तैयार रहना चाहिए। लेकिन हमें बहुत ज्यादा चिंतित नहीं होना चाहिए, पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत के बाद ट्रंप ने खुद कहा था कि वह एक सख्त वार्ताकार हैं!

## आदिवासी युवती की हत्यारोपी को जमानत देने से एससी का इनकार

रांची (आईएएनएस)



- शव के 50 टुकड़े कर जहां-तहां फेंक दिए गए थे
- शादी के महज डेढ़ महीने बाद कर दी गई थी हत्या

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के साहिबगंज में आदिवासी युवती रेबिका पहाड़िन की हत्या के बाद उसके शव के 50 से ज्यादा टुकड़े करने की वारदात के आरोपी मो. मुस्तकिम अंसारी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र की बेंच ने गुरुवार को आरोपी की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी। इसके पहले, झारखंड हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने भी जमानत की याचिकाएं निरस्त कर दी थीं।

यह वारदात 16 दिसंबर 2022 को हुई थी। साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र निवासी आदिम पहाड़िया जनजाति की 22 वर्षीया रेबिका की हत्या उससे महज डेढ़ महीने पहले शादी रचाने वाले दिलदार अंसारी और उसके परिवार के लोगों ने कर दी थी। इसके बाद बेहद क्रूरता के साथ उसकी लाश के 50 टुकड़े कर दिए थे। मामला तब सामने आया था, जब जहां-तहां फेंके गए उसके शव के टुकड़े कुत्ते खा रहे थे। वारदात सामने आते ही पुलिस ने दिलदार अंसारी, उसके पिता मो. मुस्तकिम अंसारी, मां मरियम खातून, पहली पत्नी गुलेरा अंसारी, भाई अमीर अंसारी, महताब अंसारी, बहन सरेजा खातून सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस वारदात के मास्टरमाइंड मोइनुल अंसारी को करीब दो माह बाद दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों में से तीन आमिर हुसैन, महताब और गुलेरा को झारखंड हाईकोर्ट ने बाद में जमानत दी थी, जबकि अन्य आरोपी अभी भी जेल में बंद हैं। रेबिका पहाड़िन के साथ मो. मुस्तकिम अंसारी के पुत्र दिलदार अंसारी का कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने फिर शादी कर ली। दिलदार पूर्व से ही शादीशुदा था। इसे लेकर दिलदार के परिजन नाखुश थे। घरवालों की नाराजगी के कारण दिलदार रेबिका को बोरियो में एक अलग मकान में रखता था।

शेष पेज 11 पर

# परंपरा तोड़ परिवर्तन लाने वाले महामानव थे सुभाषचंद्र बोस : डॉ रवींद्र कुमार राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश कार्यालय में भी उनके चित्र पर श्रद्धांजलि दी गई,नमन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वरुण साहू सहित कमाल खान,लक्ष्मीचंद्र दीक्षित,अरुण झा,इंद्रजीत यादव,अरुण चंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे। मौके पर डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भारतीय राष्ट्र जीवन में सुभाष चंद्र बोस एक महानायक थे जिन्होंने भारत की राजनीति और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।उन्होंने कहा 1893 में स्वामी विवेकानंद ने विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक ध्वजा को दिग्विजयी बनाया वही गुलाम भारत में आजादी के ध्वज को सुभाष बाबू ने ऊंचा किया। उन्होंने कहा कि सुभाष बाबू परंपरा तोड़कर परिवर्तन के महानायक थे। कहा कि झारखंड की धरती से सुभाष बाबू का गहरा संबंध है। इस धरती से उन्होंने ने राजनीतिक इतिहास रचा है। कहा कि कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया के खिलाफ परंपरा को तोड़कर उन्होंने



रामगढ़ अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़े और जीत भी दर्ज की जिसे दकियानूसी कांग्रेस पचा नहीं पाई। यह इतिहास में बड़ी राजनीतिक घटना है।कहा कि आजाद हिंद फौज की स्थापना कर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज के पुण्य अवसर पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए झारखंड वासी विकसित झारखंड बनाने का संकल्प लेते हैं।

## भाकपा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई

**रांची।** भाकपा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती रांची स्थित सीपीआई के राज्य कार्यालय के सभागार में मनाई गई। सीपीआई के नेताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण



कर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना आज भी अधूरा है। जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का रांची से विशेष लगाव रहा हैं, आजादी की लड़ाई के दरमियान कई बार रांची आगमन हुआ और रुकना हुआ है। जिन जगहों पर रुके थे। उन स्थानों को झारखंड सरकार संरक्षित करे और उनके जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल कर सम्मान दे। आज देश के अंदर जाति धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है लेकिन धर्म की घुट्टी पिलाकर केंद्र सरकार लोगों को बरगला रही है।

# नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई। प्रातःकालीन सभा में विद्यालय की सभी शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक लघुनाटिका के माध्यम से नेताजी और महात्मा गांधी के परस्पर संवाद प्रस्तुत किए,जो स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से उजागर करता है। कक्षा तीसरी के छात्र वरेण्यं आर्य ने नेताजी के जीवन मूल्य को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने अपने संदेश में कहा, नेताजी सुभाषचंद्र बोस असाधारण व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता के धनी थे। वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष के लिए जापान के सहयोग से 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया। उनका दिया हुआ नारा 'जय हिंद' आज भारत का राष्ट्रीय नारा बन चुका है।

### कॉसमॉस यूथ क्लब ने नेताजी की जयंती मनाई

## कॉसमॉस यूथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया स्थापना दिवस

**रांची।** लालपुर के देबुका लेन स्थित कॉसमॉस यूथ चैरिटेबल ट्रस्ट का स्थापना दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि सुप्रियो भट्टाचार्या ने झंडातोलन किया। वहीं नेताजी के इतिहास पर प्रकाश डाला। क्लब के फाउंडर देवाशीष राय, प्रेसिडेंट कौशिक चक्रबर्ती, सागरिका सरकार, वीणाश्री,जीत बनर्जी, श्रुति चक्रवर्ती,समाजसेवी शिव किशोर शर्मा, पिया बर्मन आदि मौजूद थे।





### राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

# कार्यक्रम में भाग लेने वालों का विशेष ध्यान रखें पदाधिकारी : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाना है। श्री कुमार गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के क्रम में उक्त बातें कहीं। के. रवि कुमार ने पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अन्य जिलों के उपायुक्त, पदाधिकारी एवं बीएलओ भी सम्मिलित होंगे। निर्वाचन में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया जाना है। उनके आने जाने एवं ठहरने की व्यवस्था को पूर्ण कर लिया जाए। कार्यक्रम में कॉलेज एवं एनएसएस के बच्चे, नए मतदाता, वृद्धि मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता आदि भी सम्मिलित होंगे उन सब के लिए पेयजल, शौचालय एवं भोजन आदि की व्यवस्था का



पदाधिकारी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम में लोगों को निर्वाचन के दौरान हुए कार्यों एवं बीएलओ के प्रयासों से अवगत कराने के उद्देश्य से वीडियो, बैनर आदि का डिस्प्ले किया जाए साथ ही सम्मानित होने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बीएलओ के स्वागत की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर रांची जिले के उपायुक्त श्री मंजू नाथ भजंत्री, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता, रांची जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक कुमार सुमन सहित रांची यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय सरना समिति भारत का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

## सरकार सभी वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति ,भारत के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगो से संबंधित



एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है क्योंकि बिना समाज को मजबूत किए राज्य को मजबूत नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक-अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, अमर उरांव, राजू मंडल, शिवा कच्छप, प्रदीप तिर्की, सोनू मुंडा, झरी मुंडा, राजेश तिर्की, हेमन्त गाड़ी, चिंतामणि सांगा, सुलोचना खालखो, सावित्री कच्छप, लाली कच्छप, संजना उरांव, मधु तिर्की, प्रीति कच्छप और सायरा कच्छप प्रमुख रूप से शामिल थे।

# आईएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी प्रमाण पत्र पर विवाद, भाजपा ने उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम में एक आईएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले पर प्रदेश भाजपा ने सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने सरकार से चार महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। पूछा है कि रांची नगर निगम ने तीन में से किस प्रमाण पत्र को वैध ठहराया और किन्हें रद्द किया? यह निर्णय किस आधार पर लिया गया कि कौन सा प्रमाण पत्र असली है और कौन सा फर्जी? जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते समय एक शपथ पत्र देना अनिवार्य होता है। कहा कि यदि फर्जी शपथ पत्र दिया गया था, तो क्या नगर निगम ने संबंधित आईएएस अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज किया है? तीसरा सवाल है कि नगर निगम के उस अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई जिसने तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किए और उन्हें



सत्यापित किया? जिस ऊंचे पद पर संबंधित आईएएस अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं, उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कौन सी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है? क्या ऐसे अधिकारी के भरोसे झारखंड का पूरा वित्त विभाग चलाया जाएगा?

**झारखंड में कानून के राज का खुलेआम मजाक**

अजय साह ने कहा कि झारखंड में कानून के राज का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। आम जनता और बड़े अधिकारियों के लिए अलग-अलग कानून लागू किए जा रहे हैं।

### कांग्रेस भवन में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई, वक्ताओं ने कहा

## नेताजी त्याग एवं अनुशासन के प्रतिमूर्ति थे

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस भवन में नेताजी सुभास चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस त्याग एवं अनुशासन के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश की आजादी के लिये अपने सारे सुख-वैभव का त्याग कर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए कठिन से कठिन मार्ग को अपनाया एवं अंग्रेजों को अपने नाम का लोहा मनवाया। उन्होंने इसी उद्देश्य से आजाद हिन्द फौज का गठन किया एवं नारा दिया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उनमें युवाओं को संगठित कर राष्ट्र के प्रति समर्पित करने की अपूर्व क्षमता थी। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आज भी भारत वासियों के हृदय पटल पर अंकित है। नेताजी स्वयं में महान थे और उनका त्याग और बलिदान देश के मिट्टी में रचा बसा है। भारतवर्ष की भावी पीढ़ी के लिए वे सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगें। उनके आदर्शों पर चलकर जनता देश के कल्याण के लिए कटिबद्ध रहेगी।

# मोटे अनाज का उत्पादन भविष्य की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जैविक खेती और श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार का 23 से 25 जनवरी तक बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित देशभर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड के स्टॉल का उदघाटन कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस मौके पर विभागीय सचिव अबुबकर सिद्दीकी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस वृहद आयोजन के लिए कर्नाटक सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड और कर्नाटक के बीच कई तरह की समानताएं हैं। खासकर मिलेट की बात करें तो दोनों राज्य में ये समान रूप से देखने को मिलेगा। मोटे अनाज का उत्पादन भविष्य की जरूरत है। पौराणिक काल से झारखंड और कर्नाटक में मिलेट के उत्पाद और उपयोग की परपंरा रही है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ये गर्व की बात है कि अभी भी आदिवासी समाज मिलेट की खेती से जुड़े हैं। इसके साथ ही उन्हें इस बात का गर्व है कि वह



आदिवासी समाज के उरांव जाति से आती हैं। मिलेट हमारे भोजन का मुख्य अनाज है। मिलेट को एक समय में गरीबों का भोजन कहा जाता था। आज लोग इसकी जानकारी भी ले रहे हैं और इसे बड़े चाव से खा भी रहे हैं। पूरे देश में झारखंड और कर्नाटक ऐसे दो राज्य हैं, जो मिलेट का उपयोग कर रहे हैं।

बदलते समय में चावल और गेहूं को भी मुख्य आहार के रूप में लोगों ने अपनाया है। वैसे हमारे स्वास्थ्य और मौसम के लिहाज से मोटा अनाज ज्यादा फायदेमंद है। इसको आसानी से लगाया जा सकता है। चावल और गेहूं की तुलना में अब देश की सरकारें मोटे अनाज को बढ़ा देने में जुटी हैं। मोटे अनाज की क्रांति हमारे आने वाले भविष्य के लिए जरूरी है। झारखंड और कर्नाटक सरकार मिलकर ऐसे किसानों को सहयोग कर सकती है जो मोटे अनाज के फसल से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मिलेट पॉलिसी के तहत किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोटे अनाज के लिए बाजार मुहैया कराने में ये नीति कारगर साबित होगी। झारखंड मिलेट मिशन के तहत किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, वैसे एफपीओ को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो मोटे अनाज की खेती से जुड़े हैं। इस मिशन की सफलता में आईसीआर, आईएमआर, स्टेट यूनिवर्सिटी की बड़ी भूमिका रहेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि गुमला में मड़ुआ की खेती पर हावर्ड यूनिवर्सिटी स्टडी कर रहा है। जहां मोटे अनाज की खेती हो रही है, ऐसे जिले कुपोषण से लड़ने में मददगार साबित हो रहे हैं। इस मुहिम को राज्य स्तर से ऊपर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

## मंईयां सम्मान के 2500 रुपए का सही इस्तेमाल करें महिलाएं : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की आभार सह संवाद सभा गुरुवार को गिरिडीह जिले के बेंगाबाद के रातडीह में हुई। सभा में हजारों की भीड़ जुटी। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन मार्मिक बातें संथाली और हिंदी कहीं। कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाले 2500 रुपए का महिलाएं सही इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना था कि महिलाओं को सम्मान मिले और वे किसी पर निर्भर नहीं रहें। सरकार ने इसे पूरा किया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि किसी सूरत में झारखंड को झुकने नहीं दिया जाएगा। राज्य के बच्चे अपने हुनर से झारखंड का नाम रोशन करेंगे। हर बच्चे को यह साबित करना है कि वो भारतीय होने के साथ एक झारखंडी हैं।

मंत्री सुदिव्य ने भाजपा पर साधा निशाना





समारोह में मौजूद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में काफी अंतर है। वे जनता को सिर्फ बरगलाने का काम करते हैं। चुनाव में झामुमो ने भाजपा को तिनके की तरह उड़ा दिया। मौके पर झामुमो के गिरिडीह जिला अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव महालाल सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, विजय सिंह, मीना देवी, सुनील यादव, किशुन सोरेन, सुधीर रजवार, महेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## इको टूरिज्म को बढ़ावा देने नेतरहाट पहुंचे 50 कंटेंट क्रिएटर

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) और झारखंड पर्यटन निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में सीयूजे में आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कंटेंट क्रीऐशन कायशार्ला में शामिल 50 प्रतिभागी गुरुवार को फील्ड विजिट के लिए नेतरहाट पहुंचे। सभी समूहों ने नेतरहाट के विभिन्न क्षेत्रों के दृश्यों पर आधारित सोशल मीडिया सामग्री तैयार की। मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निरंजन कुजूर, सेरल मुर्मू, परवेज रहमान, मनीष कुमार, अजेंगा पमेई, ऋषि राज लामा मौजूद थे। प्रतिभागियों ने नेतरहाट के कोयल व्यू प्वाइंट, मैगनोलिया सनसेट प्वाइंट सहित अन्य मनोरम दृश्यों का लुत्फ उठाया।

### गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देने वाली झारखंड टीम का रक्षा राज्य मंत्री ने आवास पर किया अभिनंदन

# पीएम के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में अहम भूमिका निभाएगा झारखंड : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय आयोजन में प्रस्तुति देने वाले झारखंड से जुड़े टीम के कलाकारों और युवाओं का रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर अभिनंदन किया। इस दौरान झारखंड से जुड़े कलाकारों व युवाओं, बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां भी दी। प्रस्तुति के क्रम में कलाकारों ने छऊ, पाइका, झूमर, मुंडारी, उरांव, संथाली से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा इस कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय पटमदा की बेटियों का भी अभिनंदन किया गया, जो गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य मंच के सामने बैंड की प्रस्तुति देंगी। इस कार्यक्रम का संचालन एनसीसी के युवाओं ने किया। इस अभिनंदन कार्यक्रम में झारखंड के सांस्कृतिक क्षेत्र, एनसीसी सहित अन्य क्षेत्र की युवा टीम शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि झारखंड की अस्मिता को वैश्विक पटल पर ले जाने



वाली इस टीम का अभिनंदन कर रहा हूं। आपकी यह प्रस्तुतियां नई दिल्ली में झारखंड की अमिट छाप छोड़ने वाली है। श्री सेठ ने कहा कि भारतीय गणतंत्र दिवस के 75वें वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आप सब विकसित भारत के लक्ष्य को अपनी सांस्कृतिक, वैचारिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ पूर्ण करने को संकल्पित दिख रहे हैं। झारखंड सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहर, वीरता, शौर्य जैसे विषयों से हमेशा से समृद्ध रहा है। राष्ट्रीय पटल पर झारखंड की प्रस्तुतियां न सिर्फ भारत देखेगा बल्कि पूरी दुनिया देखेगी। श्री सेठ ने कहा किया यह एक ऐसा अवसर है जब झारखंड के युवा भारतीय गणतंत्र के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विकसित भारत को पूर्ण करने का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर बुलंदशहर के सांसद श्री भोला सिंह, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती आशा लकड़ा, विधायक श्री नागेंद्र महतो, भाजपा कार्यालय सचिव श्री शिवशक्ति नाथ बक्शी, पूर्व विधायक जीतू चरण राम सहित झारखंड से जुड़े कई अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# न्यूज बॉक्स

## संविधान की किताब लेकर घूमने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी जवाब दें : रविशंकर प्रसाद

**रांची/नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के तहत चलनेवाली राज्य सरकारों पर बड़ा सवाल किया। श्री प्रसाद ने झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सरकार द्वारा निलंबन वापसी करना और फिर पदस्थापन की प्रत्याशा में कार्मिक में पोस्टिंग करने पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28महीना पहले गिरफ्तार किया गया था।उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। पीएमएलए अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए थे।पिछले 28 महीने से जेल में रहने के बाद दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और उन्हें बहाल कर दिया गया। कहा एक आईएएस अधिकारी जिसके खिलाफ मुकदमा चल रहा है और पीएमएलए कोर्ट ने मामला दर्ज किया है, करोड़ों रुपये बरामद किए गए , जैसे ही उसे बहाल किया गया है जेल से बाहर आ गए...कांग्रेस भी झारखंड सरकार का हिस्सा है और उन्हें जवाब देना होगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मेरा सवाल राहुल गांधी से है जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं...हम इसकी निंदा करते हैं और कांग्रेस की ओर से एक जवाब की मांग करते हैं।

## अभिभावकों से नाबालिग को गाड़ी चलाने नहीं देने का आह्वान

**रांची।** एनएचएआई रांची परियोजना कार्यान्वयन प्रक्षेत्र की ओर से गुरुवार को रातू रोड के पिस्का मोड में ओटीसी ग्राउंड के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सदस्य रवींद्र तिवारी मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, नाबालिग को किसी भी हाल में गाड़ी चलाने के लिए नहीं देने व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आह्वान किया। सिटी एसपी ने लोगों को एमवी एक्ट के नियमों की जानकारी दी। परियोजना स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शहरवासियों से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन की सवारी पर सीट बेल्ट लगाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी शिव प्रकाश, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवि कुमार, पंडरा ओपी प्रभारी, आदित्य झा समेत अन्य ने अपने विचार रखे। इस मौके पर निःशुल्क नेत्र जांच व हेलमेट वितरण भी किया गया। परियोजना निदेशक एकता कुमारी ने आगतों का स्वागत किया।

## राज्यकर्मियों की मांगों को जल्द पूरा करे सरकार : महासंघ

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक कचहरी परिसर में संपन्न हुई। बैठक में एक स्वर से राज्य के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के हित में लिए गए निर्णय का स्वागत किया गया। महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने राज्य कर्मियों की विभिन्न मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की। इसमें राज्यकर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सभी कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की। सचिवालय से लेकर मुफस्सिल तक के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने, रिम्स की नर्सों को ओपीएस का लाभ देने, जनसेवकों को प्रोन्नति समेत अन्य मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम में साहेब राम भोक्ता, शैलेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, रामरेखा राय, आतिश झा, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, पूरन उरांव, जयराम प्रसाद, मृत्युंजय झा समेत कई कर्मचारी नेता व सदस्य उपस्थित थे। महासंघ की अगली बैठक दो फरवरी को होगी, जिसमें महासंघ की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## 31 साल पुराने मामले में सजायाफ्ता सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी बरी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सरकारी पद की आड़ में धोखाधड़ी करने के मामले में सजायाफ्ता रेलवे से सेवानिवृत्त अधिकारी रमेश चंद्र झा (82 वर्ष) को बड़ी राहत प्रदान की है। उनकी ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील को स्वीकार कर लिया है। सीबीआई के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने बीते 22 अगस्त को 31 साल पुराने मामले में दोषी पाकर रमेश चंद्र झा को 3 साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया था। जिसको चुनौती सीबीआई की विशेष अदालत में दी थी। रेलवे पटरियों के रखरखाव के संरक्षक रमेश चंद्र झा थे। वह दक्षिण-पूर्व रेलवे में परमानेंट वे इंस्पेक्टर के पद पर रहते हुए सही से सत्यापन नहीं किया, जिस कारण 28 वस्तुओं की भारी कमी पाई गई थी। इससे रेलवे को 38.54 लाख की क्षति हुई थी। इस आरोप में उनको सजा सुनाई गई थी।

## प्रवीण प्रभाकर ने सांसद चंद्रप्रकाश से की मुलाकात

**रांची।** आजसू पार्टी में घर वापसी के बाद प्रवीण प्रभाकर ने आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से गुरुवार को उनके रांची आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती और विधानसभा चुनाव के बाद के राजनीतिक परिदृश्य पर काफी देर चर्चा हुई। आगामी 27 जनवरी को धनबाद के पुटकी में आयोजित केंद्रीय सभा की बैठक और कोयलांचल में माफिया तत्वों द्वारा स्थानीय रैयतों के दमन और शोषण के मुद्दे पर आजसू की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने प्रवीण प्रभाकर की घरवापसी पर खुशी जताते हुए उनका स्वागत किया। सांसद ने कहा कि गोमिया विधानसभा के महुआडांड़ में उनके स्वर्गीय पिता की स्मृति में विद्यालय के उद्घाटन के कारण प्रभाकर की घर वापसी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए थे।

### जमीन कारोबारी मधुसुदन हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 4 गिरफ्तार, एक फरार

# 8 एकड़ जमीन के लिए 8 वर्ष बाद आरोपी करते थे फायरिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड कवाली में बीते 15 दिसंबर को हुए जमीन कारोबारी मधुसुदन की हत्या का गुरुवार को रांची पुलिस ने उद्भेदन किया। एसएसपी चन्दन सिन्हा के निर्देशन में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल और डीएसपी अरविन्द पांडेय के नेतृत्व में टीम का गठन कर घटना में शामिल शूटर समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मानवेल खलखो, अशोक सिंह, राजकिशोर राय और दीपक कुमार राय शामिल है।

एसएसपी चन्दन सिन्हा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बीते 15 दिसंबर को नामकुम स्थित रामपुर कवाली में जमीन कारोबारी मधुसुदन राय की गीली मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के द्वारा टीम का गठन कर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान बड़ा कवाली से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि एक आरोपी जो पूरी घटना का मास्टर माइंड भी है पुलिस की चंगुल से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध हथियार बरामद किए गए। दरअसल गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा फरार उमेश राय के साथ मिल कर 8 एकड़ जमीन के लिए कारोबारी मधुसुदन राय की गोली मार कर हत्या कर दी गई। उल्लेखनीय है कि सबसे पहले 2008 में फरार उमेश राय के द्वारा फायरिंग की गई थी। इस दौरान मृतक मधुसुदन को गोली ना लगकर उनकी पत्नी को लग गई थी, जिस कारण पत्नी की मौत हो गई थी। आरोपियों द्वारा फिर से 8 वर्ष बाद 2016 में गोली चलाई गई लेकिन इस बार भी मधुसुदन राय बच गए। हालांकि इसके अगले 8 वर्षों के बाद यानी 2024 में आरोपी अपने मनसूबे में कामयाब हो गया। नतीजन बीते 15 दिसंबर को गिरफ्तार चार आरोपी सहित फरार उमेश राय ने योजनाबद्ध तरीके से मृतक के ऊपर 10 गोलियां चलाई थी। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फरार आरोपी उमेश राय मृतक मधुसुदन का गोतिया है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## अभिनंदन

### राज्यपाल को ध्वजारोहण के लिए मिला आमंत्रण



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को संयुक्त रूप से राज्यपाल संतोष गंगवार को 26 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण हेतु आमंत्रण दिया।

### विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग ने राजू कुमार का किया दाह संस्कार

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग द्वारा हरमू मुक्तिधाम में राजू कुमार का दाह संस्कार किया गया। 54 वर्षीय राजू कुमार जो जनजातिय समाज से थे, उसकी मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हो गई. राजू कुमार पिछले पच्चीस वर्षों से अधिक समय से राधारानी कुष्ठ आश्रम में रहते थे। बीमारी के कारण घरवालों ने उन्हे त्याग दिया था और उन्होंने घर को,वह खुद भी भूल चुके थे कि वह कहां से है,विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के सेवा विभाग के विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने उनके विधिवत दाह संस्कार करने का बीड़ा उठाया,नारनौली अग्रवाल समाज के संतोष अग्रवाल जिन्होने अबतक 50 से अधिक अनाथ शवों का दाह संस्कार किया है। अपने अनुज राजेश अग्रवाल के साथ उनको मुखाग्नि दी और चिता को सजाया विजय मिंज ने. प्रकाश बजाज, ओम प्रकाश सर्राफ, जितेन्द्र महतो कांके, अभय मिंज, आशीष मिंज, मनोज मुंडा काटमकुल्ली पिठ़ुरिया, उत्तम साहू राहे, महेन्द्र लोहरा जगन्नाथपुर, विहिप के प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा, विहिप रांची महानगर के कैलाश केसरी, सेवा विभाग के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, चन्द्रभान तनेजा राधाकृष्ण मंदिर (बिरला मैदान) रातू रोड़ सूरज झंडई नानक सेवा जत्था सभी ने अंतिम संस्कार के समय उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की और उनकी सद्गति के लिए प्रार्थना की।



दिउड़ी मंदिर में पहुंचे महेंद्र सिंह धोनी, माता का लिया आशीर्वाद।

### एफजेसीसीआई की उद्योग समिति की बैठक

## सिंगल विंडो सिस्टम कारगर नहीं : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उद्योग उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने सिंगल विंडो सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ ही नियमित रूप से इसके समीक्षा की बात कही। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि व्यवस्था ऐसी हो कि आवेदक को स्वतः इसकी जानकारी मिले कि उनका आवेदन कहां पेंडिंग है। यदि सिंगल विंडो रेगुलराइज हो जाय तो 80 फीसदी समस्याएं स्वतः खत्म हो जायेंगी और हम समस्याओं से उठकर डेवलपमेंट की पहल कर पायेंगे। विभिन्न सेक्टर के कार्य में संग्लन उद्यमियों से फीडबैक लेकर सरकार को अवगत कराने पर भी सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि उद्यमियों की कठिनाइयों का त्वरित समाधान होने से राज्य में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में बननेवाली पॉलिसी को उपयुक्त बताते हुए उद्यमियों ने पालिसी के क्रियान्वयन में होनेवाली कठिनाइयों पर चिंता जताई। यह कहा कि समयपूर्वक पॉलिसी का क्रियान्वयन नहीं होने से इसका नुकसान सरकार के राजस्व और रोजगार सृजन पर पड़ता है। उद्योग उप समिति चेयरमैन बिनोद अग्रवाल ने कहा कि झारखण्ड में नए निवेश का प्रोत्साहन तभी सम्भव होगा जब यहाँ पहले से स्थापित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाय। यदि स्थानीय उद्यमियों को सरकार का संरक्षण मिले तब पुराने उद्यमित ही राज्य में नया उद्योग लगाने के लिए स्वतः आगे आएंगे। सदस्यों द्वारा यह भी कहा गया कि उद्योग विभाग के संपूर्ण कार्य ऑनलाइन होने चाहिए। सिंगल विंडो सिस्टम का संचालन मुख्य सचिव या विकास आयुक्त द्वारा किया जाना चाहिए न कि किसी निचले स्तर के अधिकारी द्वारा। जियाडा के सभी पद 3 वर्षों के भीतर हस्तांतरणीय होने चाहिए । चैम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधित्व से राज्य में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन भी जरुरी है।

## न्यूज बॉक्स

### रात्रि में सड़कों पर गुजर-बसर कर रहे जरूरतमंदों के बीच डीसी ने बांटे कंबल




**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची में पड़ रहे ठंड को देखते हुए बुधवार की देर रात रांची शहर के प्रमुख चौक-चौराहे अल्बर्ट एक्का चौक, काली मंदिर चौक, डेली मार्केट पार्किंग, दुर्गा मंदिर रातू रोड़ में सड़कों पर रात्रि में गुजर बसर कर रहे जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने सभी जरूरतमंद को कंबल देते हुए उन्हें ठंड से बचने का निवेदन किया। जिला प्रशासन ने सभी प्रमुख चौक- चौराहों एवं रांची जिला के सभी प्रखंडों में अलाव की व्यवस्था कराई है। प्रखंडों में भी कंबल का वितरण पूर्व से ही किया जा रहा है। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय एवं डीएसपी सदर संजीत कुमार बेसरा उपस्थित थे।

### चैंबर का संवाद 2 कार्यक्रम जल्द

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा संवाद कार्यक्रम के नए संस्करण के आयोजन की पहल शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पाण्डेय से मुलाकात कर, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया। इस दौरान राज्य की समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की गई। सकारात्मक रूप से संपन्न हुई वार्ता के क्रम में झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पाण्डेय ने चैंबर द्वारा आहूत संवाद-2 कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी। कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही संवाद-2 कार्यक्रम की तिथि का निर्धारण किया जायेगा। राज्य में नई सरकार के गठन उपरांत सरकार की भावी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ ही राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर सरकार और स्टेकहोल्डर्स का संयुक्त प्रयास प्रारंभ करने की दिशा में हमारा यह प्रयास सफल साबित होगा। यह जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

### नैक पीयर टीम ने शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का किया निरीक्षण



**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नैक पीयर टीम ने 21 और 22 जनवरी को दो दिवसीय निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान नैक पीयर टीम की अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैजयंता पाटिल, समन्वयक सदस्य प्रो. डॉ. आनंदन कंडसामी और प्रो. डॉ. डोनाटस कुजुर एसजे सदस्य ने कॉलेज की शैक्षिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का मूल्यांकन किया। इस दौरान, कॉलेज की अकादमिक गुणवत्ता, शोध कार्य, छात्र-कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य आवश्यक पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। नैक पीयर टीम ने कॉलेज की समग्र प्रगति की सराहना की और कुछ सुधारों के लिए सुझाव भी दिए, ताकि शैक्षिक गुणवत्ता को और बढ़ावा दिया जा सके। इस विजिट ने कॉलेज की कार्यप्रणाली और नैक मानकों के प्रति समर्पण को प्रमाणित किया। कॉलेज प्रशासन और समस्त स्टाफ ने नैक पीयर टीम का स्वागत किया और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को सकारात्मक रूप से अपनाने का संकल्प लिया।

### विकसित भारत के प्रति युवाओं के विचार विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की एनएसएस यूनिट, सेंटर फॉर बायोइन फॉर्मेटिक्स, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग, संतोष इंटर कॉलेज एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**प्रतियोगिता का विषय था:** विकसित भारत के प्रति युवाओं के विचार। विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा देश को सही दिशा दे सकते हैं। कौशल एवं संसाधन युक्त युवा राष्ट्र का निर्माता है। कला, विज्ञान, शोध, नवाचार, उद्यमशीलता आदि क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा सराहनीय कार्य करके राष्ट्र को विकसित बनाया जा सकता है। प्रथम स्थान नर्सिंग के छात्र स्वर्णिम प्रभात एवं द्वितीय स्थान बीएड की छात्रा शिवानी को प्राप्त हुआ।

### बरियातू थाना के पीछे अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने एक बार फिर पुलिस महानिदेशक, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को पत्र लिख कर बरियातू थाना के पीछे कराए जा रहे अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने का मांग किया है। पूर्व में भी 30 नवंबर 2024 को इस संबंध में पत्राचार किया गया था परन्तु इस दिशा में विभागीय स्तर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विदित हो कि 26 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें मुख्य सचिव, झारखण्ड, विकास आयुक्त, झारखण्ड तथा अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की उपस्थिति में रिम्स के विभिन्न स्थानों के अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ अवैध निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया गया था। इसके उपरांत भी उक्त स्थान पर अवैध निर्माण कार्य अब भी जारी है। रिम्स प्रबंधन ने समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### आज / कल




## स्वास्थ्य मंत्री से फार्मेसी काउंसिल को भ्रष्टाचार मुक्त करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड फार्मेसी छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल को भष्टाचार मुक्त करने की मांग की। मुलाकात के दौरान फामेर्सी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने फार्मासिस्टों की परेशानियों से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल के निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय की नियुक्ति गलत तरीके से की गई है। इसके साथ ही साथ काउंसिल के अध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह व दैनिकभोगी सचिन चतुवेर्दी पर मनमानी किए जाने का आरोप लगाया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि काउंसिल के अध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह, निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय एवं दैनिकभोगी सचिन चतुवेर्दी के द्वारा अराजकता का माहौल बना दिया गया है। निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय का निबंधन दो राज्यों बिहार एवं झारखंड में है, जो कि ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट 1940 एवं फामेर्सी एक्ट 1948 का उल्लंघन है। वहीं, यह भी आरोप लगाया कि सचिवालय के कुछ कर्मी की मिलीभगत से सरकार को गलत जानकारी दी जाती है, जिससे फामेर्सी प्रोफेशन के लिए राज्य में कुछ नया नहीं हो पाता है।

## रांची विवि के कुलपति बने झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड जिमनास्टिक संघ के अनुरोध पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने झारखंड जिम्नास्टिक संघ का संरक्षक बनना स्वीकार किया है। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के सचिव ने उन्हें इस पद को सुशोभित करने हेतु अनुरोध किया, जिसे डॉ. सिन्हा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि झारखंड में जिम्नास्टिक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संघ के साथ मिलकर काम करेंगे। संघ के सचिव ने डॉ. सिन्हा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से झारखंड में जिम्नास्टिक खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। ज्ञात हो की विगत दो वर्षों से झारखण्ड ऐरोबिक जिम्नास्टिक की टीम लगातार दो वर्षों से राष्ट्रीय खेल में पदक जीत रही है। डॉ अजीत कुमार सिन्हा का यह निर्णय झारखंड के जिम्नास्टिक खेल के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि डॉ. सिन्हा के नेतृत्व में जिम्नास्टिक को नई दिशा मिलेगी।

### प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 55 लीटर शुद्ध जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य

# जल जीवन मिशन योजना की सीमा 2024 से बढ़कर 2025 हुआ

**मनोज मिश्रा**




● जुडको के साथ तीन कंपनियां कर रही हैं काम

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 नवंबर 2020 को उत्तर प्रदेश में हर घर नल योजना का शुभारंभ किया था। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के उन जिलों के लिए इस योजना की शुरूआत की है, जहां पानी की समस्या लगातार विकराल रूप लेती जा रही थी। इसके बाद देश के लगभग सभी राज्यों में इसे मूर्त रूप दिया जाने लगा। हालांकि इसकी शुरूआत को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सभाओं में कहते रहे हैं कि हर घर नल जल योजना की शुरूआत उन्होंने बिहार में की है। इस योजना की लोकप्रियता के कारण भारत सरकार ने उसे सभी राज्यों में लागूकर अपना क्रेडिट ले लिया है। बहरहाल, हर घर नल जल योजना के अंतर्गत भारत के हर घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य वर्ष 2024 तक निर्धारित किया गया है। इस योजना को जल जीवन मिशन के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना से लोगों के घर में ही पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस योजना का लक्ष्य 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने योग्य जल उपलब्ध करवाना है। वहीं शहरी क्षेत्रों में रांची को देखें तो रांची के हर घर से नल योजना को अमल में लाने की जिम्मेदारी झारखंड अर्बन इन्फ्राट्रक्चर डेवलपमेंट (जुडको) को दी गई है, जिसमें जुडको ने इस काम को पूरा करने के लिए तीन कंपनियों का सहयोग लिया है। इस तीन कंपनियों को शहर के विभी्न्न क्षेत्रों में हर घर से नल पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिंदल, नागार्जुन और एल एण्ड टी नाम की कंपनी को रांची में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाकर हर घर नल लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। वर्ष 2024 तक शहर के 53 वार्ड में करीब सवा दो लाख घरों में पाइपलाइन बिछाकर नल से जल पहुंचाने की लक्ष्य रखा गया है। मगर अभी तक राजधानी के आधे से अधिक इलाकों में पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। इस योजना की कुल लागत 290.88 करोड़ रुपये है। मेसर्स लार्सन एंड टर्बो के साथ पाइपलाइन बिछाने के लिए 04 दिसंबर 2018 को एग्रीमेंट किया गया था। उस समय कार्य समाप्त करने की तिथि 30 जून 2023 थी। अब इसे 2025 तक योजना का अवधि विस्तार किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने जुडको के पीआरओ आशुतोष सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि एनएचएआइ ने रूक्का डैम से आनेवाले राइजिंग पाइपलाइन बिछाने के लिए तिलता मोड़ से पंडरा,पिस्का मोड़ से रातू रोड चौराहा तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। एनएचएआइ द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने के कारण कुल 22 किमी में से लगभग पांच किमी ही राइजिंग पाइपलाइन बिछायी जा सकी है। शेष पाइपलाइन बिछाने के लिए अब वैकल्पिक मार्ग की तलाश की जा रही है मगर अभी तक कोई मार्ग नहीं निकला है। राजधानी रांची में पेयजलापूर्ति योजना का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तैयार कर लिया गया है। कुल 563 किमी डिस्ट्रीब्यूशन लाइन में से लगभग 450 किमी (79.92 प्रतिशत) डिस्ट्रीब्यूशन लाइन तैयार कर लिया गया है वहीं कुल 14 जलमीनार में से 10 का काम 90 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वहीं गली-मोहल्लों में पाइपलाइन बिछा दी गयी है। करोड़ों खर्च कर जलमीनारें भी बन चुकी हैं। लेकिन, उनमें जलापूर्ति के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। रूक्का डैम से आनेवाले मेन राइजिंग पाइपलाइन का काम 30 प्रतिशत भी नहीं किया जा सका है।

### क्या हटिया डैम बन गया है सुसाइड प्वाइंट!

## 20 दिनों के भीतर 2 लोगों ने की आत्महत्या, दहशत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● गोताखोर और नाव की कमी से डूबने वालों की जान बचाना मुश्किल : स्थानीय

नगड़ी थाना क्षेत्र के हटिया डैम में आत्महत्या जैसी घटनाएं काफी आम हो गई है। आस पास के लोगों ने बताया कि आत्महत्या करने वालों को बचाया नहीं जा सका। वहीं कई बार लोग गलती से डूब जाते हैं जिन्हें बचने के लिए गोताखोर और बेहतर नाव की कमी है, इस कारण बचाना मुश्किल हो जाता हैं। लोगों ने बताया कि हटिया डैम काफी गहरा है, जिस कारण कोई भी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द हटिया डैम में गोताखोरों की संख्या बढाई जाए और बेहतर नाव उपलब्ध कराया जाए। वहीं हटिया डैम से एक युवती का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान हिंदपीढ़ी की शाहीन परवीन के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार शाहीन दो दिनों से लापता थी, जिसके बाद उसका शव धुर्वा डैम में तैरता हुआ मिला। परिजनों की माने तो युवती की शादी 4 साल पहले बंगाल में हुई थी, लेकिन शादी के एक साल बाद ही उसका पति उसे मायके छोड़ गया था। वह कई दिनों से काफी तनाव में थी। मृतका का एक 3 साल का बच्चा भी है। हालांकि पुलिस युवती के आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह पता चला कि डैम में एक शव तैर रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह पुरुष का है या महिला का। तत्काल स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई तो पुष्टि हुई कि शव किसका है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह जगह अब सुसाइड प्वाइंट बन गया है और कई बार प्रशासन के सामने यह मामला भी उठाया गया है कि यहां गश्त बढ़ाई जाए लेकिन ऐसा नहीं होने से स्थानीय लोग काफी आहत हैं।

## एक नजर

### साइकिल वितरण में अवैध वसूली के आरोप में प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**दुमका।** स्कूली छात्रों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण के एवज में छात्रों से अवैध वसूली के आरोप में जिले के रामगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आलूबाडा के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवनारायण प्रसाद के खिलाफ हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। प्राथमिकी दर्ज बीईईओ मुकुंद मरांडी के लिखित आवेदन पर हुआ। कल्याण विभाग के जरिये छात्रों के निःशुल्क साईकिल वितरण में छात्रों से अवैध वसूली की जांच के लिए गठित प्रशासनिक टीम ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें प्रथम द्दष्टया दोषी पाया है।

### एक सच्चे देशप्रेमी थे नेता जी सुभाषचन्द्र बोसः डा कमलेश

खलारी। डीएवी स्कूल खलारी में मां भारती के वीर सपूत, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि नेता जी सुभाषचन्द्र बोस एक सच्चे देशप्रेमी थे, जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए न केवल अपने देश में बल्कि विदेशी सहायता से भी अनेक प्रयास किए। प्राचार्य ने बच्चों को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेने कहा। सभी शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### साइबार अपराध से जुड़े मामले में सीबीआई ने हजारीबाग के सिरसी गांव में की छापेमारी

**हजारीबाग।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को साइबार अपराध से जुड़े एक मामले में हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में छापेमारी की। सीबीआई की यह टीम पटना से आई थी।सीबीआई की टीम ने यहां राजू प्रसाद कुशवाहा नाम के व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। टीम ने कई घंटों तक गहन जांच-पड़ताल की, जिसमें स्थानीय पुलिस ने भी सहयोग किया। हालांकि, अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले का हिस्सा है। सीबीआई की टीम विशेष रूप से पटना से इस छापेमारी के लिए पहुंची थी।माना जा रहा है कि जांच के दौरान और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

---

पालोना शिशु संरक्षण पर की चर्च, मंत्री दीपिका हुईं शामिल, कहा

# बच्चों के सेफ सरेंडर की प्रक्रिया को सरल बनाना होगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी मैदान के पास स्थित टीआइआई सभागार में संवेदना आभार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशु संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और इस क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तित्वों एवं संगठनों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य शिशु कल्याण के प्रति समाज की जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। समारोह का आयोजन पालोना टीम द्वारा किया गया था, जिसमें प्रमुख अतिथियों ने शिशु संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री बलबीर दत्त और एडीजीपी अनिल पलटा ने शिरकत की। दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा, पलोना टीम के द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं और मुझे गर्व है कि मुझे इस मुहिम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। हमें बच्चों के सेफ सरेंडर की प्रक्रिया को सरल बनाना होगा और डॉक्टरों को भी इस मुहिम से जोड़ना होगा। जिससे इस अभियान को सार्थक किया जा सके, और इसको प्रथा को रोकने में सफलता मिले। पालोना टीम के संरक्षक पद्मश्री बलबीर दत्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में इस प्रथा को समाप्त करने की जरूरत है यह घटना समाज में लड़के एवं लड़कियों के अनुपात को कम कर रहा है जो लोग प्राकृतिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं वह समाज को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं इसलिए समय रहते हमें चेतने की जरूरत है नहीं तो इसका गंभीर परिणाम हमसब को भुगतना पड़ेगा।

### 'बेटियों को जीने दो' संस्था की रांची टीम ने नवजात बेटियों के बीच बांटे कपड़े



**रांची।** गुरुवार को मध्यप्रदेश के विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम रांची के सदर जिला अस्पताल पहुंची। टीम प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने अपने साथियों के साथ नवजात बेटियों को कपड़े बांटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जैसा की आप सभी जानते हैं की भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया जाता है। उसी सिलसिले में मध्यप्रदेश, विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख दीप सिंह कुशवाह बेटी बचाओ आंदोलन के लिए देशभर में अभियान चला रहे हैं। जिसमें वे बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में फ्री कपड़े देकर लोगों को जागरुक करने का काम साढ़े तीन साल से कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय बेटी दिवस के पूर्व गुरुवार को रांची के सदर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने नई दिल्ली, कर्नाटक, जम्मूझकश्मीर, बिहार, झारखंड सहित भारत के अन्य प्रदेशों से आए साथियों के साथ नवजात बेटियों के चरण स्पर्श कर उन्हें कपड़े भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय, रांची में मनाया खेल दिवस

**रांची।** अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय, रांची में खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह और सदस्या रीता मिश्रा, इंदु मिश्रा, शशि दुहन और रूपा रानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन ने सभी सदस्यों को खेल भावना और मस्ती से भरे दिन के लिए एकजुट किया। कार्यक्रम में बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के साथ-साथ रोमांचक आउटडोर खेल भी आयोजित किए गए। सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा व प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन फिटनेस, खेल और उत्सव का यादगार दिन साबित हुआ।

## न्यूज | बॉक्स

### केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी में हुए शामिल



**धनबाद।** भाजपा 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के नेता शामिल हो रहे हैं। अभियान के तहत गुरुवार को धनबाद में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। संविधान गौरव यात्रा पर निकले मंत्री कमलेश पासवान ने संगोष्ठी में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के विचारों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान हमारा गौरव है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान भारतीय संविधान के निर्माण में ऐतिहासिक है। उन्होंने समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे के सिद्धांतों को संविधान की नींव में स्थापित किया, जिससे देश के हर नागरिक को न्याय और सम्मान का अधिकार मिला।

### पराक्रम दिवस पर मलखंब खेल का हुआ प्रदर्शन



**रांची।** झारखंड मलखंब अकादमी के तत्वावधान में धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में पराक्रम दिवस पर मलखंब खेल का प्रदर्शन सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे थे। उन्होंने सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि विनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह, विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, परिषद के पूर्व कल्याण सचिव सुभाष मुखर्जी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे को झारखंड मलखंब अकादमी के निदेशक सह अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के महासचिव डॉ अजय झा एवं विधालय सचिव सजल बनर्जी ने मिथिला के पाग, अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मुंबई से आए अंतरराष्ट्रीय मलखंब पदक विजेता आकाश कुमार सिंह और सुश्री साक्षी कुमारी को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया।

---

सुभाष नगर से चूरी तक लगेगा सोलर प्लेट संचालित स्ट्रीट लाइट

# कोलफील्ड मजदूर यूनियन व चूरी प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
कोल फील्ड मजदूर यूनियन की 14 सूत्री मांगों पर चूरी परियोजना में एजेंडा मीटिंग हुई। अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार ने किया। एजेंडा मीटिंग में सभी मांगों पर यूनियन की प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। सुभाष नगर से चूरी परियोजना तक सोलर प्लेट वाला स्ट्रीट लाइट लगाने पर सहमति बनी। इसके अलावा सुभाष नगर सड़क व चूरी सड़क में एप्रोच रोड बनाने, परियोजना में स्टैंड बाय एंबुलेंस की व्यवस्था करने, असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी के तहत भुगतान करने, समय पर कामगारों को प्रमोशन देने, परियोजना में स्थाई कार्मिक प्रबंधक की व्यवस्था करने, पीट आफिस और प्रोजेक्ट आफिस में पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने पर भी सकारात्मक वार्ता हुई। इस बैठक में चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कार्मिक प्रबंधक आलोक जोजावर, यूनियन की ओर से एरिया अध्यक्ष मिथलेशकुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष ध्वजाराम धोबी, सीसीएल केंद्रीय सदस्य रामा उरांव, रमेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रधान मुंडा, सुदेश पासवान, अभिजीत कुमार, रवींद्र बैठा, प्रदीप करमाली, अनुप रजक, अनिल कुमार, बिरमाल कुमार, सोनू राम, विजय उरांव, बिहारी साव, श्रीमल्हा मौजूद थे।

देश की आजादी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

## एसीसी स्कूल में मनी जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह ने दीप प्रज्वलित किया तथा नेताजी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विद्यालय की हेड गर्ल कक्षा दस की नैंसी कुमारी ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया। इसके बाद वर्ग नवम के अदिति राणा एवं रेनसी कुमारी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। वर्ग दस की माही कुमारी व वर्ग नवम की सिया कुमारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रशासक जामवंत सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए दिए गए उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं व सभी बच्चे उपस्थित थे।

### सविमं करकट्टा में समारोहपूर्वक मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य गौरी शंकर कामिला ने सरस्वती माता व सुभाषचंद्र बोस के चित्र के पर पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य चंद्रभूषण सिंह ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर विस्तार पूर्वक अपना विचार प्रकट किया। इसके बाद एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने करकट्टा कालोनी में पथ संचलन किया। आचार्या पूनम पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर्र नूतन सिंह, पुरुषोत्तमकुमार सिंह, सूरज कुमार, गोविंद कुमार चौहान, बसंती कुमारी, अश्विनी सिंह, दिलीपकुमार शर्मा, विक्रमकुमार पांडेय सहित विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### श्री रानी सती दादी मंदिर का 14वां वार्षिक स्थापना महोत्सव शुरू



**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री रानी सती दादी मंदिर का दो दिवसीय 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव गुरुवार को प्रारंभ हुआ। इसे लेकर पूरे मंदिर परिसर एवं दादी जी के दरबार को फूलों से सजाया गया और सारे मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। गणेश पूजन के साथ दादी जी का स्थापना महोत्सव प्रारंभ हुआ। गणेश पूजन के यजमान बजरंग लाल अग्रवाल सपत्नीक रेनू अग्रवाल शामिल हुई। इसके बाद मेहंदी उत्सव प्रारंभ हुआ, जिसमें श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सभी सदस्यों ने मीठे भजनों के बीच दादी जी के हाथों में मेहंदी रचाई। मेहंदी उत्सव के बाद दादी जी का मंगल पाठ प्रारंभ हुआ। दादी जी का मंगल पाठ श्री रानी सती महिला मंगल समिति की सदस्यों द्वारा बड़े ही सुंदर एवं भक्ति भाव से किया। मंगल पाठ करने वाली महिला मंगल समिति की सदस्यों में मंजू अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, नीतू पटवारी, तरुणा जैन, पिंकी अग्रवाल, शशि जैन, संगीता बुधिया, संजना अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सीमा मोदी, अनीता शर्मा शामिल थी। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ मंगल पाठ का समापन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह 10:30 बजे से गणेश पूजन होगा। इसके पश्चात सुंदरकांड पाठ प्रारंभ होगा। सुंदरकांड का पाठ करने के लिए बालाजी महाराज के भक्त और रांची के प्रसिद्ध पाठ वाचक सुरेश बजाज को आमंत्रित किया गया है जो कि अपने मीठे मीठे भजनों के बीच पवनसुत हनुमान का सुंदरकांड पाठ करेंगे।

## भाजपा महिला मोर्चा की लापुंग अध्यक्ष सीता देवी का निधन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष और जन वितरण प्रणाली की दुकानदार 58 वषीर्या सीता देवी पति श्री रामदयाल साहु का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे लापुंग प्रखंड में शोक की लहर छा गई। रांची स्वर्णरेखा नदी अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची स्थित आवास में सुबह उन्होंने अपनी सांस ली। उन्होंने अपने पीछे अपने पति करमदयाल साहु, दो बेटियों नूतन कुमारी व पूनम कुमारी तथा एक बेटा दीपक सहित पोते पोतियों से भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गयीं। उनके निधन का खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता चरकु साहु, शशी देवी, लापुंग भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवींद्र उरांव, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नंदलाल साहु पूर्व अध्यक्ष दुखहरण सिंह, महामंत्री जितेन्द्र पाल सिंह सहित महिला मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष एवं आर पी सिंह समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताई। उल्लेखनीय है कि सीता देवी पिछले लगभग 18-19 वर्षों से भाजपा महिला मोर्चा की संगठन को संभाल रही थीं।

चान्हो थाना क्षेत्र में चोर की खौफ से राहत

# पुलिस ने एक चोर को किया गिरफ्तार

## आरोपी ने कहा, पैसों की जरूरत थी इसलिए चोरी करने गया

**तीसरे घर चोरी के दौरान उसे एक महिला ने देख लिया जिसके बाद शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी।**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चान्हो थाना पुलिस ने बुधवार 22 जनवरी को एक युवक को चोरी की घटना को अंजाम देते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नौशाद अंसारी (25) के रूप में की गई है, जिसके पिता का नाम मुख्तार अंसारी है। आरोपी युवक चान्हो थाना के टांगर गांव का रहने वाला है।
पुलिस ने नौशाद अंसारी को चोरी करके निकलते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य 2 घरों से चोरी किए गए सामानों को भी बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के पास के कई सामान बरामद किए हैं। इन सामानों में सोने-चांदी के जेवरात, 2 मोबाइल फोन और लगभग 27,000 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस की यह कार्रवाई स्थानीय सुरक्षा को लेकर एक अहम कदम मानी जा रही है।

**पैसों की जरुरत थी इसलिए चोरी करने गया आरोपी :** पुलिस सूत्रों के अनुसार नौशाद ने अकेले ही तीनों चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिसिया पूछताछ में नौशाद ने बताया की उसे पैसों की जरुरत थी तभी एक घर में चोरी के बाद मनोबल बढ़ा और दूसरे घर में चोरी करने गया। हालांकि तीसरे घर से चोरी के दौरान उसे एक महिला ने देख लिया जिसके बाद शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस ने आरोपी नौशाद को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ़्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

---

# मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3 रांची ने टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 के मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची ने टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की टीम 112 अंकों के साथ विजेता रही वहीं क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की टीम 87 अंक पाकर उप-विजेता रही। इस समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/ईएस) अजय कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्यालय-रांची के महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक (उत्खनन ) कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडम्बार के अलावा मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। वहीं इंडीविज्युअल चैम्पियनशिप पुरूष वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल, महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी जबकि पुरूष वेटरन वर्ग में मुख्यालय के बीरो मुंडा को प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान अथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमों ने हिस्सा लिया।

38 वां नेशनल गेम्स उत्तराखंड

## झारखंड के 39 तकनीकी पदाधिकारियों को मिला दायित्व



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए झारखंड के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के 08 महिला समेत कुल 39 तकनीकी पदाधिकारियों को संबंधित राष्ट्रीय खेल संघ ने तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नामित किया है। स्विमिंग - राकेश कुमार पाठक, दीपक कुमार शैलेन्द्र तिवारी, तीरंदाजी- सुमंत चंद्र मोहंती, राहुल कुमार सिंह, साइक्लिंग - शैलेन्द्र पाठक, रणवीर सिंह, सतविंदर सिंह सिंधु, अनीता कुमारी, जिम्नास्टिक - शुभ्रा बनर्जी, हेमा कुमारी, दीपक कुमार साहू, हैंडबॉल - फिरोज खान, साहेब अली, खुर्शीद खान, इमरान मुर्शीद खान, सैय्यद शमीम अहमद, मॉडर्न पेंटाथलन - अभिषेक कुमार पांडेय, शिवा कुमार महतो, फुटबॉल - बजरंग कुमार चौहान, निशांत भेंगरा, वूशु - तारा कुमारी, शैलेन्द्र नाथ दुबे, हॉकी - नीतू कुमारी, आश्रिता लकड़ा, जयंत केरकेट्टा, टेबल टेनिस - किरण बिहारी शुक्ला, लॉन बॉल - आशीष कुमार, रोहित कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, नेटबॉल - मोनालिसा कुमारी, भूपेंद्र नाथ राम, गुंजन कुमार झा, जूडो पप्पू कुमार एथलेटिक्स - एसके पांडेय, सीडी सिंह, अशोक भट्टाचार्य, अनवर, मो. फरीद। सभी नामित तकनीकी पदाधिकारियों को अध्यक्ष झारखंड ओलंपिक संघ आरके आनंद, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

# बजरंगबली मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के मालगो पंचायत अन्तर्गत रायटोली गांव में बजरंगबली मंदिर की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश लेकर भंगी नदी से जल उठाया और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वेद मंत्रोंच्चार के बीच पूजा अर्चना किया गया। मुख्य यजमान झामुमो नेता व समाजसेवी इंद्रजीत राय सपत्नीक धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिए। मुख्य पुजारी राजेश पाठक ने श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा अर्चना करायी वहीं हवन के बाद प्रसाद एवं भंडारा का वितरण किया गया। इस मौके पर मधु राय, कुंवरमति देवी, रुपा राय, मधु शाही, सुकारो देवी, गुड़िया कुमारी, झालो कुमारी, देवेंद्र राय, सचिन राय, सुभाष राय, दिगम्बर राय, भुवंजय राय, कामेश्वर राय, फगनी देवी सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर लापुंग महावीर मंदिर का पहली वार्षिकोत्सव मनाया गया। लापुंग थाना चौक स्थित महावीर मंदिर का पहली वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें सुबह कलश यात्रा निकली गई। इस मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। वेद मंत्रोचारण के साथ भंगी नदी से मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक के नेतृत्व एवं देखरेख में कलश मे जल भरकर बजरंग बली की जय कारे का उदद्घोष करते हुए श्रद्धालु लापुंग बिरसा चौक होते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाओं को शर्बत व फल खिलाकर उपवास तुड़वाया गया। मंदिर में पंचदेव पूजन,दसों दिशाओ का पूजन व बजरंग बली की पूजन के उपरांत हवन के साथ आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। इसके मुख्य यजमान यशपाल साहू, व अंचल देवी योगेश्वर साहू सपत्नीक, मनोज साहू व बिमला देवी ने पूजा में भाग लिया। पूजा के उपरांत दर्जनों महिलाओं ने आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। बाद में कार्यक्रम का समापन किया गया।\

### नेताजी के जयंती पर कायस्थ महासभा का परिचर्चा कार्यक्रम

# नेताजी चित्रांशो के लिए नहीं अपितु भारतीय के लिए गौरव हैं : अशोक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा बरही उपसमिति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया. परिचर्चा कार्यक्रम बरसोत स्थित उपसमिति के अध्यक्ष अशोक बक्शी के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें बरही उपसमिति के कई चित्रांश सहित दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्विलित के साथ हुआ जिसमें उपस्थित चित्रांशो ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नेताजी के कार्यों को याद किया. अध्यक्ष श्री बख्शी ने कहा कि नेताजी सिर्फ चित्रांशो के लिए ही नहीं अपितु भारतीय के लिए गौरव है. इनके साहस, कुशाग्रता और निर्भीकता का पूरी दुनिया कायल थी. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इनकी गठित आजाद हिंद पार्टी ने गोरों की सरकार को देश से भागने के लिए मजबूर कर दिया था. संगठन मंत्री डॉ दीपक शरण ने भी नेताजी की जीवनी का संक्षिप्त इतिहास बताया. उन्होंने कहा कि नेताजी आईसीएस की परीक्षा सफल करने के बाबजूद अपने राजनीतिक गुरु चितरंजन दास से प्रेरित होकर देश की आजादी के लिए काम किया. जिला उपाध्यक्ष ने नेताजी के फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना और दिल्ली चलो अभियान पर चर्चा किया. इसके साथ ही अन्य लोगो ने भी नेताजी की जीवनी पर चर्चा करते हुए उनके प्रेरक पूर्ण बातो को आत्मसात करने पर जोर दिया. परिचर्चा के अंत में प्रश्नावली कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें चित्रांश परिवार के दर्जनों बच्चो ने हिस्सा लिया.

## ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विधायक गंभीर, एसपी से किया मुलाकात

**बरही।** ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव गंभीर दिख रहे हैं. गुरुवार को एसपी अरविंद कुनार सिंह से मुलाकात कर बरही की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए प्रतिदिन के जाम से आमजन की परेशानियों से अवगत कराया. साथ ही एसपी से बरही चौक और संभावित दुर्घटना क्षेत्र बिलौतिया मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना की मांग किया. जिससे जनता को राहत मिल सके. इस दौरान हजारीबाग जिले के ट्रैफिक इंचार्ज मनोज कुमार सिंह और बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल भी उपस्थित थे. एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभव निदान करने का आश्वासन दिया. विधायक के इस मांग को स्थानीय लोगों ने भी भरपूर समर्थन करते हुए उचित कदम बताया है.

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

# आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में वर्ग छः में नामांकन के लिए 15 फरवरी तक आवेदन जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है। इस निमित विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका अंजू बाला करकेट्टा ने बताया कि सत्र 2025 -26 में वर्ग 6 में नामांकन के लिए कुल 75 सीट है। जिसमे एसटी से 5,एससी से 10, ओबीसी से 31, अल्पसंख्यक से 10, बीपीएल या जेनरल से 19 अर्थात कुल 75 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। इसके लिए आवेदिका को आवेदन के साथ आवासीय प्रमाण पत्र, बीपीएल सत्यापित प्रमाण, पत्र जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड ,अनाथ या एकल अभिभावक से संबंधित प्रमाण पत्र, विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय में आवेदन जमा करना है।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा कैंट मंडल ने नेताजी की जयंती मनाई



**रामगढ़।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं लोगों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया । मौके पर मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में अहम योगदान है। कहा की आज जरूरत है नेताजी के बताए मार्ग पर चलने की । कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला से राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल, शीतल सिंह ,सरदार अनमोल सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश से विनोद राम, दीपक सोनकर एवं रामगढ़ कैंट मंडल से ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, जितेंद्र गोप, संतोष कुमार साह, बृजेश पाठक, मंजू देवी एवं भाजपा के कई देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती व राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य ने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त ने सभी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की।

### विधायक को समस्या से कराया अवगत

**गिद्दी।** झारखंड इंटर कॉलेज होसिर का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो मिला। होसिर कॉलेज के प्राचार्य खेमनाथ महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल विधायक तिवारी महतो से मिलकर उनसे कॉलेज की समस्या के बारे में अवगत कराकर उसके समाधान के लिए अपील किया। साथ ही गणतंत्र दिवस के दिन कॉलेज में झंडोतोलन के लिए आमंत्रित किया। जिसपर विधायक तिवारी महतो ने सार्थक पहल करने का भरोसा दिया।

## प्रखंड साक्षरता प्रेरक संघ की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** अब्दुल कलाम पार्क में 2018 में सरकार द्वारा कार्यमुक्त हुए पंचायत साक्षरता प्रेरक संघ की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिजवान अली और संचालन प्रेरक शांता घोष ने किया. जिसमे प्रखंड के कई साक्षरता प्रेरक शामिल हुए. उपस्थित लोगो ने राज्य सरकार से बेरोजगार हुए प्रेरको को राजस्थान एवं बिहार के तर्ज़ अन्य विभाग में समायोजित करने की मांग किया. जिसमे मृत साक्षरता प्रेरको के आश्रितों को भी शामिल करने की बात कही गई. ज्ञात हो कि अल्प मानदेय भोगी साक्षरता प्रेरकों ने दिन रात मेहनत कर साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण कार्य को धरातल पर सफल बनाने का काम किया था. परंतु 2018 में सरकार ने 12 से 15 महीनो के मानदेय भुगतान किए बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यमुक्त कर दिया. जिससे सभी प्रेरक सड़को पर आ गए और सारे सपने टूट गए. इस संबंध में संघ ने पूर्व में भी कई बार बैठके कर सरकार और अधिकारियो से न्याय की गुहार लगा चुके है. हर बार अश्वासन मिला पर आज कोई कारवाई नही हुई. संघ ने एक बार फिर अबुआ सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए बकाए मानदेय के भुगतान की मांग किया है. बैठक में नरेश प्रजापति, आनंद कुमारा सिंह, रामकुमार दास, रिंकु देवी, सत्यभामा देवी, अब्दुल अंसारी, देवेन्द्र कुमार, मंजू देवी, पुष्पा देवी, सीता देवी, वीणा देवी, रेखा देवी सहित कई अन्य प्रेरक मौजूद थे.

# 70 मत्स्य पालकों को दिया गया तीन दिवसीय जलीय कृषि मॉडल पर विशेष प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान (चीफ), मुंबई के सतत प्रयासों के तहत हजारीबाग जिले के दौडवा कुण्डवा गांव में 70 मत्स्य कृषकों के लिए तीन दिवसीय एकीकृत मल्टी ट्राफिक जलीय कृषि मॉडल पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बरही अनुमंडल पदाधिकारी, जोहन टुडू द्वारा किया गया,जिन्होंने प्रशिक्षण मैनुअल का भी अनावरण किया। यह उल्लेखनीय है कि चीफ, मुंबई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रेम कुमार पूर्व में भी हजारीबाग में किसानों के साथ विभिन्न उन्नत मत्स्य पालन तकनीकों पर कार्यशालाएं आयोजित कर चुके हैं।

पिछली यात्राओं में उन्होंने किसानों को आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों, जल प्रबंधन और सहायक जल कृषि प्रणालियों पर मार्गदर्शन दिया था, जिसका सकारात्मक प्रभाव आज किसानों की बढ़ती उत्पादन क्षमता में देखा जा सकता है। अनुमंडल पदाधिकारी,बरही ने इस मौके पर कहा कि एक ही जलाशय में मत्स्य पालन के अलावा एकीकृत कार्यक्रम चलाकर कृषक अपने आय में बढ़ोत्तरी कर सकते है। डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर कहा, चीफ, मुंबई हजारीबाग के मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए सदैव तत्पर है। हमारा लक्ष्य किसानों को केवल मछली पालन तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उन्हें मोती पालन और सिंघाड़ा उत्पादन जैसे विकल्पों से जोड़कर उनकी आय के नए द्वार खोलना है। प्रशिक्षण सत्र में मत्स्य कृषकों को तालाब में एकीकृत रूप से मछली, मोती और पानी फल (सिंघाड़ा) की खेती करने के व्यावहारिक तौर-तरीके सिखाए गए। यह मॉडल किसानों को जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और बहुउद्देश्यीय कृषि के माध्यम से अधिकतम आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सहायता करेगा।

### झील परिसर पहुंचे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद

# स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर जनता से की सीधी बातचीत

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को प्रातः 6:00 बजे शहर के हृदय स्थल, हजारीबाग झील परिसर, का दौरा किया। मॉर्निंग वॉक के दौरान झील में भ्रमण कर रहे स्थानीय लोगों और सैलानियों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने झील परिसर की विधि-व्यवस्था, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर आम जनता के सुझाव सुने और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। झील परिसर का निरीक्षण करते हुए विधायक ने झील की स्थिति और वहां की देखरेख में हो रही कमियों को ध्यान में रखा। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि झील परिसर की स्वच्छता और सुरक्षा का हरसंभव ख्याल रखा जाए। सौंदर्यीकरण कार्यों को गति देने और लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग झील हमारे शहर की पहचान है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। झील परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र न केवल स्थानीय लोगों बल्कि सैलानियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना रहे। इस दौरे से स्पष्ट है कि विधायक प्रदीप प्रसाद जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर हैं। झील के संरक्षण और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जनता के बीच सकारात्मक संदेश दे रही है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूरे जोश एवं उत्साह के साथ संपन्न

**हजारीबाग ।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में नेताजी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य तारकेश्वर राय, नरेंद्र कुमार सिंहा एवं आचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने "नेताजी सुभाष चंद्र बोस" के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाली बहन सृष्टि, पुष्पा एवं प्रज्ञा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया ' मौके पर विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को महान सपूत, एवं देशभक्त बताते हुए उनके पराक्रम को भैया' बहनों के बीच पूरे ओज एवं उत्साह से रखा' उन्होंने भैया - बहनों से नेताजी की जीवनी से सीख लेते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया । मौके पर आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा- नेताजी सुभाषचंद्र बोस में जो आदर्श और देश प्रेम का जो जज्बा था।

# कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का सफल समापन, सफल कराटेकार हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हर के जेब्रा रोड स्थित द कोबरा कराटे एकेडमी में गुरुवार को कराटे कलर बेल्ट टेस्ट सह प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ` यह कार्यक्रम शोटोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया और हजारीबाग ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में संचालन आयोजित किया गया था` कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक एवं मानसिक कौशल का विकास करना था` कार्यक्रम में 40 कराटेकारों ने भाग लिया जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की परीक्षा शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी निदेशक सिहान नरेंद्र सिन्हा ( ब्लैक बेल्ट 7वीं डैन ) ने प्रदान किया एवं कराटेकारो को प्रशिक्षण सिहान शशि पांडे (ब्लैक बेल्ट 6वीं डैन) द्वारा दिया गया` आयोजन का समग्र संचालन और मार्गदर्शन सेम्पई चंद्र प्रकाश उपाध्याय (ब्लैक बेल्ट दूसरी डैन) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात् क्योशी नरेंद्र सिन्हा ने बच्चों, अभिभावकों एवं अतिथियों को कराटे युवाओं के लिए खास करके लड़कियों के लिए कितना आव्यश्यक है बताया` कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही आयोजन में प्रमोद यादव, संजय कुमार संजीत कुमार, उत्सव नीलाभ, प्रियंका कुमारी, मनीष राज एवं मन्दाकिनी यादव ने अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाई।

## पराक्रम दिवसः विद्यालय में मनाया गया नेताजी का जन्मदिन



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद,प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं आचार्य बच्चूलाल तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद छात्रों ने नेताजी के जीवन और कार्यों पर आधारित भाषण दिए। उन्होंने नेताजी के त्याग, बलिदान और देशभक्ति की भावना को याद किया।कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति गीत एवं कविता भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।बच्चूलाल तिवारी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक सच्चा और बहादुर देशभक्त बताते हुए उनके जीवन से देश के प्रति प्रेम रखने तथा देश सेवा की प्रेरणा लेने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन आचार्या डॉ गायत्री पाठक ने किया।धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार सहाय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या आरती झा,गौतम कुमार,शशि कान्त,ज्योति राजहंस,अंजली कुमारी,ममता कुमारी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## सुद्दी में हनुमंत लला की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**भुरकुंडा।** भदानीनगर के सुद्दी गांव के मंदिर में स्थापित हनुमंत लला की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान बुधवार को विधि-विधान से पूर्ण हुआ। आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर पांच दिवसीय महायज्ञ का समापन किया। इस दौरान पूरा भदानीनगर इलाका प्रभु श्रीराम के जयकारे से गूंज रहा था। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद यहां प्रसाद वितरण का अनवरत दौर शुरू हुआ, जो देरशाम तक चलता रहा। इससे पूर्व मंगलवार को यहां हनुमंत लला की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की भीड़ उमड़ी थी। आचार्य तुलसी दास शास्त्री, उपाचार्य विनोद पांडेय, मोहन पांडेय, आदित्य पांडेय, दामोदर पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, सुमन पांडेय, अमित पांडेय, शैलेश पांडेय ने पूरे विधि-विधान से महायज्ञ पूर्ण कराया। इसमें यजमान नारायण प्रजापति, महेंद्र महतो, जितेंद महतो, गंगेश्वर प्रजापति, चंद्रदेव करमाली, चंद्रदेव करमाली, जितेंद्र बेदिया, छत्रु बेदिया, सहजनाथ महतो, सचिन महतो आदि ग्रामीण योगदान दिया।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल और नर्सिंग में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल और युटुब नर्सिंग के छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुआ। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति पैरामेडिकल और नर्सिंग विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। काजल बाला और पम्मी कुमारी ने नेताजी के जीवन और उनकी देशभक्ति पर प्रभावशाली भाषण दिया।सेम्मा कुमारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, जो सभी को प्रेरित कर गया। लक्ष्मी कुमारी ने नेताजी की वीरता पर आधारित प्रेरणादायक कविता सुनाई। मंच का संचालन चंदन कुमार ने कुशलता से किया, जबकि रूबी कुमारी ने अन्य कार्यक्रमों का समन्वयन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की हेड ऑफ डिपार्टमेंट, अनिता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनके आदर्शों और भारत की स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, "इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में देशप्रेम की भावना जागृत होती है और वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हैं। कार्यक्रम में पूजा कुमारी, रॉबिन कुमार, पूजा गुप्ता, प्रियांका कुमारी, विकास गढ़वाल, और रंजीत कुमार सहित फैकल्टी सदस्य भी शामिल हुए। यह आयोजन बच्चों के मन में देशप्रेम की भावना उत्पन्न करने और उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करने में सफल रहा।

## भारतीय जनता महिला मोर्चा ने मनाया संविधान गौरव दिवस

**रामगढ़।** भारतीय जनता महिला मोर्चा ने बुधवार को डॉ बीआर अंबेडकर उच्च विद्यालय में संविधान गौरव दिवस मनाया।भाजपा महिला मोर्चा घाटो मंडल अध्यक्ष अनामिका सिन्हा की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीतल सिंह ने किया। संचालन भाजपा घाटो मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सभी को संबांधित करते हुए वक्ताओं ने भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने आजादी के पूर्व और बाद में डॉ बीआर अंबेडकर के योगदान की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने वर्त्तमान केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से डॉ अंबेडकर की प्रतिष्ठा में किए गए और हो रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भारत रत्न डॉ अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों पर पंच तीर्थ स्मारक विकसित किए।

# वामपंथियों ने याद किया सुभाष चंद्र बोस को



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

स्थानीय सी पी आई कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 जयंती पर एक विचार गोष्ठी किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सी पी आई एम के तपेश्वर राम भुइया ने किया और संचालन सी पी आई के निजाम अंसारी ने किया। हजारीबाग के पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी का जन्म उड़ीसा के कटक में हुआ था। इनके पिताजी उड़ीसा के मशहूर वकील थे, यह बचपन से ही मेधावी छात्र थे। इनकी स्कूली शिक्षा कटक में हुई,उसके बाद आगे की शिक्षा के लिए ये कोलकाता आ गये और यहीं पर प्रेसीडेंसी कॉलेज में नाम लिखवाये पर उनके उग्र विचार के कारण कॉलेज से इनको निकाल दिया गया। उन्होंने कोलकाता के ही स्कॉटिश चर्च कॉलेज में नाम लिखवाये और वहीं से फिलासफी में बी ए किया। पिता की इच्छा अनुसार यह आगे के पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए और वहीं पर कैंब्रिज विश्वविद्यालय में नाम लिखिया। वहां पर इनको सिविल सेवा के लिए चुन लिया गया लेकिन यह नौकरी करने से इनकार कर दिए और लौट कर भारत में चल रहे आजादी के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिए ,लेकिन महात्मा गांधी और नेहरू से वैचारिक मतभेद के कारण इन्होंने 1939 में फारवर्ड ब्लाक की स्थापना कर आजादी के आंदोलन में सशस्त्र क्रांति का बिगुल फूंक दिया। इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजाद हिंद फौज का गठन किया दिल्ली चलो जय हिंद और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद कर अंग्रेजों के नाको चने चबा दिए । लेकिन अफसोस यह आजादी देख नहीं सके और 18 अगस्त 1945 को ताइवान के एक जहाज दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। हालांकि इनका मौत पर सस्पेंस आज भी है जिस पर पर्दा उठाने में भारत सरकार 70 साल की आजादी के बाद भी असफल रही। सी पी आई एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा कि आज देश उनके जयंती पर पराक्रम दिवस मना रही है।

### आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में तीन रोजगार सेवक और दो बीएफटी पर प्रशासन मेहरबान

# स्थानीय प्रखंड और पंचायतों में लंबे समय से काम कर रहे हैं पांचों कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** आकांक्षी प्रखंड बांसजोर के ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजना चलाई जा रहीं हैं। लेकिन इन योजनाओं को संचालित करने वाले कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिसके चलते कई जरूरतमंद ग्रामीण योजनाओं से वंचित हैं। प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है। कहीं योजना पूरा किए बिना उसे पूर्ण दिखाया जा रहा है तो कहीं बिना ग्राम सभा के योजना चयनित करने का मामला सामने आ रहा है। कहीं लोग मजदूरी नहीं मिलने से परेशान हैं तो कहीं - कहीं एक ही परिवार के सभी सदस्यों का अलग अलग जॉब कार्ड बनाकर योजना दिया जा रहा है। ये सभी गड़बड़ी यहां के रोजगार सेवकों द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण लोग रोजगार सेवकों की मनमानी से परेशान हैं। पंचायतों में मनरेगा के तहत विकास योजनाओं के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। रोजगार सेवकों के मनमानी रवैया अपनाने के कारण जरूरत मंद लोग कल्याणकारी योजना के लाभ पाने से वंचित हैं।

### जानिए किस-किस कर्मी को मिली है अपने पंचायत और प्रखंड में नौकरी

- राम कुमार प्रधान (रोजगार सेवक) गांव - कुरकुरा, पंचायत - तरगा आवंटित पंचायत - तरगा
- भूषण लकड़ा (रोजगार सेवक) गांव - साजबहार, पंचायत - उरते आवंटित पंचायत - बांसजोर
- सुनील लकड़ा (रोजगार सेवक) गांव - साजबहार, पंचायत - उरते आवंटित पंचायत - उरते
- प्रदीप बरवा (बीएफटी) गांव - सहारा टोली, पंचायत - बांसजोर आवंटित पंचायत - बांसजोर और तरगा
- रविन्द्र गंझू (बीएफटी) गांव-जुनाडीह, पंचायत- कोम्बाकेरा आवंटित पंचायत - कोम्बाकेरा और उरते

### दो रोजगार सेवक और दो बीएफटी अपने मूल पंचायतों में कर रहे हैं नौकरी

आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में चार पंचायत है जहां 2 रोजगार सेवक और 2 बीएफटी अपने ही मूल पंचायत में नौकरी कर रहे हैं। फिर भी ये सभी कर्मी अपने - अपने पंचायतों को विकसित नहीं कर पा रहे हैं। आलम यह है कि पंचायतों में लोग मनरेगा में काम करने से डर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे कई लोगों का अब तक पुराना जॉब कार्ड तक नहीं बदला गया है। यही नहीं पंचायत में आज भी कई भी जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### बीडीओ ने स्थानांतरण के लिए जारी किया आदेश

मनरेगा रोजगार सेवक और बीएफटी के कार्यहित को देखते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से उनके स्थानांतरण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर द्वारा ज्ञापांक 48(ii) बांसजोर, दिनांक 27/01/2024 को आदेश भी जारी किया जा चुका है। जो अब सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है, और आदेश का यह चिट्ठी खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि जारी आदेश में बीडीओ ने कर्मियों को सभी उपरोक्त कर्मियों को पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर वर्तमान में आवंटित पंचायत का प्रभार का आदान-प्रदान करते हुए अधोहस्ताक्षरी सूचित करने को कहा था। साथ ही जारी आदेश में यह भी लिखा गया था कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगा। लेकिन आज भी आदेश का पालन नहीं हुआ। सभी कर्मी अपने पसंदीदा पंचायत में लंबे समय से कुर्सी जमाए बैठे हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**कोलेबिरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 24 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है।इस मेले का उद्देश्य प्रखंड के नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो और स्वास्थ्य चिकित्सा प्रभारी डॉ केके शर्मा ने प्रखंड वासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य मेला में मलेरिया जांच, कुष्ठ रोग नियंत्रण, पोषण परामर्श, टीकाकरण, दंत चिकित्सा, नेत्र जांच, स्किल सेल जांच, किशोरी और बाल स्वास्थ्य जांच, एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, टीबी कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड सुविधा, डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड, आयुष चिकित्सा, योग परामर्श, टीबी (क्षय रोग) जागरूकता, मातृत्व स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार नियोजन परामर्श, आदि निःशुल्क जांच किया जाएगा तथा निशुल्क दवा वितरण भी की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रैक्टर के धक्के से महिला की हुई मौत



**बानो।** महाबुआंग थाना के सोय पंचायत के एल्ला हरिजन टोली ट्रैक्टर के धक्के से एक महिला की मौत हो गयी। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर एल्ला से कोनसोदे जा रहा था। इसी क्रम में एल्ला हरिजन टोली के समीप ट्रैक्टर से धक्का लगने से एल्ला हरिजनटोली निवासी कष्टी देवी उम्र 65 वर्ष की मौत घटनास्थल हो गयी। घटना की जानकारी महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे मे लेते हुए अंत्यपरीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया। पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। तथा ममाले की जांच कर रही है।

### अवैध पत्थर लदे दो ट्रैक्टर व अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**कोलेबिरा।** जिले में पत्थर और बालू के अवैध उत्खनन लगातार जारी है अवैध उत्खनन पर लगाम लगाने हेतु उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के कंजोगा टांगरटोली में खनन पदाधिकारी, खनन निरिक्षक सिमडेगा एवं अंचलाधिकारी कोलेबिरा ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध पत्थर लदे दो ट्रैक्टर व कोलेबिरा एन एच मुख्य पथ से अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर जब्त किए गए ट्रैक्टर व सभी पत्थरों को थाना लाया गया जहां मामले पर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### कोलेबिरा में गणतंत्र दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**कोलेबिरा।** गणतंत्र दिवस पर कोलेबिरा स्टेडियम में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।इसको लेकर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही इसकी रूपरेखा भी तैयार की गयी।25 जनवरी को सुबह आठ बजे प्रभातफेरी निकाली जायेगी, जिसका नेतृत्व श्यामलाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, रणधीर कुमार, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, वीरेंद्र तिवारी, मोहम्मद बदरुद्दीन अहमद करेंगे।बैठक में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7.50, प्रखंड संसाधन केंद्र में 8.10, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 8.15, प्लस टू उवि में 8.20, थाना परिसर में 8.30, विद्युत और प्रमंडल कार्यालय में 8.35, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी प्रादेशिक प्रक्षेत्र 8.45, एसके बागे महाविद्यालय में 8.50, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय में 9.00 बजे, पंचायत भवन में 9.05, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय सामाजिक वानिकी में 9.10, जवाहर नवोदय विद्यालय में 9.15, प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में 9.30, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9.50 तथा स्टेडियम कोलेबिरा में 10.30 बजे तिरंगा फहराया जायेगा।स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी मैच समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### शाहपुर में मशरूम प्रशिक्षण का आयोजन



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर में कृषि विभाग के द्वारा पांच दिवसीय मशरूम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।ग्राम पंचायत मुखिया अंकिता केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।प्रशिक्षण के दौरान मशरूम की खेती के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का किया गया वितरण



**बानो।** प्रखंड के चिरू बेड़ा चर्च में सी.एन.आई.चर्च कामडारा धर्मजिला द्वारा चैरिटी वर्क के तहत चिरुबेड़ा मे जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र बितरण किया गया। कार्यक्रम में कामडारा धर्मजिला के अध्यक्ष रेव्ह प्रताप भुईयां, ने कहा जरूरत मंद लोगों के बीच कपड़े व कम्बल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा आपने पडोसी का सहयोग करें। कार्यक्रम में बानो जिला परिषद, उकौली मुखिया, रेव्ह जे. बोदरा, प्रेमानन्द शील तोपनो, निखिल भुईयाँ, बरदान तोपनो, दिलबर हेमरोम अमुस कन्डुलना आदि का सहयोग रहा।

### भाजपा ने सदस्यता अभियान के निमित्त मंडलों में स्पेशल ड्राइव चलाया



**सिमडेगा।** जिला भाजपा संगठन प्रभारी बबन गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों में सदस्यता अभियान हेतु स्पेशल ड्राइव चलाया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारी ने शक्ति केंद्र स्तर तक जाकर डोर टू डोर जाकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर विवरण भर कर भाजपा सदस्य बनाए।वहीं जिला मंत्री तुलसी साहु के नेतृत्व में कोनपाला एवं बोलबा मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया।मौके पर संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है इसका सदस्य होना गौरव की बात है।भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र हित में काम करती है अतः लोग भारतीय जनता पार्टी से खुशी-खुशी जुड़ रहे हैं।आने वाले दिनों में झारखंड में भाजपा का विशाल परिवार होगा। लोग काफी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे हैं।मौके पर महामंत्री दीपक पुरी एवं मुकेश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी, प्रदेश महिला मोर्चा सहप्रवक्ता माग्रेट बा, कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार, बानो मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, जलडेगा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार, कोनपाला मंडल अध्यक्ष विजय महतो, बोलबा मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक, सुजान मुंडा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**कुरडेग।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरडेग में 10:00 बजे पूर्वाहन में स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया है । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने आम लोगों से स्वास्थ मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और इसका लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ मेला में फाइलेरिया , मलेरिया , आँख , दांत, परिवार नियोजन , मातृ स्वास्थ , त्वचा रोग एवं अन्य प्रकार की बीमारी की जॉच कर दवा दी जाएगी।

## महाबुआंग थाना प्रभारी ने बैठक कर महिलाओं को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने बेड़ाइरगी पंचायत भवन के समीप एसएचजी महिला समिति और स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के साथ बैठक किया।बैठक कर दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, साइबर क्राइम, मानव तस्करी रोकथाम आदि विषयों पर चर्चा कर महिलाओं को जागरूक किया।बाल विवाह, बाल श्रम रोकने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम दंडनीय अपराध है।बच्चों को अध्ययन के लिए नियमित विधालय भेजें, मानव तस्करों से सजग रहें, साइबर फ्रोड से बचें किसी के बहकावे में न आएं, अनजाने फोन कोल से सावधान रहें।आज के समय महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं आप लोग भी शिक्षित और जागरूक बनें।किसी भी प्रकार की समस्या हो तुरंत थाना को सूचित करें, महाबुआंग थाना की पुलिस आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।मौके पर बेड़ाइरगी जेएसएलपीएस अध्यक्ष एश्रांति कंडुलना, सुनिता कुमारी ,अनिला देवी ,सुनिता तोपनो, फुलमनी देवी, रजनी देवी, यशोदा देवी, अगुस्टना जेते, तेतरी देवी, फुलकेरिया कंडुलना के अलावा अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# घर बैठे ही ग्रामीणों को दी जा रही है चिकित्सा सुविधा : विधायक भूषण बाड़ा

### पिथरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों को घर बैठे ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीर है। इसी कड़ी में गांवों में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य विभाग चलकर गांव पहुंच रही है। साथ ही लोगों को बेहरत स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दे रही है। ग्रामीण आगे बढ़ें और मेला का लाभ उठाएं। विधायक गुरुवार को सदर प्रखंड के पिथरा पंचायत में लगे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ विधायक सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी, सीएस डॉ रामेदव पासवान ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। इसके बाद विधायक ने विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य, कुष्ठ, बीपी, सूगर, एनिमिया, नेत्र आदि की जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों की परामर्श के अनुसार दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में सैंकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। विधायक ने कहा कि आज गांव स्तर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्तर पर भी हर माह स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है। जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, मुखिया अनिल उरांव, अजीत लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, दीपक लकड़ा आदि उपस्थित थे।



#### स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाएं ग्रामीण : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। ग्रामीण शिविर स्थिल पहुंच कर अपना स्वास्थ्य जांच कराएं। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा और राज्य सरकार सरकार की योजनाओं को दरवाजे तक पहुंचाकर लाभ देने के साथ साथ घर बैठे ही चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर रही है। विधायक हर हाल में स्वास्थ्य सिमडेगा सुखी सिमडेगा के सपने को साकार करना चाहते हैं।

### शिशु विद्या मंदिर में भाजपा ने आयोजित की क्विज प्रतियोगिता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सालडेगा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में संविधान गौरव अभियान के निमित्त क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जहां बच्चों से संविधान और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से जुड़े सवाल पूछे गए, क्विज कंपटीशन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को 26 जनवरी के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा, साथ ही अनिरुद्ध जी ने बताया की क्विज में सफल प्रतियोगियों को प्रदेश स्तर कंपटीशन में भाग लेने का मौका मिलेगा, मौके पर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के क्विज कंपटीशन से ज्ञान की वृद्धि होती है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' के तहत दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है । इसी के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा और जिला परिवहन पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी की टीम जिले में लगातार अभियान चला रही है । इसी के तहत गुरुवार को कुरडेग बस स्टैण्ड में डिभाइन नुक्कड़ नाटक ग्रुप के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया । नाटक टीम द्वारा बताया गया कि बाईक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें साथ ही सड़क पर गाड़ी चलाते समय दूसरे चालक की सुरक्षा की भी ख्याल रखें । वहीं ग्रुप के कलाकारों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों की भुमिका केवल महतो, उमेश महली, धीरेन्द्र महतो, सोनी कुमारी , मातेश्वरी कुमारी , अंजली कुमारी ने निभाई।




#### हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा थाना गेट के समीप वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। पुलिस की मदद से सभी प्रकार के वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।परीक्षण में ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन की जांच की गई।साथ ही बीपी हाई या कम एवं हिमोग्लोबिन कमी वालों को दवा दी गई।कुल 76 चालकों की जांच हुई।शिविर में डॉ तृप्ति सोरेन, सुजित कुमार, एएनएम अंजली एक्का, रामविलास साय, एएसआई सहदेव प्रसाद सहित पुलिस बल मौजूद थे।

### परिवहन विभाग के सचिव ने किया जिले का भ्रमण

**सिमडेगा।** रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटी के सचिव हरिवंश पंडित बुधवार को जिले के दौरे पर आए। इस दौरान परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बारे जानकारी ली। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा के लिए बेहतर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक, बाइक रैली, खेल प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका खास उद्देश्य सड़क हादसों में होने वाले जान माल के नुकसान को कम करना है। उन्होंने कहा कि जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जेएनवी कोलेबिरा ने धूमधाम से मनाया पराक्रम दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में 23 जनवरी 2025 को पराक्रम दिवस बड़े ही हर्ष और गरिमा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार सिन्हा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।अपने संबोधन में उन्होंने नेताजी के अद्वितीय साहस, आदर्शों और बलिदान का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन कुशलता से आशुतोष कुमार पांडे ने किया।विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन और आदर्शों पर भाषण प्रस्तुत किए, जिसमें उनके संघर्ष, अनुशासन और देशभक्ति की कहानियां उजागर की गईं।साथ ही, देशभक्ति कविताओं और ओजस्वी भाषणों ने माहौल को प्रभावशाली बना दिया।विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह आयोजन देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हुए नेताजी के आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संदेश देता है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार महतो, रामायण पासवान, मनोज कुमार, सुनील कुमार सिंह, दीप्ति यादव, रेणु कुमारी सिन्हा, अंजु तिग्गा, घनश्याम, फ़राज़ अहमद खान, ब्रजनन्दन राम, सुबोध कुमार सिंह, प्रिया कुमारी, सीमा कुमारी, टीसा मोहंती, प्रदीप, सुजीत कुमार और अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।यह आयोजन प्रेरणादायक और देश प्रेम की भावना जगाने वाला साबित हुआ।

# लेटाबेड़ा गांव में मंदिर निर्माण के वार्षिक उत्सव पर अखंड कीर्तन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा ग्राम में शिव मंदिर एवं बजरंगबली मंदिर निर्माण का पहला वार्षिक उत्सव के मौक़े पर कलश यात्रा के बाद अखण्ड कीर्तन शुरू हुआ। इस मौक़े पर बाबा उमाकांत जी महराज, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, श्यामसुंदर मिश्रा, दीनबंधु शास्त्री, ललन सिंह, केशरी सिंह, मुखिया बिनोद बड़ाइक आदि को समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौक़े पर लेटाबेड़ा, रेंगारीह, देवबाहर, कछुपानी, बोलबा, मालसाडा, किलेसेरा, समसेरा आदि गाँव के कीर्तन मंडली शामिल होकर कीर्तन कर रहे है।इस दौरान प0 परमेश्वर पंडा के साथ त्रिलोचन दास, पारसमणि दास, रोहित दास आदि के द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ यज्ञ करा रहे है।इस मौक़े पर बाबा उमाकांत जी महराज के द्वारा कीर्तन भजन एवं धार्मिक प्रवचन किया जा रहा है। बाबा ने बताया कि मनुष्य जन्म अनमोल है इसको ब्यर्थ नहीं जाने दीजिए।मनुष्य जन्म बार बार नहीं मिलता है।भगवान की भक्ति में अपने को समर्पित कीजिए, पुण्य ही साथ मे जाएगा।बाकी सब ब्यर्थ है।सांसारिक माया मोह के चक्कर मे लोग भटक रहा है।उन्होने आत्म ज्ञान, ब्रह्म ज्ञान, चेतना आदि के बारे बताया गया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हीरालाल प्रधान ने बताया कि पिछले वर्ष 22 जनवरी को यह भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों के निर्णय अनुसार इस वर्ष भी मन्दिर निर्माण वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा । उन्होने बताया कि यह वार्षिक उत्सव 22 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित है । जिसमें 22 जनवरी को कलश यात्रा एवं अधिवास पूजन होंगी।23 जनवरी को प्रातः में अखण्ड हरि कीर्तन, नाम यज्ञ शुरू होगी।इसके साथ ही हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण होंगी। जबकि 24 जनवरी को पूर्णाहुति, प्रसाद, वितरण एवं भंडारा का आयोजन होगा।इस मौक़े पर समिति के लोगों ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया है कि पूरे परिवार के साथ भारी संख्या में इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम मे भाग लेकर पुण्य का भागी बनें । इस मौक़े पर मुख्य अतिथि बाबा उमाकांत जी महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, श्यामसुंदर मिश्रा, दीनबंधु शास्त्री, ललन सिंह,. केशरी सिंह, बिनोद बड़ाईक एवं कई वरिष्ठ लोगों को आमंत्रित किया गया हैं । वहीं कई कीर्तन मण्डली को भी आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने मे हीरालाल प्रधान, रामसुभग प्रधान, पूरन प्रधान, रामलाल प्रधान, साकिन्द्र प्रधान, सेवक प्रधान, दीना प्रधान एवं समिति क लोग जुटे हुए है।



## एक नजर

### हरमू यूथ ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट उषा मार्टिन ग्राउंड में आरसीए बनाम हरमू यूथ के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीए टीम ने 35 ओवर में 10 विकेट पर 157 रन बनाया। विनय ने 29 रन, प्रणव ने 37 रन, दीपक ने 22 रन व पंकज ने 22 रन बनाया। आयुष ने 3 विकेट लेकर 23 रन, रौशन ने 2 विकेट लेकर 31 रन, शब्बीर ने 2विकेट लेकर 31 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ ने 23.5 ओवर में दो विकेट पर 158 रन बनाया। आर्यन ने 50 रन, विवेक ने 66 रन, सचिन ने 16 रन व शब्बीर ने 11 रन बनाया। कैफ ने 2 विकेट लेकर 35 रन दिया। हरमू यूथ ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

# एसपी ने किया थाना परिसर में बने अवस्थित कक्ष का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय ,गिरिडीह**

गुरुवार को गिरिडीह एस पी डॉ विमल कुमार और एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने गांडेय थाना परिसर में पंचायत समिति के पन्द्रहवीं वित्त मद से अवस्थित कक्ष और पंद्रहवीं वित्त से बने पेयर ब्लॉक का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल तोड़कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान एसपी डा विमल कुमार ने कहा कि स्वागत कक्ष निर्माण से समस्याओं के समाधान को लेकर आने वाले आमन्तुक समेत आमजनों को सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। घटना बोलकर नहीं आती, घटनाएं किसी भी समय हो सकती है इसलिए पुलिस लोगों की सुरक्षा को लेकर तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि गंभीर मामले में पुलिस अधीक्षक को भी काल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या ऐसी नहीं है जिसका समाधान नहीं है इसलिए आमजन भी छोटे छोटे पारिवारिक विवाद निपटाने का अपने स्तर से प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस का आयोजन करने एवं थाना दिवस में आने वाले मामले के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस इंस्पेक्टर कमाल खान,प्रमुख राजकुमार पाठक, समाजसेवी इंद्रदेव पाठक समेत अन्य ने संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों को बुके एवं फुलमाला देकर सम्मानित किया गया। मौके पर, समाजसेवी अर्जुन बैठा, थाना प्रभारी आनन्द प्रकाश सिंह, बीडीओ निसात अंजुम, समाजसेवी हाजी उस्मान, मुखिया अमृतलाल पाठक, पंचायत समिति सदस्य मधुमाला देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष ध्रुवदेव पंडित,मो आशिक, अभिषेक पाठक, श्याम पाठक, भरतलाल शर्मा, रीतेश पाठक, दिनेश वर्मा, सुनील रवानी, जयमंगल राय,मीटू पाठक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण की नई पहल : सुधीर

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के ईचातु बरदबेचवा प्राथमिक विद्यालय में दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी के एफडीएफसी परिवर्तन कार्यक्रम के तहत निर्मित ग्रामीण गोदाम का भव्य उद्घाटन गुरुवार को किया गया। रामगढ़ जिला के उपायुक्त द्वारा प्रदान किए गए इस गोदाम का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के सुरक्षित भंडारण और पारदर्शी बिक्री का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है। गोदाम का उद्घाटन बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किया। उन्होंने किसानों को गोदाम की उपयोगिता और कृषि क्षेत्र में इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में ईचातु पंचायत के मुखिया परमेश्वर पटेल, ग्रांट थॉर्नटन की प्रतिनिधि राज श्री, अनामिका सिंह और सोनू कुमार उपस्थित थे। दुलमी महिला किसान उत्पादक कंपनी की अध्यक्ष सरिता देवी ने गोदाम के महत्व को समझाया और इसे महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा कदम बताया।

# अजप्ता प्रखंड इकाई बरकट्ठा ने वन भोज सह मिलन समारोह का किया आयोजन

*सेवानिवृत शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, मुरलीधर महतो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के महाबर बाबा मंदिर परिसर में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और संचालन यमुना प्रसाद ने किया। मौके पर अजप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, रंजीत कुमार वर्मा, बरकट्ठा प्रखंड सचिव रामकिशुन महतो, श्रीकांत सिन्हा, किशोरी महतो, विनय सिंह, अयोध्या प्रसाद, मथुरा प्रसाद ,संतोष कुमार, राजेन्द्र आर्य, सुधीर कुमार चौधरी, मो० रियाजुद्दीन, सहीदुल अली, जनार्दन वर्मा, कमलेश प्रसाद, सुरेन्द्र दास, प्रदीप साहु, कैशर आलम, शोएब अहमद, छत्रु प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद, यमुना साव, युगल ठाकुर, पवन कुमार, विजय महतो, राकेश बिहारी पाण्डेय, महेश चौधरी, सहायक अध्यापक प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर, उमा कुमारी , मंजू देवी, मंदोदरी देवी, सेवानिवृत शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, मुरलीधर महतो कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों को बरकट्ठा संघ के द्वारा अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि बरकट्ठा अजप्ता संघ सशक्त है और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। संघ के लिए मैं आगे भी करता रहूंगा ताकि हमारा संगठन और भी मजबूती के साथ आगे बढ़े। स्वागत समारोह के बाद मौके पर शिक्षक संघ द्वारा वनभोज कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लेते हुए गीत संगीत का आनंद उठाया।

### चंदौरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी के चंदौरी पंचायत में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. धनवार पुलिस एवं किरण वेल्लोर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया. इस दौरान डॉक्टर नौशाबा ने बताया कि इस शिविर में मुफ्त इलाज किया जा रहा है जिसमें लगभग सैकड़ो मरीज का इलाज मुफ्त में किया गया. यह शिविर चंदौरी पंचायत के मुखिया आशा देवी के सहयोग से लगाया गया था इस शिविर में चंदौरी, बेलवाना और पलमरुआ पंचायत से लोग आए थे. मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल ने बताया कि इस क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप ज्यादा रहता है इसको लेकर डॉक्टर से बात हुई थी इसके बाद यहां कैंप लगाने का फैसला लिया गया था. मौके पर मुखिया आशा देवी, पारस कुमार, अफजली खातून मौजूद थे.

### बिरनी में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न सेवाओं का प्रदर्शन किया



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**

बिरनी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला आरसीएच प्रमुख राम बाबू राम, सीओ संदीप कुमार मद्धेशिया, जेएसएलपीएस पदाधिकारी विजय कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ. शाकिब जमाल, विधायक प्रतिनिधि राजदेव साव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से फीता काटकर की गई। मुख्य अतिथियों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुके और शॉल देकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मेले में लगे विभिन्न स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मेले में सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बीडीएम दामोदर कुमार, बीपीएम जयशंकर, जियाउल अंसारी, पप्पू रजक, रतन पांडेय, शुभाष वर्मा समेत कई सहिया साथी उपस्थित थे। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

### मारपीट मामले में छह व्यक्तियों को भेजा जेल

**गांडेय/ गिरिडीह।** गांडेय थाना पुलिस ने गुरुवार को छह लोगों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। बता दे कि बीते बुधवार को गांडेय बाजार के हटिया मोड के गांडेय निवासी राजकुमार राम चाट गुपचुप का ठेला लगाए हुए थे इसी क्रम में शाम को करीब 7 बजे टोपिया के दो युवक उक्त ठेला के पास पहुंचे और चाट खाने लगे इसी दौरान एक महिला ठेला के पास पहुंचे और गुपचुप खाने लगे। इस दौरान ठेला संचालक राजकुमार राम ने युवक को थोड़ा बगल होने को बोला इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत होते हुए मारपीट में तब्दील हो गई बीच बचाव में आस पास के दर्जनों लोग जुटे और आक्रोशित होकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिए। मौके पर प्रशासन पहुंचे और मामले को शांत करते हुए दोनों तरफ से छह लोगों को हिरासत में लेते हुए गुरुवार को दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर केश दर्ज किया गया।

# मुश्किलों का सामना सकारात्मक रूप के साथ करें : प्राचार्य मदन कुमार सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गुरुवार को कोयला नगर डीएवी व द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमिक में खुशी क्लास का आयोजन लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। डीएवी में खुशी क्लास की अध्यक्षता प्रिंसिपल एन एन श्रीवास्तव ने किया। जबकि द्वारिका में अध्यक्षता व संचालन प्रिंसिपल मदन कुमार सिंह ने किया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन, हाईपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति को समाज से खदेड़ दी देनी है। सकारात्मक माहौल में घर के आंगन और स्वयं दिल में खुशी के दीप को जलाए रखना है। जिंदगी हमें जिंदादिली से जीने को मिली है। इसे हम तनाव-डिप्रेशन के हवाले तो कदापि नहीं करेंगे। सकारात्मकता आपके आत्मबल और हौसले को जबरदस्त रूप से बढ़ाता है। खुशी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि हमेशा हंसते ही रहें। खुशी आपके आत्मशक्ति में छुपी है। किसी भी तरह के दर्द-पीड़ा, झंझावत का मुकाबला सकारात्मक भाव से करें। तनाव-निराशा खुद पर हावी न होने दें। खुशियों का स्वागत दिल खोल कर करें और मुश्किलों का सामना सकारात्मक भाव से करें। सही मायने में यही खुशी है। चौहान ने बच्चों से कहा कि छात्र अंक के कारण ही तनाव में आ जाते हैं। जबकि अंक आपके व्यक्तित्व, प्रतिभा की पहचान ही नहीं है। अंक एक सूचक मात्र है, वो बतलाता है कि अभी आप कहां खड़े हैं। अंक को चुनौती के रूप में जरूर लें, पर डर या तनाव के रूप में कभी भी नहीं।

### स्कूल में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगापाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक आई पी भारती तथा प्राचार्या स्वती रंजन के द्वारा मानवता,समता और न्याय के अग्रदूत नेताजी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन मे निदेशक ने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे अग्रदूत थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, नेतृत्व कौशल और ओजस्वी भाषण से देश के लाखों युवाओं को आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्या ने कहा कि नेताजी जितने बड़े व सुलझे हुए नेतृत्वकर्ता और संगठनकर्ता थे,उतने ही बड़े क्रांतिकारी, विचारक व आलोचक भी थे।उनका जीवन, उनके विचार और कठोर त्याग आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। छात्रों द्वारा नेताजी को श्रद्धांजलि देते हुए गीत और नृत्य नाटिका तथा झांकी भी प्रस्तुत किया गया।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री दिवंगत सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनाई गई

**चांडिल।** चांडिल गोलचक्कर में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिवंगत सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनाई गई. मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदधारी व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी याद में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ईचागढ़ के विकास पुरुष के रूप में दिवंगत सुधीर महतो को हमेशा याद किया जाएगा. उनके कार्यकाल में हुए अमूलचूल कार्य ईचागढ़ के विकास में मिल के पत्थर साबित हो रहे हैं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुधीर किस्कू, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, दिलीप किस्कू, भुगलू सोरेन, धर्मु गोप, अमय टुडु, बुद्धेश्वर हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

### अरुणोदय सीए ने 34 रन से जीता

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में अरुणोदय सीए बनाम कुशमाही सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अरुणोदय सीए ने 29.1 ओवर में 10 विकेट पर 185 रन बनाया। आदर्श ने 41, अभिषेक ने 35, अमित सिंह ने 25, काव्यांश ने 25 व अरुण कुमार ने 15 रन बनाया। संतोष कुमार ने 31 रन देरकर 2 विकेट, रोहित ने 34 रन देकर 2 विकेट, भास्कर ने 24 रन रन देकर 2 विकेट, अंकित कुमार ने 25 रन देकर 1 विकेट व सोनू ने 43 रन देकर 1 विकेट लिया। कुशमाही सीए ने 27 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन बनाया। सुबोध ने 66, अंकित ने 17 व सोनू ने 16 रन बनाया। अंकित ने 24 रन देकर 3 विकेट, शशिकांत ने 8 रन देकर 2 विकेट, विक्रम ने 19 रन देकर1 विकेट, एमडी सरोश ने 49 रन देकर 1 विकेट, मोनू कुमार ने 17 रन देकर 1 विकेट व काव्यांश ने 27 रन देकर 1 विकेट लिया। अरुणोदय सीए ने 34 रन से जीता।

### टाटीसिलवे ए ने 2 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में टाटीसिलवे ए बनाम क्लासिक सीसी के बीच खेला गया। पहले टॉस जीत कर क्लासिक सीसी पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। क्लासिक सीसी ने 29.2 ओवर में 10 विकेट पर 185 रन बनाया। अविनव ने 56, रौनक ने 42 व आशीष ने 25 रन बनाया। राहुल मिश्रा ने 21 रन देकर 3 विकेट, संगम कुमार ने 38 रन देकर 2 विकेट लिया। टाटीसिलवे ए ने 29.5 ओवर में आठ विकेट पर 189 रन बनाया। अमित ने 44, राहुल सिंह ने 32, राहुल मिश्रा ने 38 व संगम कुमार ने 40 रन बनाया। आदित्य ने 31 रन देकर 2 विकेट व रयान ने 36 रन देकर 2 विकेट लिया। टाटीसिलवे ए ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।

### निजी खर्च से पूर्व प्रमुख ने किया 67 कंबलों का वितरण

# जरूरतमंदों की सेवा करना ही धर्म है : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड के भरकट्टा मंडल अंतर्गत मनकडीहा पंचायत के भरकट्टा बाजार में ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल और चादर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व प्रमुख सुलोचना देवी और जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह ने किया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को कंबल और चादर वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर जरूरतमंदों को इस पहल के लिए सराहा। पूर्व प्रमुख सुलोचना देवी ने इस अवसर पर कहा कि, हमने इस ठंड के मौसम में 500 कंबल वितरण करने का मिशन शुरू किया है ताकि ठंड के इस कठिन समय में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत दी जा सके। ठंड में जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यह पहल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, और मैं सभी सक्षम लोगों से अपील करती हूं कि वे आगे आकर समाज के जरूरतमंदों की मदद करें। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण तकलीफ में न रहे। इस अवसर पर कहा कि, "हमने 500 कंबल वितरण करने का मिशन शुरू किया है ताकि ठंड के इस कठिन समय में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत दी जा सके। यह पहल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, और मैं सभी सक्षम लोगों से अपील करती हूं कि वे आगे आकर समाज के जरूरतमंदों की मदद करें। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण तकलीफ में न रहे। मौके पर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह, प्रखंड अध्यक्ष टुपलाल वर्मा, पवन सिंह, मुन्ना सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक वर्मा, अवधेश, और संतकुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और समाज के जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### एसडीओ ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

# जलीय कृषि किसान दोहरे लाभ ले सकते हैं: एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

एसडीओ जोहन टुडु ने खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा में जली कृषि मॉडल पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुंबई के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें कुल 70 किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर जलीय कृषि के तरीकों को जानने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर एसडीओ ने प्रशिक्षण पत्रिका का भी अनावरण किया. किसानों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने जलीय कृषि की जानकारी देते हुए इसे लाभप्रद और सुरक्षित बताया. उन्होंने कहा कि किसान मत्स्य पालन के साथ जलीय कृषि कर दोहरे लाभ ले सकते है. इस अवसर पर उन्होंने पानी फल सिंघाड़ा की खेती करने के लिए प्रेरित किया. विदित हो कि मुंबई की इस संस्थान ने कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रेम कुमार की अगुवाई में हजारीबाग जिले में पूर्व में भी जलीय कृषि पर आधारित प्रशिक्षण आयोजित किया है. जिसका किसानों ने भरपूर लाभ लिया है.

### झारखंड होमगार्ड का प्रतिनिधिमंडल रवि कुमार से मिला, कहा

# गृहरक्षकों को दो वर्षों से नहीं मिला मानदे, आर्थिक स्थिति हो रही दयनीय



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

गुरुवार को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ न्यू बस स्टैंड स्थित ब्रिगेडियर पूरी पार्क रामगढ़ में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार तथा रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो से औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। सभी होमगार्ड जवानों ने अपना परिचय देते हुए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि रामगढ़ जिला के अंतर्गत तमाम अंचल व प्रखंडों में प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों को लगभग दो वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं होने से आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तथा होमगार्ड जवानों के बीच आ रही छोटी-मोटी समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस संदर्भ में केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार ने कहा कि संबंधित विभाग से मिलकर इस पर हम लोग पहल करने का प्रयास करेंगे और निश्चित तौर पर आप लोग का मानदेय का भुगतान निश्चित तौर पर होगा। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने भी कहा कि आप लोग की मांग जायज है इस पर संबंधित विभाग को संज्ञान में लेकर मांगों को पूरा करने की आवश्यकता है। पूरा नहीं होने पर जेएलकेएम पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो को इन सारी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर विधानसभा पटल पर भी आवाज उठाने का आग्रह किया जाएगा। मुलाकात में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष मो.शाहिद रज्जा, उपाध्यक्ष अशोक महतो, कोषाध्यक्ष आनंद मोहन, उपकोषाध्यक्ष सूरज महतो, सचिव प्रदीप कुमार, उपसचिव राज किशोर महतो, कार्यालय सचिव मंटू मुंडा, नगर परिषद उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू शामिल थे।

### पूर्व विधायक ने एक बार फिर थामा कांग्रेस का दामन

# प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष ने पहनाई माला



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव की कांग्रेस में एक बार फिर से घर वापसी हो गई है। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। कि पार्टी ने एक बार फिर से श्री अकेला पर विश्वास करते हुए बरही विस में पार्टी को मजबूत बनाने की अपील किया है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, सह प्रभारी बेला प्रसाद, विधायक दल नेता प्रदीप यादव,पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह, रियाज अंसारी, सुल्तान अहमद, सनी सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, जयशंकर पाठक, सुबोधकांत सहाय पूर्व विधायक अंबा प्रसाद आदि कई लोग मौजूद थे। विदित पूर्व विधायक श्री अकेला 2019 में कांग्रेस पार्टी से बरही के विधायक निर्वाचित किए गए थे। परंतु 2024 के झाविस चुनाव में टिकट नहीं मिलने के कारण वह अपने पुराने घर समाजवादी में वापस चले गए थे। सपा की टिकट से उन्होंने विस चुनाव लड़ने का काम किया, जहां उन्हें सफलता नहीं मिली।

### शौचालय का पानी छठ तालाब में बहने को लेकर थाना में आवेदन

# तालाब के पास पनसोखा के लिए गड्ढा बनाने का भी लगाया आरोप

*उक्त तालाब में पवित्र छठ पूजा का पर्व और प्रतिमा विसर्जन भी सम्पन्न किया जाता है, उस तालाब में गंदा पानी बहता है जो ठीक नहीं है*



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय प्रबंधन द्वारा शौचालय का गंदा पानी कम्पाउंड के बाहर तालाब में समावेशित करने व कैम्पस के बाहर पनसोखा बनाने का विरोध करते हुए समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने गुरुवार को तिसरी थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में राजकुमार शर्मा द्वारा लिखा गया है कि मुख्यालय स्थित बड़ा तालाब यहां के लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है। आस पास के लोग तालाब में नहाने, हांथ पैर धोने, पूजा पाठ के लिए जल लेने का काम करते हैं, इतना ही नहीं उक्त तालाब में पवित्र छठ पूजा का पर्व और प्रतिमा विसर्जन भी सम्पन्न किया जाता है लेकिन बगल स्थित कस्तूरबा विद्यालय से शौचालय का पानी का बहाव कैम्पस के बाहर तालाब की ओर कर दिया गया है। जिसके कारण गंदा पानी तालाब की ओर समावेशित हो रहा है। इतना ही नहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा कैम्पस के बाहर तालाब की ओर पनसोखा के लिए गड्ढा भी खोदा गया है। लिहाजा राजकुमार शर्मा ने तिसरी थाने में लिखित शिकायत कर इसपर पूर्णरूपेण रोक लगाने का अनुरोध किया है। राजकुमार शर्मा ने इसे घृणित कार्य बताया है, कहा कि मुख्यालय में स्थित एकमात्र जलस्त्रोत से लोगों की आस्था भी जुड़ी हुई है। विद्यालय प्रबंधन इसकी व्यवस्था कैम्पस में ही करे। वहीं इस संबंध में कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने खुद को बहुत बिजी बताते हुए बाद में बात करने की बात कही।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

वासनायें मनुष्या की सबसे निष्ठुर शत्रु हैं, वह उन्हें तृप्त नहीं कर सकता। केवल ईश्वर को जानने की एकमात्र अभिलाषा रखो। इन्द्रियों की मांगों को संतुष्ट करके तुम संतुष्ट नहीं हो सकते, क्योंकि इन्द्रियां तुम्हारा स्वरूप नहीं है. वे तो केवल तुम्हारी सेवक हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# कौशल और प्रबंधन से बढ़ेगा रोजगार

भारत की कौशल में पारंगत नई पीढ़ी देश के तेज विकास और विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली नई आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रही है। यह पीढ़ी, जहां अपनी कौशल प्रतिभा से देश के उद्योग-कारोबार को संवार रही है, वहीं सेवा निर्यात से देश के लिए विदेशी मुद्रा की कमाई कर रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं और प्रवासी भारतीय दुनिया के अन्य प्रवासियों की तुलना में सबसे अधिक रेमिटेंस (धन) भारत भेज रहे हैं।वर्ष 2024 में प्रवासी भारतीयों द्वारा 129 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा गया है। हमारे हाई-स्किल्ड युवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है। भारत ने हाल के वर्षों में करीब दो दर्जन देशों के साथ आव्रजन और रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। इनमें खाड़ी देशों के अलावा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, मॉरिशस, यूके और इटली जैसे देश शामिल हैं। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी सत्या नडेला ने कहा कि नए डिजिटल दौर में भारत हाई-स्किल्ड सेवाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में बड़ी संभावनाएं हैं। गणित के क्षेत्र में भारत के पास बहुत प्रतिभाएं हैं। एआई के कारण नौकरियां जाने के खतरे के डर पर नडेला ने कहा, 'वर्ष 2000 में 40 लाख कॉल सेंटर कर्मचारी थे, लेकिन अब इन कर्मचारियों की तादाद चौगुनी होकर 1.7 करोड़ हो गई है।'विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की नवीनतम रिपोर्ट 'भविष्य की नौकरियों' में कहा है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई हाई-स्किल्ड नौकरियां पैदा होंगी। तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव आदि परिवर्तनों के कारण नई हाई-स्किल्ड नौकरियों को रफ्तार मिलेगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में नियोक्ताओं का मानना है कि सेमीकंडक्टर और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उनके परिचालन में बदलाव आएगा, वहीं नियोक्ताओं का यह भी मानना है कि क्वांटम और एन्क्रिप्शन प्रौद्योगिकियों को अपनाने से उनके परिचालन में भी बदलाव आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है, विश्व स्तर पर एआई कौशल की मांग में तेजी आई है, ऐसी मांग के मद्देनजर भारत और अमेरिका अग्रणी हैं। ऐसे में भारत में सबसे तेजी से बढ़ती जिन नौकरियों की भूमिकाएं होंगी, उनमें बड़े डाटा विशेषज्ञ, एआई और मशीन लर्निंग विशेषज्ञ और सुरक्षा प्रबंधन विशेषज्ञ शामिल हैं। ये सभी नौकरियां वैश्विक रुझानों के साथ निकटता से जुड़ी हुई हैं।भारत दुनिया की कौशल राजधानी बन रहा है और जरूरतों को देखते हुए अपने युवाओं का कौशल विकास कर रहा है। सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है।

> *विश्व स्तर पर एआई कौशल की मांग में तेजी आई है, ऐसी मांग के मद्देनजर भारत और अमेरिका अग्रणी हैं।*

पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का बनेगा स्मारक

# खुद की खोज के सम्मान से अब कांग्रेस हो रही है परेशान



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का दिल्ली में मेमोरियल बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने मेमोरियल के लिए हरी झंडी दे दी है। केन्द्र सरकार के इस निर्णय के बाद स्व.मुखर्जी के प्रशंसक, उनके परिजन और देशवासी प्रसन्न हैं। सरकार के इस निर्णय को लेकर देश में व्याप्त खुशी को समझने के लिए स्व.प्रणब मुखर्जी की पुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी के बयान को उद्धृत करना काफी होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखे उनके शब्दों के अनुसार "मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनकी और उनकी सरकार का तहे दलि से शुक्रिया कि उन्होंने मेरे बाबा (प्रणब मुखर्जी) के लिए स्मारक बनाने का फैसला लयिा है। यह इसलिए भी खास है क्योंकि न तो हमारी तरफ से और न ही किसी ने बाबा के लिए मेमोरयिल बनाने के लए़ि सरकार से कोई मांग की थी। प्रधानमंत्री के इस दयालु भाव से मैं बहुत प्रभावति हूं।" ऐसा नहीं है कि सिर्फ प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ही केंद्र सरकार के इस फैसले पर गदगद हुई हों। देश की खुशी का आकलन इस आधार पर भी बखूबी किया जा सकता है कि प्रणब मुखर्जी के नाम पर मेमोरियल बनाने के निर्णय सामने आते ही मीडिया के लगभग सभी माध्यमों में इसने सुर्खियां बटोरने का काम किया। संदर्भवश यह बताते चलें कि स्व.मुखर्जी को भारतीय राजनीति की भद्रमानुष परंपरा के लिए जाना जाता है। अपने लंबे राजनैतिक जीवन में उनकी शख्सियत को लेकर न पक्ष में कभी कोई विरोधी नजर आया और न विपक्ष ही उनके व्यक्तित्व को लेकर कभी किसी दुराग्रह का शिकार हुआ। राजनीति में सक्रिय वर्तमान पीढ़ी में प्रणव मुखर्जी जैसा व्यक्तित्व न केवल एक दुर्लभ उदाहरण है बल्कि कई मायनों में अनुकरणीय भी है। स्व.प्रणब मुखर्जी के व्यक्तित्व को इसलिए भी कमाल का माना जाता है क्योंकि 11 दिसंबर 1935 को जन्म लेने वाला यह राजनेता 1986 से 1989 की छोटी सी अवधि को छोड़ कर राष्ट्रपति बनने तक कांग्रेस का सक्रिय व वरिष्ठ अधिकारी बना रहा। 25 जुलाई 2012 को भारत के तेरहवें राष्ट्रपति के लिए शपथ ग्रहण करने वाले स्व.मुखर्जी इसके पहले कांग्रेस की सरकार में वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वाह किया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा बहुत कम उदाहरण देखने को मिलेगा जब एक व्यक्ति के खाते में इतनी उपलब्धियां दर्ज हों। वस्तुतः ऐसा तब ही संभव हो सकता है जब व्यक्ति काबिल हो और स्व. मुखर्जी की काबिलियत में कभी किसी ने सवाल खड़ा नहीं किया।

उल्लेखनीय है कि अपनी तत्संबंधी उपलब्धियों का ही कमाल है जब कांग्रेस के धुर विरोधी भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में उन्हें भारत के सबसे बड़े सम्मान "भारत रत्न" का हकदार माना गया। अब यदि भारत सरकार ने एक मेमोरियल बनाने का निर्णय लिया है तो इसे भी उनकी काबिलियत का प्रमाण माना जा रहा है। सरकार के इस कदम की चहुंओर प्रशंसा हो रही है परन्तु दुर्भाग्यवश कांग्रेस के अंदर सरकार के इस निर्णय को लेकर खलबली है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विरोध का यह निर्णय कांग्रेस का आधिकारिक स्टैंड है या सिर्फ विरोध के लिए विरोध की नीति रीति का कोई हिस्सा मात्र है। इस मामले को लेकर जैसी खबरें आ रही हैं उसके अनुसार केंद्र सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस पार्टी भड़क उठी है। कांग्रेस नेता दानिश अली के बयान से इसे बखूबी समझा जा सकता है जिसके अनुसार केंद्र सरकार का ये फैसला प्रणब मुखर्जी को उनके संघ प्रेम का उपहार है। दानिश इतने पर नहीं रुके बल्कि इस प्रकरण में उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि पूर्व राष्ट्रपति मुखर्जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में शीश नवा कर हेडगेवार को धरती-पुत्र कहा था और अब नरेंद्र मोदी सरकार ने उन्हें उनका उपहार दे दिया है। दानिश का यह बयान व्यक्तिगत हो सकता है परन्तु उनके मंतव्य पर न कोई खंडन सामने आया, न कांग्रेस के अंदर कोई विरोध हुआ और न कांग्रेस ने इसे लेकर कोई आपत्ति ही दर्ज की। मतलब साफ है कि इस मुद्दे को लेकर दानिश अली के उपर किसी न किसी बड़े कांग्रेसी का हांथ जरूर है या फिर किसी सोची समझी नीति के तहत उनका बयान सामने आया है। यदि ऐसा कुछ होता तो डॉ.मनमोहन सिंह के लिए अंतिम संस्कार के पहले ही मेमोरियल की मांग करनेवाले कांग्रेसियों की ओर से दिग्गज कांग्रेसी रहे प्रणब दा के विरोध में दिये जा रहे दानिश के इस बयान पर आपत्ति जरूर जताई जाती। ऐसा भी तब जबकि दशकों तक कांग्रेस की सेवा करने वाला और पार्टी में डॉ.मनमोहन सिंह से वरिष्ठता रखने वाला यह शख्स इंदिरा गांधी के कालखंड में तो उनके सबसे भरोसेमंद सहयोगी के तौर पर जाना जाता रहा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात



**केदारनाथ दास**

राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) पर विशेष

## बच्चियों को उड़ने की आजादी दें, पंख खुद लगा लेंगी

देश में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' का आज 17 संस्करण मनाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सन-2008 से हुई। इसी दिन यानी 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने पहली बार बतौर प्रधानमंत्री कार्यभार संभाला था। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पूरे भारत में विभिन्न स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें 'सेव द गर्ल चाइल्ड', 'चाइल्ड सेक्स रेशियो' व 'चाइल्ड क्राइम प्रोटेक्शन' अभियानों के अलावा बालिकाओं के स्वास्थ्य और उन्हें सुरक्षित वातावरण देने सहित तमाम तरह की जागरूकता मुहिम चलाई जाती है। इसमें सामाजिक और सरकारी संस्थानों की भागीदारी होती है।अफसोस, ऐसी तमाम कोशिशों के बावजूद बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले जुल्म और अपराध कम नहीं हो रहे।

किशोरियों की तस्करी सबसे बड़ा चिंता का विषय है। कई राज्यों में बच्चियां अपने घरों में बंदिशों की बेड़ियों में जकड़ी हुई हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में संपन्न हुए संसद के शीतकालीन सत्र में आंकड़ा पेश कर बताया कि पूरे देश में अभी लाखों की संख्या में बच्चियों को उनके अभिभावक स्कूलों में नहीं भेजते। ये हाल तब है जब बच्चियों की शिक्षा पर केंद्र व राज्य सरकारें सजगता से लगी हुई हैं। यहां सरकारों को दोष नहीं दे सकते। बच्चियों से जुड़ी मौजूदा समय की सबसे विकराल समस्या 'बाल तस्करी' ही है। इस विकट समस्या का कैसे समाधान हो, इसे लेकर जनमानस कैसे जागरूक हों आदि विषय को ध्यान में रखकर ही सालाना 24 जनवरी को पूरे भारत में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है। बेटियों के सम्मान में केंद्र सरकार का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा जबरदस्त सफल रहा है। इससे बालिका लिंगानुपात में भी इजाफा हुआ है। 2014 में बेटियों के जन्मानुपात का आंकड़ा 918 था, तो वहीं 2022-23 में 15 अंकों की छलांग लगाकर ये आंकड़ा 933 तक जा पहुंचा। इस आंकड़े में हरियाणा अभी भी पिछड़ा हुआ है। देश की तरक्की में बेटियों को उड़ने की आजादी मिलनी चाहिए। उनकी शिक्षा-दीक्षा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। हालांकि किशोरियों के लिए जबसे माहौल बदला है, उन्होंने अपनी काबीलियत साबित कर दी है। रक्षा से लेकर खेल तक कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां बेटियां परचम न फहरा रही हों। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात



**डॉ. रमेश ठाकुर**

# बालिका दिवस: हर बेटी के सपनों को उड़ान देने का दिन

*बालिका दिवस, आशाओं का समारोह,*
*सपनों की उड़ान, नई संभावनाओं का द्वार।*
*शिक्षा की ज्योति, समानता का प्रकाश,*
*हर बेटी का उत्थान, भविष्य का आधार।*

बालिकाओं के सपनों को पंख देने के लिए, एक नई ऊर्जा के साथ हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवस। यह दिन समाज को याद दिलाता है कि बालिकाएं न केवल भविष्य की निर्माता हैं, बल्कि वर्तमान की शक्ति भी हैं। उनके अधिकारों और सशक्तिकरण की ओर उठाए गए कदमों को स्मरण करते हुए, हमें सुनिश्चित करना होगा कि वे हर क्षेत्र में अपना पूर्ण विकास कर सकें। 2025 की थीम "सपनों की उड़ानः बालिकाओं के लिए नए आयाम" इंगित करती है कि अब समय आ गया है जब हम बालिकाओं को उनके सपनों की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक मंच और अवसर प्रदान करें। राष्ट्रीय बालिका दिवस का गौरवशाली इतिहास हमें 2008 की ओर ले जाता है, जब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसे पहली बार मनाने का साहसिक कदम उठाया। 24 जनवरी को इस दिन को मनाने का निर्णय इसलिए हुआ क्योंकि इसी दिन 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह दिन नारी शक्ति का सम्मान और उनकी असीम संभावनाओं को मान्यता देने का प्रतीक बन गया है। इंदिरा गांधी का नेतृत्व यह साबित करता है कि महिलाएं, जब उन्हें सही अवसर मिले, तो वे हर क्षेत्र में विजय पताका फहरा सकती हैं।

आज भी, बालिकाओं की स्थिति में परिवर्तन देखने को मिला है, लेकिन चुनौतियाँ अभी भी हिम्मत के साथ खड़ी हैं। बाल विवाह, लिंग भेदभाव, और शिक्षा में असमानता जैसी समस्याएं देश के अनेक कोनों में अपनी जड़ें मजबूती से जमाए हुए हैं। इन कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ-साथ समाज के सामूहिक संकल्प का विशेष महत्व है। ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व जैसे अभियानों ने बालिकाओं की शिक्षा की अहमियत को जन-जन तक पहुँचाया है और उनके अधिकारों के प्रति सचेतनता बढ़ाई है। ये प्रयास हमें याद दिलाते हैं कि बालिकाओं को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है, जिससे एक समतामूलक और शिक्षित समाज की नींव रखी जा सके।

बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए देश के अनेक क्षेत्रों में जोरदार प्रयास हो रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेल, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चल रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप, कई बालिकाएं खेल, विज्ञान और कला में अद्भुत सफलताएं हासिल कर रही हैं, जो उनके लिए नए अवसरों की सीढ़ियाँ खोल रही हैं। 2025 की थीम "सपनों की उड़ान" हमें स्मरण कराती है कि केवल अवसर देना ही पर्याप्त नहीं है; हमें ऐसा वातावरण भी निर्मित करना होगा जहाँ बालिकाएं अपने विचारों और क्षमताओं को निर्भीकता से व्यक्त कर सकें। ऐसा माहौल उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन की दिशा स्वयं चुनने का अधिकार देता है। आज के समाज में बदलाव की तेज हवा बह रही है। बालिकाओं के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसरों में विस्तार हुआ है। रळएट (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) के क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन पहलों से यह स्पष्ट होता है कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ सकती हैं, बस जरूरत है उन्हें सही समर्थन और मार्गदर्शन की। मगर, यह भी सच है कि बालिकाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा जैसी समस्याओं से निपटना समाज के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी है। जब तक हम इन चुनौतियों से मिलकर नहीं लड़ेंगे, तब तक बालिकाओं के सशक्तिकरण का स्वप्न अधूरा ही रहेगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें एक ऐसा संकल्प लेने का मौका देता है जहाँ हर बालिका अपने सपनों को पंख लगाकर उड़ान भर सके, आजादी और सुरक्षा के साथ। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात



**प्रो. आर.के. जैन "अरिजीत"**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आये, बैठे, उड़ गए, बच्चों से कर बात।
पंछी थे तो निभ गयी, मानव भूला जात।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# समान हो शिक्षा का स्तर निजी हो या सरकारी शिक्षण संस्थान

(अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस विशेष 24 जनवरी 2025)

मनुष्य के जीवन की आधारशिला उसकी शिक्षा होती है, आज के आधुनिक युग में हम सभी शिक्षा का मोल बखूबी समझते हैं। दुनिया में किसी भी क्षेत्र का सर्वोच्च स्थान हम शिक्षा की योग्यता के आधार पर हासिल कर सकते हैं। साक्षरता और उच्च शिक्षा में लगातार वृद्धि के साथ, दुनिया भर में शिक्षा प्रणाली नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। देश में भी नई शिक्षा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए नित नए उपक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। तकनीकी ज्ञान, कौशल, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम दिन ब दिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के सुदृढ़ता का बखान तो कर रहे हैं, फिर भी भारत देश से विदेश पढ़ने जानेवाले विद्यार्थियों की संख्या हर साल बढ़ती ही जा रही है। 2024 में लगभग 13, 35,878 भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे, 2023 में 13,18,955 छात्र थे, जबकि 2022 में 9,07,404 छात्र थे। जबकि इस तुलना में हमारे देश में विदेश से आने वाले छात्रों की संख्या बेहद कम है, जो ज्यादातर छात्र विशेषकर नेपाल, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से भारत आते है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2021-22 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के 170 देशों के कुल 46,878 विदेशी नागरिक/छात्र भारत में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में केवल 40,431 विदेशी छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत आए।

देश के बड़े शहरों और महानगरों के कुछ निजी शिक्षा संस्थान तो पांच सितारा होटल जैसे प्रतीत होते हैं। हाल ही में मैंने देश के महँगे स्कूली शिक्षा की वार्षिक फीस की जानकारी ली थी, जिससे पता चला कि हमारे देश में कुछ निजी स्कूल की वार्षिक फीस 15-20 लाख रुपये तक भी है। देश में सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली सेवा सुविधाओं का अध्ययन करने पर पता चलता है की, आज भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी जगत शिक्षा के आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी दुर्गम भागों, पहाड़ी क्षेत्रों में स्कूली बच्चे नदी, नाले, जंगली क्षेत्र पार करके स्कूल जाते है, क्योंकि पक्की सड़क, पुल या सरकारी परिवहन की सुविधा नहीं है। बहुत से सरकारी स्कूल में कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, खेल सामग्री, मैदान, पर्याप्त मेज कुर्सी, यांत्रिक उपकरण, बिजली, पिने का शुद्ध पानी भी नहीं है। अनेक स्कूल भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे बहुत बार जानलेवा हादसे होने की खबरें भी देखने-सुनने को मिलती हैं। अक्सर देखा जाता है कि, काबिलियत होते हुए भी बेहतर सुख-सुविधाओं की कमी के कारण प्रतिभावान बच्चे अपने लक्ष्य से दूर रह जाते है।

राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की, कि अक्टूबर 2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,182 शिक्षण पद रिक्त हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की दर 35 प्रतिशत से अधिक है, यहां तक कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों में भी शिक्षकों की कमी है, जो कुछ मामलों में 46 प्रतिशत तक है। फिलहाल पदभरती की राह देखते महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अकृषक विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं। दिसंबर 2023 तक, शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सरकारी स्कूलों में 8.4 लाख शिक्षक रिक्तियां थी। 2023 के शुरुआत में एक प्रमुख दैनिक के मुताबिक, देश में लगभग 1.2 लाख स्कूल एकल शिक्षक द्वारा चलाए जाते रहे हैं। सभी भारतीय स्कूलों की तुलना में यह अनुपात 8 प्रतिशत है, यह संख्या दर्शाती है कि छात्रों की बड़ी संख्या के कारण एक ही शिक्षक पर अत्यधिक बोझ है। कर्नाटक सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने 19 दिसंबर, 2024 को विधानसभा को सूचित किया कि कर्नाटक राज्य में शिक्षकों के 59,772 रिक्त पद हैं। कर्नाटक राज्य के लगभग 6,158 सरकारी स्कूलों में एक-एक शिक्षक हैं, जो 1.38 लाख छात्रों की जिम्मेदारी संभालते है। 530 स्कूलों में 358 शिक्षक है परंतु यहां कोई छात्र नहीं हैं, राज्य के सरकारी शालाओं में छात्रों के नामांकन में भी गिरावट जारी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अलग बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही, स्नान करने से बहुत से लाभ प्राप्त होते हैं : जगद्गुरु रामभद्राचार्य

**एजेंसी। प्रयागराज**



महाकुंभ का आज 11वां दिन है। कई करोड़ लोग अब तक अमृत स्नान कर चुके हैं। साधु-संत, राजनीतिक दलों और लोगों को महाकुंभ जाने का सिलसिला जारी है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी महाकुंभ आए हैं। उनका कहना है कि महाकुंभ का बहुत बड़ा महत्व है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गुरुवार को आईएएनएस बातचीत की और कई सवालों के जवाब दिए। रामभद्राचार्य ने कहा कि महाकुंभ का बहुत बड़ा महत्व है। महाकुंभ में स्नान करने से बहुत से लाभ प्राप्त होते हैं। सनातन संस्कृति के लिए बहुत बड़ा दिन है। महाकुंभ की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। इंस्टाग्राम रील बनाने पर रामभद्राचार्य ने कहा है कि महाकुंभ में इस तरह के दृश्य नहीं होनी चाहिए, जो हो रहा है या ठीक नहीं है। राजनाथ सिंह और कई वीआईपी नेता महाकुंभ में अमृत स्नान कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा है कि देश के बड़े-बड़े नेता यहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं ये बहुत अच्छी बात है। राहुल गांधी अभी नहीं आए हैं, इस पर उन्होंने कहा कि उनके लिए दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक विपक्ष के नेता नहीं आ रहे हैं। अखिलेश यादव प्रयागराज नहीं आए, इस पर उन्होंने कहा कि आखिर उन्हें गंगा से आपत्ति क्यों है? गंगा में क्यों नहीं आना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। इस पर उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह आठ बजे तक सात लाख लोगों ने स्नान किया है। बीते बुधवार को 48.74 लाख से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई थी।

## महाकुंभ में सीएम योगी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम : देवकी नंदन

**महाकुंभ नगर।** प्रख्यात कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने महाकुंभ 2025 के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में की गई भव्य और दिव्य तैयारियों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सड़क, पानी और अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते हुए इस महापर्व को ऐतिहासिक बनाने में अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर हर पहलू को सुदृढ़ बनाने की सराहना की। देवकी नंदन ठाकुर ने केंद्र और प्रदेश सरकार को सनातन धर्म का हित चाहने वाली डबल इंजन सरकार बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों ही सनातन धर्म के विकास के लिए समर्पित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी सरकार का शासन प्रदेश और देश के लिए अत्यंत लाभकारी है। 27 जनवरी को आयोजित होने वाली 'सनातन धर्म संसद' की घोषणा करते हुए ठाकुर ने इसके मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस संसद का मुख्य लक्ष्य 'सनातन बोर्ड' का गठन करना है। इस बोर्ड के माध्यम से धर्म परिवर्तन पर रोक, मंदिरों की संपत्ति का संरक्षण और धार्मिक संस्थानों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। देवकी नंदन ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में मंदिरों की धनराशि का उपयोग ऐसे कार्यों में हो रहा है, जो सनातन धर्म के विपरीत हैं। उन्होंने बताया कि इस धन से हज यात्राएं और चर्च निर्माण किए जा रहे हैं, जबकि इसे गुरुकुल, गौशाला, अस्पताल और असहायों के कल्याण में लगाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'सनातन बोर्ड' बनने के बाद यह समस्या हल हो जाएगी। देवकी नंदन ठाकुर ने सनातन धर्म के संरक्षण और उन्नति के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम मांगते नहीं, इसलिए हमें मिला नहीं। वर्तमान सरकार से उन्होंने उम्मीद जताई कि वह उनकी बातों को सुनेगी और सनातन धर्म की उन्नति के लिए ठोस कदम उठाएगी।



## महाकुंभ 2025 : पंडाल में दिख रही सामाजिक समरसता की झलक



**एजेंसी। प्रयागराज**

संगम तट पर समाज कल्याण विभाग के पंडाल में आस्था एवं अध्यात्म के साथ सामाजिक समरसता की भी झलक देखने को मिल रही है। समाज कल्याण विभाग ने संगम के तट पर पहली बार पंडाल बनाया है, जिसमें 100 बेड की क्षमता का निराश्रित वरिष्ठ जनों के लिए एक आश्रम स्थापित किया गया है। आश्रम में विभिन्न जनपदों के वृद्धाश्रमों से अब तक 150 वरिष्ठजन पहुंचकर संगम में स्नान कर चुके हैं। समाज कल्याण विभाग निराश्रित वरिष्ठ जनों के लिए प्रदेश भर में वृद्धाश्रम संचालित करता है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर वृद्धाश्रमों में रहने वाले वरिष्ठ जनों के लिए महाकुंभ क्षेत्र में 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम स्थापित किया गया है। आश्रम में अब तक सिद्धार्थनगर, भदोही, कौशांबी, हरदोई, सीतापुर और लखनऊ से करीब 150 वरिष्ठ जन महाकुंभ मेले में पहुंचकर संगम में स्नान कर पुण्य लाभ ले चुके हैं। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि मेला क्षेत्र में बने आश्रम में वरिष्ठ जनों को निःशुल्क भोजन, रहने की व्यवस्था और आवागमन उपलब्ध कराया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्थापित पंडाल में वरिष्ठ जनों को सुबह योगाभ्यास भी कराया जाता है। समाज कल्याण विभाग के पंडाल में जनजातीय समुदाय की भी झलक देखने को मिल रही है। पंडाल में देशभर के जनजातीय समुदाय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मनमोहक उत्पाद आने वाले अतिथियों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अब तक 10 करोड़ से ज्यादा भक्त पवित्र त्रिवेणी में संगम स्नान कर चुके हैं। मंगलवार तक 9.24 करोड़ भक्त संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि मौनी अमावस्या के दिन ही 10 करोड़ भक्तों के प्रयागराज आने की संभावना है। अब मौनी अमावस्या के स्नान की तैयारी की जा रही है।

## हर तरफ बस यही आवाज, इस बार भाजपा की सरकार : कैलाश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के नेता कैलाश गहलोत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि हर तरफ से बस यही आवाज आ रही है कि इस बार भाजपा की सरकार बनेगी। कैलाश गहलोत द्वारका के भरथल गांव में भाजपा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा की जीत का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने 'आप' सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पिछले 10 सालों के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है और इसी का नतीजा है कि अब यहां के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किया। आज तक इन लोगों ने दिल्ली के विकास के लिए कुछ नहीं किया। ऐसी स्थिति में अब यहां के लोगों ने भाजपा को लाने का मन बना लिया है। अब दिल्ली में केंद्र सरकार और एलजी मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि साल 2025 में भी यहां के लोगों के लिए मुद्दे नहीं बदले हैं। आज भी यहां पर पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याएं चुनाव में मुद्दे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 80 फीसद विधानसभा में ट्यूबवेल का पानी दिया जा रहा है और इसका पानी पीने के लायक नहीं होता है। ऐसा करके स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके साथ ही कई विधानसभा में लोग गंदे पानी की समस्या से भी बहुत परेशान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद अभी तक कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की दुर्दशा पर दुख जताते हुए कहा कि यहां रहने वाले लोगों को बहुत तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां लोग नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं।

# 'विकसित भारत' के निर्माण को कंफर्ट जोन से बाहर निकलना जरूरी : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के मौके पर कटक में आयोजित 'पराक्रम दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि नेताजी ने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया। मगर, वो कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी प्रकार आज हम सभी को 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेताजी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। इस वर्ष के 'पराक्रम दिवस' का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा सरकार को, इसके लिए बहुत बधाई देता हूं। कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। इन सबके साथ नेताजी के जीवन पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। ये सारी विरासत मेरे युवा भारत, नए भारत को एक नई ऊर्जा देगी।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब हमारा देश 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि के लिए जुटा है, तब नेताजी के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था, आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा, आजाद हिंद। नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विस की परीक्षा पास की। वे चाहते तो अंग्रेजी शासन में वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते। लेकिन, उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया। नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी प्रकार आज हम सभी को 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को 'ग्लोबली बेस्ट' बनाना है। एक्सीलेंस को चुनना ही है। एफीशिएंसी पर फोकस करना है। पीएम मोदी ने कहा, ''नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई। इसमें देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सभी की भावना एक थी, देश की आजादी। यही एकजुटता आज 'विकसित भारत' के लिए बहुत बड़ी सीख है, तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज 'विकसित भारत' के लिए हमें एक रहना है।

### संविधान सदन में पीएम मोदी ने छात्रों से की बात, 2047 के लक्ष्य सहित पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज जयंती मनाई जा रही है। देश में उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं ने भी नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पीएम मोदी ने बच्चों से बातचीत की और बच्चों ने 'जय हिंद' के नारे लगाए। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर बच्चों से बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है पीएम नरेंद्र मोदी छात्र-छात्राओं से स्कूल जाने की टाइमिंग, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म स्थान और खाना इत्यादि के बारे में पूछ रहे हैं। पीएम मोदी ने एक छात्रा से पूछा कि 2047 तक का क्या लक्ष्य है। इसके जवाब में छात्र ने कहा कि 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य है। पीएम मोदी ने पूछा कि 2047 ही क्यों तय किया गया। इस पर एक अन्य छात्र ने कहा कि तब हमारी जो पीढ़ी है वो तैयार हो जाएगी।

### सुभाष चंद्र बोस के परपोते ने नेताजी की विरासत को सम्मानित करने में पीएम मोदी के प्रयासों को किया याद

**नई दिल्ली।** देश भर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के रूप में 'पराक्रम दिवस' मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानियों में से एक नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नेताजी के परपोते चित्तप्रिय बोस ने पीएम मोदी के नेताजी से जुड़ाव और फाइलों को सार्वजनिक करने के संबंध में परिवार के साथ कई बैठकों के बारे में बात की। चित्तप्रिय बोस ने रॉस द्वीप का नाम बदलकर 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप' रखने, इंडिया गेट पर एक भव्य प्रतिमा स्थापित करने, लाल किले में आईएनए संग्रहालय की स्थापना करने और नेताजी की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में घोषित करने जैसे उदाहरणों के साथ नेताजी की विरासत का सम्मान करने में पीएम मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। आजादी के बाद दशकों तक नजरअंदाज की गई नेताजी की गुमशुदगी से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक करने का श्रेय पीएम मोदी को देते हुए चित्तप्रिय बोस ने कहा कि यह उनकी तत्काल कार्रवाई का ही परिणाम था कि उनके प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद यह प्रक्रिया शुरू हो गई।

## बिहार में सरेआम उड़ाया जा रहा कानून व्यवस्था का मजाक

**पटना।** मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पर हुई गोलीबारी को लेकर राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में अब कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। यहां सरेआम कानून-व्यवस्था का मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बिहार में अपराधी राज कायम हो चुका है। इसका उदाहरण हमें कल देखने को मिला, जब 200 राउंड चली गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा बिहार दहल उठा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आप इसे कौन-सा राज कहेंगे। इसे तो यही कहेंगे कि बिहार में बहार है, गोलियों की बौछार है और नीतीश जी की सरकार है। उन्होंने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ जहां वो प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ बिहार की दुर्गति लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने नीतीश कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में अपराधी राज स्थापित हो चुका है। ऐसे में एनडीए वालों को यह बताना चाहिए कि वो मौजूदा स्थिति को देखते हुए बिहार को किस तरह के राज्य की संज्ञा देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बात पर विशेष ध्यान देना होगा कि आखिर बिहार में क्या हो रहा है। अपराधियों के तांडव से बिहार की जनता कराह रही है। मौजूदा समय में बिहार की जनता खुद को लाचार और बेबस पा रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कब्र में दफन शव का सिर हो रहा गायब लोगों में दहशत

**भागलपुर।** जिले में सन्हौला थाना क्षेत्र के असरफनगर नदियामा गांव के कब्रगाह स्थित क़ब्र से शव के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। कब्रगाह में दफ़नाए गए शव का कहीं पूरा शरीर से गायब है तो कहीं सिर्फ सर गायब है। चोरी हुए नर कंकाल में ज्यादातर की मौत वज्रपात की वजह से होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उस इलाके में बीते पांच वर्षों से दफ़नाए शव की कब्र से चोरी हो रही है।

## बिहार के वैशाली में सात बम मिले, लोगों में दहशत, सुरक्षा के लिए बढ़ाई गई गश्ती

**एजेंसी। वैशाली**

बिहार में वैशाली जिले के महनार प्रखंड में स्थित करनौती पंचायत के शेखपुरा क्षेत्र में सात जिंदा बम मिलने से दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बम डिस्पोजल स्क्वायड की मदद से सभी बमों को सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर दिया। इसके बाद सभी बमों को कब्जे में लेकर आगे की जांच के लिए थाने में लाए गए। पुलिस अब इस मामले में गहन जांच कर रही है कि आखिर ये बम यहां कैसे पहुंचे और किसने रखे। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को आश्वस्त किया है कि उनकी सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मैं घर पर था और बच्चों ने शोर मचा रहे थे कि बम मिले हैं। इसके बाद मैं भी मौके पर पहुंच गया। तो यहां वास्तव में सूतली से बंधे सात बम थे। पुलिसकर्मी बमों को एक बाल्टी में रख रहे थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के 12 हजार से अधिक पीएचसी को 24x7 सेवाओं में परिवर्तित किया गया : केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने देश भर में 24x7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और प्रथम रेफरल इकाइयां (एफआरयू) स्थापित की हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले साल मार्च तक 12,348 पीएचसी को 24x7 सेवाओं में परिवर्तित किया गया है और 3,133 एफआरयू को चालू किया गया है। इसके अलावा, मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के बेड़े का विस्तार किया गया, जिसमें 1,424 एमएमयू अब दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। 2023 में एमएमयू पोर्टल की शुरुआत ने कमजोर आदिवासी समूहों के लिए स्वास्थ्य संकेतकों पर निगरानी और डेटा संग्रह को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान एनएचएम के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य




मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में 31,000 से अधिक पीएचसी चालू हैं, जिनमें ग्रामीण और पहाड़ी, आदिवासी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए 40,000 से अधिक डॉक्टर/चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, "पीएचसी को 24x7 चालू रखना एक बेहतरीन कदम है, क्योंकि इससे लोगों, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी सर्विस तक तुरंत पहुंचने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा, "उदाहरण के लिए, सांप के काटने के मामले में, ज्यादातर मौत इसलिए होती हैं क्योंकि मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता। अगर स्थानीय स्तर पर, पीएचसी में चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित हो, तो कई लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। इसी तरह, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए भी ऐसी सेवा एक बड़ा वरदान साबित होगी। उन्होंने जनशक्ति, दवाओं और अन्य प्रमुख उपकरणों के साथ ऐसी सुविधाओं को अच्छी तरह से बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। एनएचएम की एक अन्य प्रमुख उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में वृद्धि थी। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से पता चला कि "वित्त वर्ष 2021-22 में, एनएचएम ने सामान्य ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, एएनएम, आयुष डॉक्टर, संबद्ध स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधकों सहित 2.69 लाख अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की सुविधा प्रदान की। "इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) केंद्रों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक बढ़कर 1,72,148 हो गई है, जिनमें से 1,34,650 केंद्र 12 प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## बेतिया के डीईओ के यहां दो करोड़ बरामद, निलंबित हुए

- **बिहार की विशेष निगरानी ने मारा छापा नोटों के बंडल मिले**

**एजेंसी। पटना**

बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के यहां राज्य की विशेष निगरानी ईकाई ((एसयूवी) ने छापा मारा।वहां नोटों को ढेर मिला। उनके बेतिया स्थित घर से करीब दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। वहीं अन्य चल व अचल संपत्ति की जानकारी भी मिली है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से डीईओ निलंबित कर दिया। एसवीयू के मुताबिक डीईओ रजनीकांत प्रवीण की करोड़ो की आय से अधिक अवैध संपत्ति का पता चला था। इसके बाद केस दर्ज कर गुरूवार को डीआईओ के बेतिया स्थित आवास समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दो करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए।साथ ही अन्य स्थानों पर भी उनकी चल व अचल संपत्ति होने का पता चला है। टीमें अभी अवैध संपत्तियों का ब्यौरा खंगाल रही हैं। उधर छापे की खबर मिलते ही बिहार सरकार एक्शन में आ गई। आनन-फानन में डीईओ रजनीकांत प्रवीण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध चौधरी ने बताया कि रजनीकांत प्रवीण को आय से अधिक संपत्ति, गंभीर भ्रष्टाचार एवं घोर कदाचार के मामले के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान वह मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल के कार्यालय से अटैच रहेंगे। इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। प्रवीण के खिलाफ बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत विभागीय कार्रवाई अलग से शुरू की जाएगी।



### शिक्षा विभाग के 45 वें बैच के हैं अधिकारी

रजनीकांत प्रवीण बिहार शिक्षा सेवा के 45 वीं बैच के अधिकारी हैं। वह वर्ष 2005 में सेवा में शामिल हुए और दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी सेवा छोड़ दी थी। वर्तमान में ओपन माइंड बिड़ला स्कूल, दरभंगा की निदेशक हैं । आरोप है कि रजनीकांत प्रवीण द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन के भी स्कूल में लगा है।



# रोहित की फॉर्म खराब, रणजी ट्रॉफी में मात्र तीन रन पर ढेर

## जायसवाल, पंत और गिल रणजी ट्रॉफी में वापसी पर सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ले से खराब फॉर्म जारी है और गुरुवार को मुंबई में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन वह सिर्फ 3 रन पर आउट हो गए। रोहित ने 19 गेंदों का सामना किया और फिर तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर का शिकार बने। इस तरह से उनके निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। रोहित ने मुंबई के लिए आखिरी बार रणजी ट्रॉफी नवंबर 2015 में खेली थी, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 140 गेंदों पर 113 रनों की पारी खेली थी।

यह मैच ड्रॉ रहा था। टेस्ट क्रिकेट में रोहित के हालिया प्रदर्शन ने उनकी फॉर्म को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान, अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए थे। खास तौर पर 2024-25 का टेस्ट सीजन रोहित के लिए निराशाजनक रहा। उन्होंने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 52 रन रहा जो बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र अर्धशतक था। कप्तान के रूप में रोहित को कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत को 12 वर्षों में अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज हार का सामना करना पड़ा जिसमें न्यूजीलैंड से 0-3 से हार मिली। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत का पहला वाइटवॉश भी था।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 जनवरी को रोहित को शामिल करने के संबंध में वरिष्ठ चयन समिति के फैसले की घोषणा की। युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, जो भारत के लिए रेड-बॉल क्रिकेट में रोहित के बल्लेबाजी साथी हैं, भी जल्दी आउट हो गए, उन्होंने औकीब नबी द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट होने से पहले केवल 4 रन बनाए।

## माइकल क्लार्क को ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में किया गया शामिल



**सिडनी (आईएएनएस)।** माइकल क्लार्क को गुरुवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया, जिससे वह यह सम्मान पाने वाले 64वें क्रिकेटर बन गए। 43 वर्षीय पूर्व कप्तान का 12 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा, इस दौरान उन्होंने 115 टेस्ट, 245 वनडे और 34 टी20 मैच खेले और 17,000 से अधिक रन बनाए। कप्तान के रूप में क्लार्क ने 47 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया, जिसमें 2013-14 में 5-0 की यादगार एशेज जीत भी शामिल है। उन्होंने संन्यास लेने से कुछ समय पहले 2015 में घरेलू मैदान पर टीम को ऐतिहासिक एकदिवसीय विश्व कप जीत दिलाई। क्लार्क की बल्लेबाजी में 28 टेस्ट शतक शामिल हैं, जो किसी आस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया छठा सबसे बड़ा शतक है, जिसमें भारत के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 329 रन की शानदार पारी, बेंगलुरू में 151 रन की पहली शतकीय पारी, केपटाउन में शानदार 151 रन तथा फिलिप की दुखद मौत के बाद एडिलेड में खेली गई 128 रन की पारी शामिल है।

## धारदार गेंदबाजी से भारत जीत के साथ सुपर सिक्स में



**कुआलालंपुर (आईएएनएस)।** अंडर 19 विश्व कप में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए एक लो स्कोरिंग मैच में भारतीय टीम को 60 रनों से जीत मिली है। श्रीलंका की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करते हुए, भारत को सिर्फ़ 118 रनों पर समेट दिया था। हालांकि शबनम शक़ील और वीजे जोशिता सहित अन्य गेंदबाज़ों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को सिर्फ़ 58 रनों पर रोक दिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारतीय टीम ने सिर्फ़ 17 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे और टीम काफ़ी दबाव में दिख रही थी। हालांकि जी तृषा ने 44 गेंदों में 49 रन बनाते हुए टीम के लिए एक सम्मानजनक स्कोर की नींव रखी। भले ही वह अर्धशतक से चूक गईं लेकिन उनके ही कारण भारत 100 रनों के आंकड़े के पार कर पाया। तृषा के अलावा सिर्फ़ तीन ही बल्लेबाज़ दहाई अंकों तक पहुंच पाईं। वहीं जब श्रीलंका की टीम 119 के स्कोर का पीछा करने उतरी तो शबनम और जोशिता ने कमाल की गेंदबाज़ी की। अपने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाने के बाद शबनम ने भारतीय टीम की वापसी की नींव रख दी थी। इसके बाद जोशिता ने भी अपने पहले ही ओवर में विकेट चटका कर श्रीलंका को बैकफ़ुट पर धकेल दिया। यहां से श्रीलंकाई बल्लेबाज़ी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखरता हुए नज़र आया। 12 के स्कोर पर तो श्रीलंका की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। यहां से भारतीय गेंदबाज़ों ने कभी भी दबाव को कम नहीं होने दिया।



# महिला एचआईएल : सूरमा हॉकी क्लब फाइनल से एक कदम दूर

**एजेंसी**

**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।

मुख्य कोच जूड मेनेजेस ने मैच से पहले कहा,"इस पूरे अभियान के लिए हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अब केवल श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस स्तर पर हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उस मैच के बाद, हम आगे देखते हैं कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है।"

सूरमा लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। वे पूल चरण में अंतिम मैच से पहले 10 अंक अर्जित करने के लिए तीन जीत और एक ड्रॉ हासिल करके तालिका में शीर्ष पर हैं। सोनम ने शानदार फॉर्म में रहते हुए सूरमा के लिए पांच मैचों में चार गोल किए हैं, जबकि चार्लोट एंगलबर्ट ने दो गोल किए हैं। हालाँकि, उनके सभी 11 गोल ओपन प्ले से आए हैं, जिसमें टीमें लीग भर में पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने समझाया, "हम शुरुआती जाल से जूझ रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकांश टीमें इससे जूझ रही हैं क्योंकि अगर आप आसपास की अन्य टीमों को भी देखें, तो बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं बनाए गए हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें इस पर काम करते रहना चाहिए और उम्मीद है कि हम वास्तव में वहां से कुछ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हम अपने फॉरवर्ड के मामले में बहुत मजबूत इकाई हैं और हमारा डिफेंस भी काफी कॉम्पैक्ट और मजबूत है। इसलिए, हमारे पास जो गुणवत्ता है, उसके साथ हम जानते हैं कि हमारे पास गोल करने की क्षमता है।''

पिछली बार जब सूरमा ने टाइगर्स का सामना किया था, तो उन्होंने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अभियान के अपने पहले मैच में 4-1 से शानदार जीत दर्ज की थी। ओलिविया शैनन, चार्लोट एंगलबर्ट, कप्तान सलीमा टेटे और सोनम ने गोल करके दिन का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

उन्होंने अंत में कहा,''मुझे लगता है कि एक बार फिर हमारा दृष्टिकोण शूटिंग सर्कल में कुछ परिणाम प्राप्त करने की कोशिश करना होगा, गोल करने की कोशिश करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक स्वतंत्र, आक्रामक आक्रमण शैली में खेल रहे हैं जो वास्तव में हमारे खेलने के तरीके के अनुकूल है।''

## अंपायर के फैसले का विरोध करने के कारण अंकित बावने पर एक रणजी मैच का प्रतिबंध



**नासिक(आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के बल्लेबाज़ अंकित बावने पर अंपायर के फ़ैसले का विरोध करने के कारण एक मैच का प्रतिबंध लगा है। यह प्रतिबंध गुरूवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफ़ी के छठे राउंड के मैच पर लागू हुआ और वह नासिक में शुरू हुए बड़ौदा के ख़िलाफ़ ग्रुप ए मैच का हिस्सा नहीं बन पाए। इस निर्णय की जानकारी मैच से ठीक पहले टीम प्रबंधन को दी गई। बावने ने रणजी ट्रॉफ़ी के पांचवें राउंड के दौरान सर्विसेज के ख़िलाफ़ मैच में अपने आउट करार देने के फ़ैसले का विरोध किया था। उनका मानना था कि गेंद स्लिप में खड़े शुभम रोहिल्ला के हाथ में पहुंचने से पहले ज़मीन को छूकर गई थी। रिप्ले में भी यही दिखा लेकिन चूंकि यह मैच सिर्फ़ स्ट्रीमिंग हो रहा था, टेलीवाइज़्ड नहीं इसलिए बावने इसके लिए रिव्यू नहीं ले पाए। आपको बता दें कि रणजी ट्रॉफ़ी का जो मैच टेलीविज़न पर नहीं आता, उसमें डीआरएस भी नहीं होता।

## पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान देना चाहिए: राशिद

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर राशिद लतीफ ने अपनी टीम से अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान देने का आग्रह किया है। पाकिस्तान 28 साल के अंतराल के बाद अपना पहला आईसीसी इवेंट आयोजित कर रहा है, आखिरी बार 1996 विश्व कप में मेजबानी की थी। हालांकि, आठ टीमों की प्रतियोगिता में पाकिस्तान सहित केवल सात टीमें ही देश में खेलेंगी, क्योंकि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। पाकिस्तान 2017 के संस्करण के फाइनल में भारत को हराने के बाद गत चैंपियन के रूप में इस बड़े टूर्नामेंट में प्रवेश करेगा। लतीफ को लगता है कि घरेलू टीम को अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए और इस बारे में नहीं सोचना चाहिए कि भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। राशिद ने पाकिस्तान इंग्लिश डेली डॉन से कहा, "क्रिकेट के दीवाने देश के लिए यह रोमांचक समय है।

## रॉकी फ्लिंटॉफ ने इंग्लैंड लायंस के लिए टूर मैच में अपना पहला शतक लगाया

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ अपने टूर मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड लायंस के लिए अपना पहला शतक बनाया। नंबर 9 पर बल्लेबाजी करते हुए, 16 वर्षीय रॉकी ने 124 गेंदों में छह छक्कों सहित शानदार पारी खेलकर लायंस को 161/7 के स्कोर से बचाया। फ्लिंटॉफ ने हवा में छलांग लगाई और अपने बल्ले को चूमा और अपनी उपलब्धि का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने अपनी ताकत और चतुराई दोनों का प्रदर्शन किया। उनका दूसरा अर्धशतक सिर्फ 45 गेंदों पर आया, जिससे लायंस 316 रन तक पहुंच गया और पहली पारी में 102 रन की बढ़त हासिल की।

फ्लिंटॉफ ने साथी किशोर फ्रेडी मैककैन के साथ 66 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिन्होंने ऑफ स्पिनर राफ मैकमिलन की गेंद पर आउट होने से पहले आठ चौकों की मदद से 51 रन बनाए।

## भारत की पुरुष टीम मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज के पहले मैच में सीरिया से भिड़ेगी

**सिदोअर्जो (इंडोनेशिया)(आईएएनएस)।** भारत की अंडर-20 पुरुष टीम मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को यहां गेलोरा डेल्टा स्टेडियम में सीरिया के खिलाफ चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट से करेगी। मुख्य कोच बिबी थॉमस और उनके 23 सदस्यीय युवा दल, जिसमें मुख्य रूप से अंडर-17 और अंडर-18 खिलाड़ी शामिल हैं, बुधवार सुबह सुराबाया शहर में अपने टीम होटल पहुंचे और शाम को गेलोरा स्टेडियम में अपना पहला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। भारत 27 जनवरी को जॉर्डन से भिड़ेगा और 30 जनवरी को इंडोनेशिया की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट ब्लू कोल्ट्स के लिए एक पहाड़ चढ़ने जैसा होगा, जो भाग लेने वाली चार टीमों में सबसे युवा हैं। सीरिया, जॉर्डन और इंडोनेशिया इन दोस्ताना मैचों का उपयोग अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-20 एशिया कप की तैयारी के लिए 2005 में जन्मे खिलाड़ियों के साथ कर रहे हैं। इंडोनेशिया दौरे के लिए थॉमस के पास 2007 और 2008 में जन्मे खिलाड़ी हैं। यह बैच 8 से 18 मई, 2025 तक होने वाली सैफ अंडर19 चैंपियनशिप की तैयारी कर रहा है। लेकिन भारतीय टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव की कोई कमी नहीं है।

## मुझे कप्तान और कोच ने खुलकर खेलने की आज़ादी दी : अभिषेक

**कोलकाता (आईएनएस)।** भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा के लिए पिछले एक-दो साल बहुत शानदार रहे हैं और उन्होंने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारत की टी20 टीम में अपनी जगह पक्की की है। कोलकाता में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पहले टी20 मैच में भी उन्होंने 34 गेंदों में 79 रनों की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और आठ गगनचुंबी छक्के शामिल थे। हालांकि इस दौरान अपने 12 में से आठ टी20 पारियों में वह 20 से कम के स्कोर पर आउट हुए हैं। भारत के पास सलामी बल्लेबाज़ों के कई विकल्प भी है, लेकिन 24-वर्षीय अभिषेक पर जगह खोने का लगातार दबाव भी रहता होगा। हालांकि अभिषेक ने इससे इनकार किया है।



## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 80 प्रतिशत बढ़ा




**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। कंपनी का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर अवधि में करीब 80 प्रतिशत बढ़कर 625 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 348 करोड़ रुपये था। एईएसएल की ओर से कहा गया कि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 24 प्रतिशत बढ़कर 6,000 करोड़ रुपये हो गई है। इसकी वजह हाल ही में शुरू हुई एमपी पैकेज- II, खारघर-विक्रोली, वरोरा-कुर्नूल, खावड़ा-भुज, महान-सीपत लाइनें और मुंबई एवं मुंद्रा यूटिलिटीज में उच्च ऊर्जा बिक्री है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा 6 प्रतिशत बढ़कर 1,831 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, कंपनी का ऑपरेशनल एबिटा 9 प्रतिशत बढ़कर 1,579 करोड़ रुपये रहा है।

# भारतीय कंपनियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 में किया 32 लाख करोड़ रुपये का निवेश : एसबीआई

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर की अवधि में 32 लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। यह पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 23 लाख करोड़ रुपये से 39 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च 2024 तक 13.63 लाख करोड़ रुपये का वर्क-इन-प्रोग्रेस है, जो दिखाता है कि आने वाले वर्षों में तेज विकास देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 23 में सरकारी निवेश जीडीपी के 4.1 प्रतिशत पर पहुंच गया था, जो कि वित्त वर्ष 12 के बाद सबसे अधिक है। वहीं, निजी सेक्टर का निवेश जीडीपी का 11.9 प्रतिशत रहा है और यह वित्त वर्ष 16 के बाद सबसे अधिक है। इस साल फरवरी के अंत में आने वाले वित्त वर्ष 24 के प्राथमिक डेटा में निजी सेक्टर का निवेश की जीडीपी का 12.5 प्रतिशत हो सकता है।

बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) भारतीय कंपनियों की फंडिंग का मुख्य सोर्स है। सितंबर 2024 तक 190.4 अरब डॉलर के ईसीबी बकाया थे। इसमें पिछली तिमाही के मुकाबले वृद्धि देखने को मिली है।

इसमें नॉन-रुपी और नॉन-एफडीआई घटकों की हिस्सेदारी 155 अरब डॉलर थी। इसे हेजिंग के जरिए अधिक स्थिरता मिलती है। इन उधारों में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत (97.58 अरब डॉलर) है। इसमें से 74 प्रतिशत एक्सपोजर हेज है। वहीं, सरकारी कंपनियों की इसमें हिस्सेदारी 37 प्रतिशत (55.5 अरब डॉलर) है।




सितंबर 2024 तक कुल ईसीबी का दो-तिहाई हिस्सा हेज किया जा चुका है, जो दो साल पहले 55 प्रतिशत था। अनहेज्ड हिस्से में से कुछ सरकारी गारंटी द्वारा समर्थित हैं, जबकि अन्य नेचुरल हेज से लाभान्वित होते हैं, जहां उधारकर्ता विदेशी मुद्रा में कमाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2024 तक नेचुरल हेज अनहेज्ड ईसीबी का लगभग 1.5 प्रतिशत था।

## भारत के घरेलू मार्गों पर एयर ट्रैफिक 2024 में 6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के घरेलू मार्गों पर एयर पैसेंजर ट्रैफिक 2024 में 6.12 प्रतिशत बढ़कर 16.13 करोड़ हो गया है, जो कि पिछले साल 15.2 करोड़ था। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए ) द्वारा दी गई। भारत की कमर्शियल एयरलाइंस में दिसंबर 2024 में 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरी थी। यह पिछले साल के दिसंबर 2023 के आंकड़े 1.38 करोड़ से 8.19 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 64.4 प्रतिशत थी। वहीं, एयर इंडिया की हिस्सेदारी 26.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा,अकासा एयर और स्पाइसजेट की हिस्सेदारी क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत थी। डीजीसीए डेटा के मुताबिक, घरेलू एयर पैसेंजर ट्रैफिक में इंडिगो की हिस्सेदारी 2023 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 61.9 प्रतिशत हो गई, एयरलाइन में वर्ष के दौरान 9.99 करोड़ घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। इसी अवधि में स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी 5.5 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। बजट एयरलाइन में 2024 में 60 लाख हवाई यात्रियों ने उड़ान भरी। दिसंबर में ऑन-टाइम परफॉरमेंस के आंकड़े बताते हैं कि इंडिगो का ओटीपी सबसे अधिक 73.4 प्रतिशत था, उसके बाद एयर इंडिया (67.6 प्रतिशत), अकासा एयर (62.7 प्रतिशत), स्पाइसजेट (61.5 प्रतिशत) और एलायंस एयर (55.6 प्रतिशत) का स्थान था। दिसंबर में शेड्यूल्ड घरेलू एयरलाइनों की कुल उड़ान रद्द होने की दर 1.07 प्रतिशत रही। उड़ान रद्द होने से 67,622 यात्री प्रभावित हुए।

## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 115 अंक बढ़ा

मुंबई, 23 जनवरी (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 115 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,520 और निफ्टी 50 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 23,205 पर बंद हुआ। यह लगातार दूसरा दिन था, जब बाजार में तेजी देखी गई। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 985 अंक या 1.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,098 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 17,364 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक और फिन सर्विस इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, जोमैटो, एमएंडएम, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स थे।

## मारुति सुजुकी 01 फरवरी से वाहनों की कीमतें 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी

**नई दिल्ली(हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने वाहनों के दाम में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि वह 01 फरवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी 01 फरवरी से अपनी कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि इससे कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी। एमएसआई ने कहा कि संशोधित कीमतों के तहत कंपनी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो की एक्स-शोरूम कीमत में 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी, कंपनी फिलहाल एंट्री-लेवल ऑल्टो K-10 से लेकर 3.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत वाली इनविक्टो तक 28.92 लाख रुपये की गाड़ियां बेचती है। पिछले महीने मारुति सुजुकी इंडिया ने 1,78,248 यूनिट बेचीं थीं।

## केंद्र ने मदुरै के नायकरपट्टी में खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का फैसला किया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को नायकरपट्टी में खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का फैसला किया है। सरकार ने यह निर्णय राजधानी नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ मदुरै जिले के पारंपरिक अंबालाकर समुदाय के नेताओं की बैठक के बाद लिया है। खान मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने तमिलनाडु के मदुरै जिले के अंबालाकरों) से मुलाकात की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक विस्तृत विचार-विमर्श के बाद क्षेत्र में जैव विविधता विरासत स्थल के महत्व और पारंपरिक अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए नायकरपट्टी टंगस्टन खनिज ब्लॉक की नीलामी को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले खान मंत्रालय में हुई बैठक के दौरान अंबालाकरों ने केंद्रीय मंत्री से नायकरपट्टी टंगस्टन ब्लॉक की नीलामी रद्द करने का अनुरोध किया।

## भारत के कंस्ट्रक्शन सेक्टर का आकार 2047 तक बढ़कर 1.4 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का कंस्ट्रक्शन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और इसका आकार 2047 तक 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले बिल्डिंग मटेरियल और टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, शैलेश कुमार अग्रवाल ने एक इवेंट में कहा कि शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और कंस्ट्रक्शन में कम कार्बन निर्माण सामग्री का उपयोग करने के अलावा बिल्डिंग सेक्टर में ऑपरेशनल एनर्जी को कम करने की आवश्यकता है। "इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपने कंस्ट्रक्शन के तरीके पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, जिसमें मुख्य रूप से रीसाइक्लिंग और उचित उपभोग पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।" 'लो-कार्बन बिल्डिंग ट्रांजिशन फॉर बिल्डिंग मटेरियल मैन्युफैक्चरर्स एंड टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स' पर मास्टर ट्रेनर्स के लिए कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस चैंबर फिक्की द्वारा ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट के साथ संयुक्त रूप से किया गया था।

### डीसी व एसपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

# झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान व परेड का हुआ पूर्वाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को जिला खेल स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान व परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नेतृत्व किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण सहित अन्य बिंदुओं के बारे जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देशभक्ति से ओत-प्रोत व शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई निर्देश दिए। बता दें कि 26 जनवरी को प्रातः 9.5 बजे उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला खेल स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जायेगा। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर का आयोजन स्वास्थ चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। मेला में ग्रामीणो का निःशुल्क इलाज कर दवा दी जाएगी। शिविर में बाल स्वास्थ्य, सामान्य चिकित्सा, मोतियाबिंद, आंखों की जांच, मलेरिया, टीबी रोग, कुष्ठ नियंत्रण, दन्त चिकित्सा, परिवार नियोजन,मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण,परिवारिक नियोजन परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के आलावे आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड भी बनाया जायेगा। यह जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने दी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने से दो की मौत, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के सुग्गी मोड़ के पास गुरुवार को भीषण सड़क हादसा में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में नवीन टोप्पो, वाल्टर कुजूर के नाम शामिल हैं। दोनों महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव के रहने वाले थे। अर्जुन केरकेट्टा, जेम्स टोप्पो और असित टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। दरअसल नवीन टोप्पो और अन्य लोग एक बोलेरो से महुआडांड़ में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह खत्म होने के बाद सभी लोग चैनपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान सुखी मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल कार में ही फंस गए। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को कार से बाहर निकाला। इस हादसा का मुख्य कारण तीखा मोड़ बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मोड़ पर अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है।

### चंपा घाटी में लगातार हो रही है सड़क दुर्घटना



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपा घाटी में सड़क निर्माण के बाद से ही लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। अत्याधिक ढ़लान होने की वजह से इस सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित करते हुए बोर्ड व लोहे का गेट भी लगाया गया था। लेकिन अज्ञात लोगों द्वारा यह गेट हटा दिया गया। इसके बाद से इस सड़क पर दुर्घटनाएं बढ़ गई है। जानकारी के अभाव में भारी वाहन के चालक इस सड़क का उपयोग करते हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। प्रखंड प्रशासन को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# पीएचडी पूर्व प्रस्तुति संगोष्ठी में राणा अरुण कुमार सिंह व अमित ने शोध किए प्रस्तुत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय परिसर में पीएचडी पूर्व प्रस्तुति संगोष्ठी आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. विनोद पाठक ने की। इस अवसर पर दो शोधार्थियों ने अपने शोध प्रबंध प्रस्तुत किए। शोधार्थी अमित कुमार सिंह ने डॉ. अवध किशोर पांडेय के निर्देशन में विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किए। दूसरे शोधार्थी राणा अरुण कुमार सिंह ने डॉ. राजेंद्र सिंह के निर्देशन में अपना शोध प्रस्तुत किए। प्रस्तुति के दौरान दोनों ने शिक्षकों व शोधार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी - अपनी शोध सामग्री को संतोषजनक रूप से स्पष्ट किया। विभागीय शोध परिषद ने दोनों शोधार्थियों के शोध प्रबंध को स्वीकृत करते हुए विश्वविद्यालय में जमा करने की अनुशंसा की।

इस संगोष्ठी में कई विद्वान व शिक्षाविद शामिल हुए। इनमें डॉ. अवध किशोर पांडेय, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. बिरेन्द्र कुमार, डॉ. संजय बारा, डॉ. संगीता कुजुर, डॉ. भुवना राम, डॉ. जगदीश्वर पांडेय, डॉ. कुर्रतुल्लाह, डॉ. भावना सिंह, डॉ भीम राम, डॉ आरके झा प्रमुख थे। इसके अतिरिक्त, इतिहास, मनोविज्ञान, भौतिकी व अर्थशास्त्र जैसे विभिन्न विभागों के सदस्य भी उपस्थित थे।



# एसवीएम ने नेताजी की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने शहर में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली। इससे पहले विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय शारीरिक घोष प्रमुख राजेश प्रसाद और विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, भारत माता व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। उनके बताये गये मार्गों और आदर्शों पर चलना है। जयंती के अवसर पर विद्यालय के चौथे से नौ वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं व घोष दल के द्वारा आकर्षक झांकी के साथ पद संचलन शहर में निकला गया। पद संचलन विद्यालय से निकलकर शहर के मुख्य रास्ते से होते हुए बाजारटांड शिव मंदिर तक गयी। भारत माता व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिरूप के रूप में छात्र-छात्राएं मनमोहक लग रहे थे और लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र थे। उद्घोषक के रूप में विद्यालय के आचार्य कपिल प्रमाणिक ने इस अवसर पर शहर में देशभक्ति का वातावरण बनाने का कार्य किया। घोष दल के आचार्य सलमान होजाई के निर्देशन में घोष संचालन संपन्न हुआ।



### मैराथन फॉर एजुकेशन कल

**लातेहार।** 76 गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस पर 25 जनवरी को प्रातः 7 बजे आर्ट ऑफ गिविंग तत्वावधान में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मैराथन फॉर एजुकेशन का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी आर्ट ऑफ गिविंग के जिला सचिव प्रवीण मिश्रा ने दिया। उन्होंने बताया कि मैराथन फॉर एजुकेशन के तहत खेल स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान से मेन रोड होते हुए, कारगिल पार्क तक मैराथन का आयोजन किया गया है। कारगिल पार्क में शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में विधिवत उद्घाटन 25 जनवरी को प्रातः 7 बजे जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान से किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### वित्त रहित शिक्षकों ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हैदरनगर।** राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से गुरुवार को अध्यक्ष मंडल के सदस्य अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मिलकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व उन्हें बुके एवं माला देकर नववर्ष की शुभकामना दी। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अनुदान वृद्धि से संबंधित सारे कागजात प्रस्तुत कर मंहगाई को देखते हुए सरकार से 75 प्रतिशत गठित कमेटी से वृद्धि किये जाने के निर्णय और लागू नहीं किये जाने की बात को रखा। शिष्टमंडल ने मंत्री का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि अनुमोदन उपरांत विभागीय संलेख तैयार कर सहमति के लिये वित्त विभाग के पास भेजा भी गया है, पर राशि की कमी बताकर वापस विभाग के पास संचिका को लौटा दिया गया है। इस बीच चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद संलेख विभाग में लंबित है। इससे संबधित डिग्री कॉलेज को राशि मिल गयी, किन्तु उनका मामला अब तक लंबित रखा गया है। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की सहमति नहीं मिलने से यह मामला अधर में लटका है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मोर्चा के प्रतिनिधियों की सारी वस्तुस्थिति सुनने के बाद निजी सचिव को इससे संबधित संचिका स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से मंगवाने का आदेश देते हुए यथाशीघ्र उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा मोर्चा को दिया है।

### समता स्कूल में सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती मनी

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती समारोह केक काटकर व माल्यार्पण कर विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ.अक्षय कुमार चौहान व बच्चों के द्वारा मनाया गया। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि नेताजी युवाओं के लिए एक अलग ही प्रकार के देशभक्ति की प्रेरणा स्थापित की है, जिसे हर युवाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिए गए नारा आज भी भारतीयों के हृदय में गूंजता है। दिल्ली चलो, जय हिंद, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उमम जहरा, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, गार्ड नंदू प्रजापति,अनूप पांडे एवं परिचारिका, विमला कुंवर के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**उंटारी रोड।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में एक दिवसीय स्वास्थ मेला का आयोजन गुरुवार को किया गया। स्वास्थ मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, नागेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मेला में सामान्य चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाया गया, जिसमें अस्थमा, टीबी, मलेरिया, ब्लड जांच,परिवार नियोजन, टीकाकरण, अंधापन नियंत्रण संबंधित कई प्रकार का जांच के लिए स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य मेला को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेला ग्रामीण जनता के लिए ठीक है। ऐसा मेला बीच बीच में लगना चाहिए। मुखिया द्वारा सूचना मिला कि बृहद पैमाने पर प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। जिसके कारण स्वास्थ्य मेला में कम लोग पहुंच पाए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में भारी लापरवाही है। प्रचार प्रसार पूरी तरह से हर क्षेत्र में नहीं किया गया है। केवल खानापूर्ति किया गया है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मेला का प्रचार-प्रसार वाहन से किया गया है।

### फंदे से झूलता मिला महिला का शव

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के हुलसम पंचायत के भिखही गांव टोला बेलवाटिकर स्थित खपरैल घर के कमरे में संदेहास्पद स्थिति में महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। मृतिका की पहचान स्व जीतन भुइंया की 24 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि रानी शादी होने के चार माह बाद पति को छोड़ कर अपने मायका स्थित घर में रहती थी। उसकी मां उसके छोटे भाई को लेकर मजदूरी करने चली गई है। रानी घर में अकेले रहती थी। सुबह गांव के लोगों ने देखा की खपरैल घर के कमरे में लगे लकड़ी की कंडी के सहारे रानी का शव झूल रहा है, इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। रानी का शव संदेहास्पद स्थित में झूलते हुए पाया गया। ग्रामीणों में संदेह है कि किसी ने उसके साथ गलत हरकत करने के बाद उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव का फंदे पर लटका दिया। रानी के घर के आंगन में मुर्गा का खून और पंख गिरा मिला, जिससे लोगों ने अनुमान लगाया कि रानी किसी अपने परिचित के साथ रात में मुर्गा बनाकर खाई है।

### मंत्री राधा कृष्ण किशोर पलामू जिला प्रशासन के साथ पहुंचे पांकी

# वर्षों से बंद अमानत बराज योजना को शुरू करने को लेकर अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच हुई चर्चा





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पलामू जिला प्रशासन के साथ गुरुवार की दोपहर पांकी अमानत बराज पहुंचे। वहां उन्होंने विगत 20 वर्षों से बंद पड़े अमानत बराज योजना को शुरू करने को लेकर विशेष पहल की। इस दौरान उन्होंने बराज का अवलोकन करते हुए स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही विभागीय अधिकारियों से इस योजना को तत्काल शुरू करने और इस दौरान उत्पन्न विभिन्न समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। बातचीत के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए तत्काल इस योजना को शुरू करने के लिए उन्हें सहयोग करने की अपील भी की, ताकि इसका लाभ पांकी समेत अन्य प्रखंड के लोगों को मिल सके। झारखंड मंत्री ने जिला प्रशासन को कैंप लगाकर जमीन संबंधित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया, जिसके बाद तत्काल पलामू उपयुक्त ने आगामी 30, 31 व 1 फरवरी को कैंप के माध्यम से लोगों के जमीन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री ने बातचीत के दौरान पत्रकारों को बताया कि यह झारखंड की बहुत बड़ी योजना है। इस योजना के शुरू होने से प्रखंड क्षेत्र का जलस्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही झारखंड के किसानों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से जल्द ही कुछ समस्याओं का समाधान कर योजना को शुरू किया जाएगा। मंत्री के साथ उपायुक्त शशि रंजन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा समेत जिला के कई पदाधिकारी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### 129 वीं जयंती पर एमकेडीएवी में याद किए गए नेताजी सुभाष चंद्र बोस

# नेताजी की प्रतिभा व देशभक्ति आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : डॉ. जीएन खान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती धूमधाम से गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज डॉ. जीएन खान ने कहा कि नेताजी अद्भुत प्रतिभाशाली व उच्च कोटि के देशभक्त थे। उन्होंने उस समय की अति प्रतिष्ठित परीक्षा आईसीएस पास की, किंतु उन्हें ब्रिटिश सरकार की नौकरी स्वीकार नहीं थी। वह गांधी जी के प्रभाव में आकर भारत की स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े और गरम दल का नेतृत्व किया। नेताजी ने भारत की आजादी के लिए कई देशों का भ्रमण कर अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण तैयार किया। आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन कर भारतीय आत्मबल को मजबूत किया। उनके द्वारा दिया गये नारे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' 'दिल्ली चलो' बहुत प्रसिद्ध हुए। नेताजी का रहस्यमय निधन आज भी भारत वासियों के लिए पहेली बना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि छात्र, नेताजी की तरह प्रतिभावान, देशभक्त बने तो भारत की प्रमुख समस्या, प्रतिभा, पलायन स्वतः समाप्त हो जाएगी और भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर स्थापित हो सकेगा। एक छात्र के लिए नेताजी को समर्पित यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, मीनाक्षी करण, सीएस पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडेस, जीतेंद्र तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।




### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

**लातेहार।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर लातेहार जिला प्रशासन ने एक समारोह का आयोजन किया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह में उपायुक्त ने नेताजी के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मैराथन दौड़ शनिवार को, शहरवासियों से भाग लेने की अपील

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला वालीबॉल संघ और आर्ट ऑफ गिविंग के तत्वावधान में शनिवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। पलामू जिला वालीबॉल संघ व आर्ट ऑफ गिविंग के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया की स्वास्थ्य, शैक्षणिक खेल के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए इस दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ स्थानीय शिवाजी मैदान से प्रारंभ होकर भारत माता चौक (साहित्य समाज) में जाकर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट प्रदान किया जाएगा। सुबह साढ़े आठ बजे से दौड़ प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों व शहरवासियों से मैराथन दौड़ में शामिल होने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य जागरुकता है, जो सामाजिक दायित्व निभाने में लोगों को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग व वालीबॉल संघ द्वारा समय-समय पर इस तरह का जागरुकता अभियान चलाया जाता है।

## पेज एक के शेष

### अमानत बराज के...

अधिकारियों ने भी वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। स्थानीय ग्रामीण भी मधुमक्खियां के हमले से घबराकर इधर-उधर भाग निकले। कई मीडियाकर्मी भी मधुमक्खियां के हमले में जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमानत नदी बराज पर मधुमक्खियों का छत्ता लंबे समय से है। यहां अक्सर मधुमक्खियों के हमले की घटना होते रहती है।

### 15 फरवरी तक...

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री के साथ जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी, इंजीनियर और पलामू जिला प्रशासन के अधिकारियों की टीम भी थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बराज क्षेत्र का निरीक्षण किया। बराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के साथ साथ अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान को लेकर ग्रामीणों से बात की। मंत्री ने कहा कि मुआवजा भुगतान को लेकर इसी महीने 30, 31 और एक फरवरी को बराज परिसर में भूमि से संबंधित मामलों को लेकर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता और अंचलाधिकारी पूरी टीम के साथ कैंप करेंगे और मुआवजा भुगतान को लेकर जरूरी कार्रवाई करेंगे।

### आदिवासी युवती की...

एक दिन दिलदार की मां मरियम खातून ने रेबिका को अपने भाई मोइनुल अंसारी के घर बोरियो मांझी टोला पहुंचा दिया, जहां उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद लोहे काटने वाली मशीन से शव को टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग जगह पर फेंक दिए गए थे।

### अमित शाह ने अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का किया उद्घाटन, कहा

# भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ाया

● केंद्रीय मंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस को उनकी जयंती पर किया नमन

**अहमदाबाद (हि.स.)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि आज केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार 10 साल से सत्ता में है और 10 साल में इस सरकार ने वे काम पूरा किए हैं, जो हमारी विचारधारा और दर्शन के कारण कई सालों से अटके थे। सरकार ने साढ़े तीन साल के दौरान पूरे भारत के धर्मस्थलों से चुराई गई तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने का काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ स्थानों पर 'हिंदू हूं' बोलना मुश्किल था, लेकिन आज हर कोई गर्व से बोलता है कि 'मैं हिंदू हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां स्थानीय जीएमडीसी मैदान पर



आयोजित हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले को उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे। शाह इस समय तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। हिंदू मेले में 250 से अधिक सेवा संगठनों के स्टॉल लगे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शाह ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के प्रयास से पिछले 350 वर्ष से अधिक समय से भारतीय धार्मिक स्थलों से चुराई गईं तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है।

उन्होंने सभी से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के लिए गुजरातवासियों और सभी युवाओं और किशोरों से जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 144 साल बाद फिर से महाकुंभ लगा है। महाकुंभ स्नान कई लोगों के भाग्य में नहीं होता है। अगर महाकुंभ आपके भाग्य में है, तो आपको जरूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जाने वाला कोई पांच सितारा होटल में नहीं रुकता, वे ठंड में टेंट में रहते हैं। कुंभ में कोई भी नाम, धर्म या जाति नहीं पूछता। स्नान के दिन लोग अपना चेहरा दिखाए बिना गंगा में डुबकी लगाते हैं। मैं नौ कुंभ में जा चुका हूं और अब 27 तारीख को महाकुंभ में जा रहा हूं। यह अब तक का मेरा 10वां कुंभ होगा। मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोस की 125वीं जयंती पर वर्ष 2020 से इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में नई पहचान दी है। भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक महाकुंभ के बीच अहमदाबाद में लगा यह हिंदू मेला दूसरी बार आयोजित हुआ है।

## हिंदू समाज का शक्तिशाली होना संहारक नहीं, संरक्षक बनना है : भैयाजी जोशी

**अहमदाबाद (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी उर्फ भैयाजी जोशी ने गुरुवार को कहा कि भारत के हिंदू समाज का शक्तिशाली होना संहारक नहीं, संरक्षक है। हिंदू समाज दुर्बलों की रक्षा करने वाला है और असहाय लोगों की सहायता देने वाला है। भैयाजी जोशी हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से आयोजित हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। 23 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया। भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत के अलावा विश्व मे ऐसा कोई देश नहीं है, जो सारी दुनिया को साथ लेकर चले। यह हमारी आध्यात्म की कल्पना है, वसुधैव कुटुंबकम की हमारी कल्पना है। उन्होंने कहा कि शांति का मार्ग समन्वय से होकर जाता है। सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत वाला ही शांति स्थापित करता है।

## अमेरिका के नैशविले में स्कूल में गोलीबारी, दो छात्रों की मौत

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राज्य टेनेसी के नैशविले में एक स्कूल में गोलीबारी हुई है। फायरिंग में हमलावर छात्र समते दो की मौत हो गई। मेट्रो नैशविले पुलिस विभाग ने कहा है कि बुधवार को दिन में 11:09 बजे गोलीबारी की पहली कॉल 911 आपातकालीन नंबर पर आई थी। पुलिस ने कहा कि शूटर ने एक छात्र की हत्या करने के बाद खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस हादसे में एक अन्य छात्र को हल्की चोट आई है। पुलिस ने मृतक की पहचान 16 वर्षीय जोसेलिन कोरिया एस्केलेंटे और शूटर की पहचान 17 वर्षीय सोलोमन हेंडरसन के रूप में की है।

## इमरान खान की पार्टी ने रोकी सरकार के साथ बातचीत

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में जेल की सलाखों के पीछे सालभर से ज्यादा समय से कैद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने संघीय सरकार के साथ जारी बातचीत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की। पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने गुरुवार को रावलपिंडी में पार्टी संस्थापक के फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। जियो न्यूज की खबर में पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान के हवाले से कहा गया कि इमरान खान ने सात दिन में न्यायिक आयोग स्थापित करने में सरकार की विफलता के कारण बातचीत रद्द कर दी है।

## सैफ अली खान के आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई (हि.स.)।** मुंबई पुलिस ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, सैफ अली खान ने हमले के बाद निजी सुरक्षा भी तैनात की है। सैफ के आवास पर जाली लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम भी शुरू किया गया है। दरअसल, सैफ अली खान के घर में घुसकर 16 जनवरी की रात को एक शख्स ने हमला कर दिया था। इसके बाद सैफ अली खान का परिवार अभी तक सदमे में है। इस मामले में पुलिस ने एक बांग्लादेशी शख्स को गिरफ्तार किया है। इस हमले के बाद पुलिस ने सैफ अली खान व उनके परिवार को मामले की छानबीन तक फिलहाल सुरक्षा देने का निर्णय किया है।

## आस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर आया भयंकर तूफान, भारी नुकसान हुआ

**सिडनी (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर गुरुवार को आए विनाशकारी तूफान से हजारों घरों की बिजली कट गई। साथ ही, तूफान की वजह से यातायात भी बंद हो गया। तूफान ने न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की राजधानी सिडनी से लगभग 500 किलोमीटर उत्तर में स्थित ग्राफ्टन शहर को गुरुवार की सुबह अपनी चपेट में लिया। इसके बाद तूफान क्वींसलैंड की ओर बढ़ा, जिससे भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं। हवाओं की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। इस तूफान के कारण पेड़ और बिजली के तार गिर गए, जिससे बहुत नुकसान हुआ।

## गैंगस्टर डीके राव को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई (आईएएनएस)।** कुख्यात गैंगस्टर डीके राव को मुंबई क्राइम ब्रांच ने जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया है। डीके राव का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। जबरन वसूली, डकैती जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और यूनाइटेड किंगडमके बीच समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और लंदन से वर्चुअल रूप से स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल के सचिव वेस स्ट्रीटिंग शामिल हुए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव के साथ भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन सहित अन्य लोग मौजूद थे। जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भारत-यूनाइटेड किंगडम की रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख तत्व है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है।

## गैबॉन में 12 अप्रैल को होंगे राष्ट्रपति चुनाव, सेराफिन अकुरे-डेविन ने की घोषणा

**लिब्रेविल (आईएएनएस)।** गैबॉन के ऊर्जा मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सेराफिन अकुरे-डेविन ने घोषणा की है कि मध्य अफ्रीकी देश में 12 अप्रैल को राष्ट्रपति चुनाव होंगे। उन्होंने राष्ट्रपति ब्राइस क्लॉटेयर ओलिगुई न्गुएमा की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की अंतिम विज्ञप्ति पढ़ते हुए कहा कि घोषित तिथि के लिए निर्वाचन मंडल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नियमों के अनुसार मतदान लागू होगा। अभी तक, किसी ने भी आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। 30 अगस्त 2023 को गैबॉन ने घोषणा की कि 26 अगस्त को हुए राष्ट्रपति चुनाव में अली बोंगो को फिर से चुना गया है। इसके तुरंत बाद सेना के सदस्यों ने उनके द्वारा स्थापित संस्थानों के संक्रमण और बहाली समिति (सीटीआरआई) की ओर से चुनाव परिणामों को रद्द करने की घोषणा की।

### रक्षा मंत्रालय ने रद्द किया एलएंडटी का टेंडर

# अब जर्मनी की कंपनी बनाएगी 6 पनडुब्बियां




**नई दिल्ली (हि.स.)**

रक्षा मंत्रालय ने छह पनडुब्बियों के लिए भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का 70 हजार करोड़ रुपए का टेंडर रद्द कर दिया है। स्पेनिश कंपनी नवांतिया के साथ साझेदारी में एलएंडटी का प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब जर्मनी की कंपनी के सहयोग से मुंबई की मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड 'प्रोजेक्ट 75 इंडिया' के तहत यह पनडुब्बियां बनाएगी। चीनी नौसेना के तेजी से आधुनिकीकरण की पृष्ठभूमि में भारत अपने समुद्री क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने को वांछित क्षमताएं विकसित कर रहा है। इसीलिए सरकार ने परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की कई पनडुब्बी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दरअसल, भारतीय नौसेना 'प्रोजेक्ट 75 इंडिया' के तहत तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता वाली छह उन्नत पनडुब्बियां खरीदना चाहती है। इसके लिए एलएंडटी और उसकी साझेदार कंपनी ने एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) की कार्यप्रणाली को भारतीय नौसेना की टीम के सामने प्रदर्शित किया था, लेकिन नौसेना ने निविदा दस्तावेज में अपनी आवश्यकताओं के लिए उच्च स्टेल्थ सुविधाओं वाली प्रणाली की मांग की थी। भारतीय नौसेना एक समुद्र-सिद्ध एआईपी प्रणाली चाहती है, जो सुरक्षित और विश्वसनीय हो। पनडुब्बियों में उच्च स्टेल्थ सुविधाएं होनी चाहिए, जो उन्हें लंबे समय तक पानी के नीचे रहने की अनुमति दे सकें। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस सौदे के लिए जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और स्पेनिश कंपनी नवांतिया प्रतिस्पर्धा में थीं।

पनडुब्बी अनुबंध के लिए जर्मन कंपनी के साथ मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और स्पेनिश कंपनी के साथ लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) भारतीय साझेदार के रूप में थीं। जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और सतह के जहाजों के लिए प्रौद्योगिकी और सेवाएं उपलब्ध कराती है। रक्षा मंत्रालय ने पाया है कि छह पनडुब्बियों का ऑर्डर हासिल करने के लिए लार्सन एंड टुब्रो का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर अनुपालन योग्य नहीं है तथा नवांतिया ने 'पी75आई' के लिए समुद्र में प्रमाणित एआईपी का प्रदर्शन नहीं किया है।

### सभी स्तरों पर की जा रही प्रक्रिया की जांच

भारतीय कंपनी एलएंडटी का 70 हजार करोड़ रुपए का टेंडर रद्द होने के बाद अब सरकारी स्वामित्व वाली मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड अपनी साझेदार जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ छह पनडुब्बियां बनाने की दौड़ में एकमात्र विक्रेता रह गई है। अब रक्षा मंत्रालय परियोजना में प्रक्रियाओं के अनुसार आगे बढ़कर सभी स्तरों पर प्रक्रिया की जांच कर रहा है। संबंधित अधिकारियों को शिपयार्ड के बीच परियोजना को समान रूप से विभाजित करने के सुझाव भी दिए गए हैं। भारतीय नौसेना के लिए छह डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण का यह सौदा भारत के 'प्रोजेक्ट-75आई' के तहत किया गया है।

## अमेरिकी संसद ने लैकेन रिले विधेयक को दी मंजूरी

**वाशिंगटन (हि.स.)**

● राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद यह लेगा कानून का रूप

● अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है एकमात्र मकसद

अमेरिका की संसद (कांग्रेस) ने बुधवार को लैकेन रिले विधेयक को अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप लेगा। इस कानून का एकमात्र मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। इससे भारत समेत कई देशों के प्रवासी प्रभावित होंगे। माना जाता है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों में लगभग 75,000 भारतीय हैं।

ओरेगन कैपिटल क्रॉनिकल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डेमोक्रेट्स के बड़े गुट ने रिपब्लिकन के सहयोग से इसे 263-156 मतों से पारित किया। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव अभियान के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में कहा था कि अवैध रूप से आए लोगों को जो जहां से आया है, वहीं वापस भेज दिया जाएगा। इस विधेयक का नाम 22 वर्षीय जॉर्जिया नर्सिंग छात्र लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। आव्रजन अधिकारियों ने लैकेन की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति के बारे में कहा था कि उसने उचित अनुमति के बिना प्रवेश किया था। उस पर संयुक्त राज्य अमेरिका में दुकानों में चोरी का आरोप भी लगा था। अलबामा से सीनेटर केटी ब्रिट ने कहा है, मुझे गर्व है कि लैकेन रिले अधिनियम पहला ऐतिहासिक विधेयक होगा, जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप हस्ताक्षर करके कानून बनाएंगे। यह इस बात का भी सबूत है कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन वादों को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

अमेरिका में तीन दशक की राजनीति में इसे सबसे महत्वपूर्ण विधेयक माना जा रहा है। इसमें आव्रजन न्यायाधीश को बॉन्ड देने की क्षमता के बिना अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है। इसमें आप्रवासी बच्चों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह विधेयक राज्य के अटॉर्नी जनरल को संघीय आव्रजन नीति और आव्रजन न्यायाधीशों के बॉन्ड निर्णयों को चुनौती देने के लिए व्यापक कानूनी अधिकार प्रदान करता है। साथ ही, प्राधिकारी राज्य सचिव को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वीजा जारी करने से रोकने के लिए भी मजबूर कर सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन साल में विधेयक के अमल पर 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा।

## अमेरिका हर स्थिति में खड़ा है इजरायल के साथ : रुबियो



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की। उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया कि अमेरिका हर स्थिति में उनके साथ खड़ा है। रुबियो ने नेतन्याहू से बंधक संकट पर भी बात की। सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के शुरू होने के बाद रुबियो की इजरायल को की गई पहली कॉल थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्ती डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा और लेबनान में युद्ध के दौरान इजरायल का समर्थन किया था। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि रुबियो ने यह स्पष्ट किया कि इजरायल के लिए अमेरिका का मजबूत समर्थन बनाए रखना ट्रंप की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। विदेश विभाग ने कहा कि रुबियो ने नेतन्याहू से कहा कि वाशिंगटन गाजा में बाकी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार काम करता रहेगा। इजरायली और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष की शुरुआत 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी।

# लॉस एंजिल्स के उत्तर में आग लगने से दहशत



**लॉस एंजिल्स (हि.स.)**

संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का प्रमुख शहर लॉस एंजिल्स आग की विभीषिका से उबर नहीं पा रहा है। लॉस एंजिल्स में कास्टाइक के उत्तर में बुधवार को आग लगने से दहशत फैल गई। यह 10,000 एकड़ से अधिक में फैल गई है। इस वजह से दक्षिणी कैलिफोर्निया में पिछले एक माह में हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। लॉस एंजिल्स टाइम्स के अनुसार, सांता क्लैरिटा के उत्तर में कास्टाइक झील के पास रह रहे लोगों को तत्काल घर छोड़ने को कहा गया है। इस बीच दक्षिणी कैलिफोर्निया में शनिवार से सोमवार तक लगभग आधा इंच तक बारिश होने की उम्मीद जताई गई है। लॉस एंजिल्स शहर और काउंटी के अधिकारियों ने कहा है कि नालियों की सफाई शुरू कर दी गई है जिससे बारिश के पानी का प्रवाह न रुके। कैल फायर के अनुसार, दो सप्ताह पहले पैलिसेड्स में लगी आग 23,400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई। इससे कम से कम 6,662 संरचनाएं नष्ट हो गईं। बुधवार शाम तक आग पर 70 प्रतिशत काबू पा लिया गया। ईटन की लगी आग पर 95 प्रतिशत तक काबू पा लिया गया है। इससे अल्टाडेना और पासाडेना क्षेत्र में 9,418 संरचना नष्ट हुई हैं। अधिकारियों ने पैलिसेड्स में 11 और ईटन में 17 लोगों की मरने की पुष्टि की है।

अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को सूरज ढलते ही कास्टाइक झील के उत्तर और पूर्व की पहाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं। इससे बिजली के लकड़ी के खंभों में आग लग गई। आग की विभीषिका को कम करने के लिए आठ हेलीकॉप्टरों से पानी का छिड़काव किया गया।

## जापान के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस का विशेष संबंध था : हिमंता



**टोक्यो (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिस्वा सरमा ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेताजी की जापान यात्रा और उपनिवेशी शासन के खिलाफ जापान का समर्थन पाने के उनके कठिन प्रयासों को याद किया। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि नेताजी के विचार और भारत के इतिहास में उनके अतुलनीय योगदान से हम गहराई से प्रेरित हैं। डॉ सरमा ने कहा, आज मैंने टोक्यो में भारतीय दूतावास में नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दिन की शुरुआत की। मैंने उनकी जापान यात्राओं और औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ाई में जापान का समर्थन हासिल करने के लिए उनके अथक प्रयासों को याद किया। उन्होंने कहा, हम नेताजी के विचारों और भारत के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान से गहराई से प्रभावित हैं। डॉ सरमा की यह यात्रा नेताजी के विजन और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के प्रति सम्मान को दर्शाती है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने तय की मंत्रियों के खर्च की सीमा

कर्मचारियों की संख्या, वाहनों के उपयोग और अन्य खर्च हैं शामिल

**कोलंबो (आईएएनएस)**

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय ने सरकारी खर्च को कम करने के लिए मंत्रियों और उप-मंत्रियों को नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें उनके कर्मचारियों की संख्या, वाहनों के उपयोग और अन्य खर्चों की सीमा तय की गई है। 21 जनवरी को जारी किए गए निर्देश गुरुवार को मीडिया को जारी किए गए। राष्ट्रपति के सचिव एनएस कुमानायके के अनुसार, मंत्रियों को अधिकतम 15 और उप-मंत्रियों को 12 सहायक कर्मचारियों को रखने की इजाजत दी गई है। इन कर्मचारियों को राज्य



सेवा से भर्ती किया जाना चाहिए, और इनमें परिवार के सदस्य या करीबी रिश्तेदार शामिल नहीं हो सकते।

राष्ट्रपति सचिवालय ने वाहनों के उपयोग, ईंधन और टेलीफोन खर्चों के संबंध में भी निर्देश दिया है। मंत्रियों और उप-मंत्रियों को अधिकतम दो वाहन रखने की इजाजत दी गई है। यदि वे सरकारी वाहनों का उपयोग करते हैं या निजी संस्थाओं से वाहन किराए पर लेते हैं, तो मंत्रालय सचिव को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें।

### प्लाज्मा के काले उत्सर्जन से जुड़ी दुर्लभ घटना के साक्षी बने रूसी वैज्ञानिक


# सूर्य पर देखा गया 'रहस्यमय' काला धब्बा

● सौर खगोल विज्ञान प्रयोगशाला ने अपनी वेबसाइट पर दी जानकारी

**व्लादिवोस्तोक (रूस) (आईएएनएस)**

रूसी वैज्ञानिकों ने सूर्य पर प्लाज्मा के काले उत्सर्जन से जुड़ी एक दुर्लभ घटना की जानकारी दी है। रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की सौर खगोल विज्ञान प्रयोगशाला ने बुधवार को अपनी वेबसाइट पर इसका ऐलान किया। सिन्हुआ में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रूसी प्रयोगशाला ने बताया, आज हमारे स्टार पर एक बहुत ही दुर्लभ, सुंदर और थोड़ी डरावनी घटना घटी। विजिबल (देखे जा सकने वाले) डिस्क के ठीक केंद्र में, एक स्पष्ट काले रंग की गायब होने वाली छवि दिखी।

धीरे-धीरे ये आंशिक रूप से अंतरिक्ष में इजेक्ट हो गई, और आंशिक रूप से कोरोना (सूर्य की सबसे बड़ी पर्त होती है) में फैल गई। वैज्ञानिकों के अनुसार, काला रंग आमतौर पर न्यूट्रल हाइड्रोजन के कारण होता है, जिसमें पीछे



से आने वाली छोटी वेवलेंथ्स के साथ आने वाले विकिरण को लगभग पूरी तरह से अवशोषित करने की क्षमता होती है। इसमें समझाया गया है, विस्फोट ने पूरे कोरोना में न्यूट्रल हाइड्रोजन से भरपूर एक ठंडी प्रॉमिनेंस को छोड़ा और बिखेर दिया। आखिरकार, प्रॉमिनेंस सामग्री पूरी तरह से नष्ट हो गई और गायब हो गई। हालांकि, लगभग तीन घंटे तक, कोरोनल प्लाज्मा बादल दिखाई देता रहा, जो फैलने से पहले मैगनेटिक लाइंस के साथ आगे बढ़ता रहा। खगोलीय भाषा में कहें तो प्लाज्मा आमतौर पर, सितारों की तरह एक तटस्थ-गैस के बादलों का रूप ले लेता है। गैस की तरह प्लाज्मा का कोई निश्चित आकार नहीं होता, जब तक इसे किसी पात्र में बंद न कर दिया जाए। गैस के विपरीत किसी चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव में यह एक फिलामेंट, पुंज या दोहरी परत जैसे स्ट्रक्चर बना देता है।